






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 । अंकः 153

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार । 15 मार्च, 2024


# सीएम योगी ने अंबेडकरनगर को दी 21 अरब की सौगातें

## मुख्यमंत्री योगी बोले, पिछली सरकारों के नेताओं की आजीविका का माध्यम थे माफिया, हमने उनका उपचार किया

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर जिले में 21 अरब 21 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनता के कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार से नए भारत का निर्माण हो रहा है। 140 करोड़ जनता का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर रखते हुए कहा कि सपा दलित विरोधी है। सपा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम को संस्थाओं से हटाने का काम कर रही है जबकि सरकार ने उन्हें सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कन्नौज मेडिकल कालेज का जिक्र किया। पहले समाजवादी पार्टी ने गेस्ट हाउस कांड करवाया और अब फिर दलित महापुरुषों का अपमान कर रही है।



### दलित विरोधी है सपा, इसने गेस्ट हाउस कांड कराया

सीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा के लोग करा पाते। सपा के लोग आपके जनपद का नाम भी मिटा देना चाहते थे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम हटा दिया, लेकिन हमने जोड़ दिया। हमने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान शिल्पी थे। उनके नाम पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सपा दलित विरोधी है, उन्होंने भले ही नाम मिटाया, लेकिन हम फिर से नामकरण करेंगे। यह वही सपा है, जिसने गेस्ट हाउस कांड कराया और दलित महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को हटाने का आह्वान किया था, लेकिन डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के नाम पर पंच तीर्थ का निर्माण करती है। डबल इंजन सरकार ने 4 करोड़ देशवासियों को आवास दिया, पहले गरीब और भक्त को आवास दिया गया, फिर भगवान के मंदिर का भी निर्माण किया गया।

### चाचा और भतीजे में लगी है जंग

सीएम ने कहा कि अभी यहां पर किसी को मकान, टैबलेट, नियुक्ति पत्र समेत अन्य विकास योजनाओं का लाभ दिया। यदि डबल इंजन सरकार नहीं होती तो यूपी में 56 लाख गरीबों को मकान नहीं मिल पाता। सपा और कांग्रेस के लोग नहीं दे पाते, वहां चाचा और भतीजे में जंग लगी है। नियुक्ति आते ही परिवार वसूली में मस्त हो जाता था। पहले लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, लेकिन आज हर जरूरतमंद को बिना भेदभाव गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।



### सीएम योगी टीचर बने, छात्र का नाम पूछा, सवाल किए

सीएम योगी ने गुरुवार को अंबेडकरनगर, अयोध्या और गोंडा में रैलियां कीं। अंबेडकरनगर में सीएम टीचर की भूमिका में नजर आए। सीएम ने पहले छात्र का नाम पूछा। इसके बाद उससे पढ़ाई के बारे में पूछताछ की। इसके साथ ही कोर्स से जुड़े सवाल भी किए। इसके अलावा सीएम ने एक बच्चे को खीर खिलाकर अन्नप्रासन कराया। जनसभास्थल पर जय सिंह कटेरी के प्राथमिक स्कूल की तरफ से स्मार्ट क्लास का स्टॉल लगाया गया था। यहां सीएम ने छात्र से उसका नाम पूछा। जवाब में छात्र ने अपना नाम नितेश बताया। कहा कि मैं क्लास-5 में पढ़ता हूं। इसके बाद सीएम ने उससे पढ़ाई के बारे में पूछताछ की। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के स्टॉल पर एक बच्चे को सीएम ने अन्नप्रासन भी कराया।

▸ संबंधित खबर पेज 09 पर

### अंबेडकरनगर में एक साथ 10 हजार लोगों को नौकरी व रोजगार

सीएम ने कहा कि अंबेडकरनगर के दो उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए प्रमाण पत्र जारी किए। अंबेडकरनगर को छह हजार करोड़ से अधिक निवेश के प्रस्ताव मिले। इसका मतलब 10 हजार लोगों को यहां ही प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी व रोजगार प्राप्त होगा। विकास का जितना कार्य हुआ है, पहले कभी नहीं हुआ था। दस वर्ष में केंद्र व सात वर्ष से प्रदेश में आपने भाजपा सरकार बनाई, दोनों सरकार मिलकर कार्य कर रही है तो निवेश भी आ रहा, विकास भी हो रहा, रोजगार भी मिल रहा, गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विकास की रफ्तार को सरपट कई गुना बढ़ाने का कार्य हो रहा है।

### विकसित यूपी के लिए विकसित अंबेडकर नगर आवश्यक

सीएम ने कहा कि अंबेडकरनगर हमारा पड़ोसी जनपद है। गोरखपुर व अंबेडकरनगर का बॉर्डर मिलता है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे अंबेडकरनगर से होकर जा रहा है। विकसित भारत के लिए विकसित यूपी और विकसित यूपी के लिए विकसित अंबेडकरनगर आवश्यक है, विकसित अंबेडकरनगर के लिए डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। मां लक्ष्मी हमेशा कमल के फूल पर आती हैं। मोदी सरकार के लिए मां लक्ष्मी का आशीर्वाद आवश्यक है। सीएम ने बताया कि अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का भी शिलान्यास किया है। इससे यहां की बेटियों को बीएससी, एमएससी नर्सिंग समेत आगे की पढ़ाई की सुविधा प्राप्त होगी।



सीएम योगी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र, बोले

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बर्बाद कर देंगे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक मामले पर कहा कि जिन लोगों ने भी परीक्षा की शुचिता में सेंध लगाई है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। वो कहीं भी हों हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों का भविष्य बर्बाद कर देंगे। ऐसे लोगों पर छापे मारे जा रहे हैं। प्रॉपर्टी सील हो रही है। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लोक सेवा आयोग के अंतर्गत चयनित 39 एसडीएम, 41 पुलिस अधीक्षकों और 16 कोषाधिकारियों व लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ईमानदारी से काम करती है तो परसेप्शन बदलता है। पहले भी लोग वही थे लेकिन मशीनरी को संदेह के दायरे में रखा गया था। आज मशीनरी वही है, लोग वही हैं, बस काम का तरीका बदला है। उन्होंने युवा अफसरों से कहा कि आपके पास जनता की दुआ लेने और बद्दुआ लेने का मौका होता है। ये आपको तय करना है की 35 साल क्या लेना है। बद्दुआ लेने वालों की बड़ी दुर्गति होती है। उन्हें कोई पूछता नहीं है। सचिवालय में भटकते मिलते हैं। जो बोया है वही काटा जाता है।

### सिर्फ आठ महीने नौ दिन में पूरी हो गई भर्ती

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है। यह प्रदेश की नई तस्वीर है। मात्र आठ महीने नौ दिन में पीसीएस की परीक्षा पूरी हो गई जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। ये पहले यूपी में सोचा भी नहीं जा सकता था। पहले दो से तीन साल लग जाते थे। परीक्षा में एक तिहाई सफलता बेटियों को मिली है। यह नियुक्ति पत्र वितरण का 28वां समारोह है। अब तक 65 हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि अब आप की जिम्मेदारी है। विकसित यूपी को आगे बढ़ाने में अब आप का योगदान जरूरी है आपके माता-पिता को नमन।

# विधान परिषद में 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी विधान परिषद की 13 सीटों पर हुए चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने बृहस्पतिवार को दोपहर 3 बजे नामांकन वापसी का अंतिम समय समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। विधान परिषद में भाजपा के डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और रामतीरथ सिंघल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। अपना दल एस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, रालोद के योगेश चौधरी और सुभासपा के बिच्छेलाल रामजी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। डॉ. महेंद्र सिंह तीसरी बार, पाठक, कटारिया और आशीष दूसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सपा से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, बलराम यादव और किरनपाल कश्यप निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी दुबे ने नव निर्वाचित सदस्यों को उनके प्रमाण पत्र सौंपे। नवनिर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 6 मई से प्रभावी होगा और 5 मई 30 तक रहेगा।

### कांग्रेस के बाद बसपा की संख्या भी शून्य

विधान परिषद में अब कांग्रेस के बाद अब बसपा की सदस्य संख्या भी शून्य हो जाएगी। बसपा के एक मात्र सदस्य डॉ. भीमराव आंबेडकर का कार्यकाल 5 मई को समाप्त हो जाएगा।

### भाजपा के सदस्य घटे, सपा के बढ़े

विधान परिषद में 6 मई भाजपा के सदस्यों की संख्या घटकर 82 से 79 हो जाएगी। सपा की सदस्य संख्या 8 से बढ़कर 10 हो जाएगी। वहीं परिषद में रालोद, सुभासपा का खाता खुल जाएगा। अपना दल एस की संख्या एक ही रहेगी।

### परिषद में एक सदस्य रिक्त

विधान परिषद में अभी सदस्यों के दो पद रिक्त है। सपा के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद एक पद रिक्त हो गया है।

# ज्ञानेश और सुखबीर चुनाव आयुक्त बने, नोटिफिकेशन जारी





**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व आईएएसअफसर ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त होंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार शाम को नोटिफिकेशन जारी कर दिया। गुरुवार सुबह इनकी नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल ने बैठक की थी। इसके बाद नेता विपक्ष अधीर रंजन ने मीडिया को बताया था कि ज्ञानेश और सुखबीर के नाम पर मुहर लगी है। इनके नामों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी भी मिल गई है। सुखबीर उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और एनएचएआई के चेयरमैन रह चुके हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर हैं। वे गृह मंत्रालय में रह चुके हैं। धारा 370 पर फैसले के वक्त गृह मंत्रालय में पोस्टेड थे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव पद से रिटायर हुए हैं। अधीर रंजन ने नियुक्ति प्रक्रिया पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मीटिंग शुरू होने के 10 मिनट पहले 6 नाम मेरे पास आए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का किया शिलान्यास




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में दो नए मेट्रो कॉरिडोर का शिलान्यास किया। दिल्ली में बनने वाले दोनों कॉरिडोर में से एक कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक तक और दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक होगा। इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बता दें कि कल यानी बुधवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में दो नए मेट्रो कॉरिडोर को मंजूर दी है। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक के बीच पहला कॉरिडोर होगा, जिसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। दिल्ली मेट्रो के फेज चार के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी मिलने से दिल्लीवासियों के लिए आवाजाही और सुगम हो जाएगी। दोनों कॉरिडोर को मंजूरी मिलने का कई वर्षों से लोगों इंतजार था।

### इंटरचेंज स्टेशनों के अधिक विकल्प मिलेंगे

इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर ग्रीन लाइन का विस्तार है। ग्रीन लाइन के एक्सटेंशन के साथ ही इस रूट पर रेड, येलो, एयरपोर्ट लाइन, मैजेंटा, वॉयलेट और ब्लू लाइनों के साथ इंटरचेंज की सुविधा होगी। इस रूट के विस्तार के साथ ही यात्रियों को इंटरचेंज स्टेशनों के और भी अधिक विकल्प मिल जाएंगे। इस कॉरिडोर में 11.349 किमी अंडरग्राउंड लाइन होगी और 1.028 किमी एलिवेटेड लाइन होगी, जिसमें 10 स्टेशन शामिल हैं। यह लाइन हरियाणा के बहादुरगढ़ क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** अवैध संपत्तियों की जांच करने के लिए ईडी ने एक साथ अमेठी, लखनऊ और मुंबई में प्रजापति के ठिकानों पर रेड डाली

# गायत्री प्रजापति की अवैध संपत्ति की जड़ें खोदने पहुंची ईडी

- आरोप है कि मंत्री रहते हुए प्रजापति ने यूपी में अवैध खनन व अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के जरिए करोड़ों के बारे न्यारे किए और देशभर में तमाम बेनामी संपत्ति खड़ी कीं
- खबर लिखे जाने तक अमेठी के अलावा लखनऊ और मुंबई के 17 ठिकानों पर भी रेड जारी थी
- अमेठी में जिस समय ईडी ने रेड की गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और छोटा बेटा अनुराग प्रजापति भी घर के अंदर मौजूद थे

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रजापति के देश भर में ठिकानों पर ईडी ने ताबड़तोड़ छापे मारे। आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने यूपी में अवैध खनन व अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के जरिए करोड़ों के बारे न्यारे किए और देशभर में तमाम बेनामी संपत्ति खड़ी कीं। ऐसी संपत्तियों की जांच करने के लिए ईडी ने एक साथ अमेठी, लखनऊ और मुंबई में प्रजापति के ठिकानों पर रेड डाली। खबर लिखे जाने तक अमेठी के अलावा लखनऊ और मुंबई के 17 ठिकानों पर भी रेड जारी थी। अमेठी के आवास विकास कालोनी और गंगागंज मोहल्ले में ईडी की छापेमारी चल रही थी। जिस समय ईडी ने रेड की गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और छोटा बेटा अनुराग प्रजापति भी घर के अंदर मौजूद रहे। इसके अलावा गायत्री प्रजापति की महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी ने छापा मारा है।

### मोहनलालगंज में 10 बीघा जमीन और मुंबई में 6 फ्लैट पहले ही अटैच कर चुकी ईडी

ईडी इससे पहले ही लखनऊ की मोहनलालगंज में 10 बीघा जमीन जो उनके नौकर के नाम पर थी अटैच कर चुकी है। साथ ही मुंबई के छह फ्लैट भी ईडी अटैच कर चुकी है। ऐसे में गुरुवार की कार्रवाई से ईडी और ज्यादा जानकारी मुहैया करना चाह रही है।



### लखनऊ वाले घर पर सुबह 6 बजे पहुंची टीम

राजधानी लखनऊ स्थित गायत्री प्रजापति के आवास पर भी ईडी की टीम ने सुबह 6 बजे से छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। हालांकि जिस मकान में ईडी छापेमारी की कार्रवाई कर रही है, उस मकान में गायत्री प्रजापति के परिवार का कोई सदस्य पिछले कई सालों से नहीं रहता। इस मकान को ईडी ने पहले ही अपने पास अटैच कर रखा है। ऐसे में गुरुवार सुबह ईडी की टीम इस मकान पर सुबह 6 बजे पहुंची और गायत्री प्रजापति से जुड़े हुए कनेक्शन की जांच कर रही है।

### अवैध संपत्ति की फेहरिस्त जांचना है लक्ष्य

देश भर के कई शहरों में गायत्री प्रजापति की अवैध फैली हुई संपत्तियों की जांच के लिए गुरुवार ईडी छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। माना जा रहा है कि अमेठी में मौजूद उनके आवास पर मुख्य छापेमारी चल रही है, जहां पर उनका परिवार मौजूद है।

### अखिलेश यादव पर है सीबीआई का शिकंजा, बढ़ सकती मुश्किल

सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी मुख्यमंत्री रहते हुए अवैध खनन घोटाले में सीबीआई जांच की घेरे में हैं। पिछले दिनों सीबीआई ने उनको नोटिस भेज कर बयान दर्ज करने को कहा था। माना जा रहा है कि गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर अखिलेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रजापति के घर और ठिकानों पर छापेमारी के बाद अखिलेश यादव की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। अगर ईडी को गायत्री प्रजापति और अखिलेश यादव के बीच अवैध वित्तीय लेनदेन या संपत्ति से संबंधित कोई कनेक्शन मिलता है तो गायत्री प्रजापति के साथ अखिलेश यादव पर शिकंजा और तेजी से कसेगा।

# अधिकारी बेखबर, नहीं थम रहा है अवैध खनन, माफियाओं के हौसले बुलंद

जन एक्सप्रेस । राजापुर । चित्रकूट




जहाँ एक ओर राज्य सरकार द्वारा खनिज परिवहन पर कड़े निर्देश जारी किए हैं वहीं तिरहार क्षेत्र के चांदी बालू घाट जो शासन द्वारा 6 माह के लिए पट्टा दिया गया हैं वह ठेकेदार अपने स्वीकृत पट्टे को छोड़ कर दुबे के पुरवा व चिल्लीमल के रकबे में खनन कर रहा है और चिल्लीमल के ग्रामीणों के द्वारा खनन का आरोप लगाया जा रहा हैं और पर्यावरण विभाग के द्वारा दी गई एनओसी व एनजीटी के नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं अपने स्वीकृत पट्टे को 3 महीने के बाद खनन करना चाहता हैं और ठेकेदार के गुर्गों के द्वारा ग्रामीणों में दहशत पैदा कर शिकायत न करने की बराबर धमकी मिल रही हैं भय बस ग्रामीण शिकायत करने की जुर्रत नही जुड़ा पा रहे है एक ठेकेदार के साथ लगभग 1 दर्जन असलहाधारी ग्रामीणों में भय व्याप्त करने के लिए रखे गए है ठेकेदार की मनमानी के कारण राज्य सरकार के निर्देशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं तथा यमुना की जलधारा को परिवर्तित करने के लिए ठेकेदार के द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं जबकि खनन क्षेत्र में 20 से 25 फुट गहरे गहरे गड्ढे बना देने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं और पूर्व में एक बालू घाट में घटना घट चुकी हैं वही ओवरलोड के चलते सड़कें ध्वस्त हो गई हैं जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उधर बालू घाट के ठेकेदार द्वारा खुले आम ओवरलोडिंग एवं बिना पंजीकृत वाहनों को बालू का परिवहन कराया जा रहा हैं जबकि राज्य सरकार के खनिज विभाग द्वारा राजाज्ञा जारी की गई थी कि ऑनलाइन पंजीकृत वाहनों को ही बालू खदान से लोडिंग कराई जाए लेकिन घाट प्रबंधक द्वारा सरकार के आदेशों का धज्जियां उड़ाई जा रही है जबकि सरकार द्वारा महात्मा गाँधी रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत मजदूर को सौ दिन का काम देने के स्पष्ट निर्देश हैं। वही प्रबंधक के द्वारा गरीब मजदूरों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र के नवयुवक एवं गरीब व्यक्तियों का पलायन हो रहा है, यदि इन गरीबों को काम मिले तो पलायन में अंकुश लग सकता है।

वहीं किसानों का कहना है कि ध्वस्त सड़को की डस्ट फसलों में उड़कर जाती है जिससे रबी की फसल पूरी तरह से नष्ट हो रही है तथा चांदी घाट में लगे धर्मकांटा मात्र शोपीस हैं किसी भी गाड़ी को तौल की पर्ची नहीं दी जाती और रवन्ने में गाड़ी नम्बर भी नहीं दर्शाया जाता है और अधिकतर ट्रक वाहन बिना नम्बर प्लेट के सड़कों में ओवरलोड बालू लेकर फर्राटे से अधिकारियों के नाक के नीचे से निकल रहे हैं।

घाट प्रबंधक की भयंकर लापरवाही से ट्रकों में अंधाधुंध बालू लोड कराई जाती है जिससे तिरहार क्षेत्र की पक्की सड़कों के नामो निशान मिट गए हैं और जगह जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील नजर आ रही है और किसानों के द्वारा बराबर न्याय की गुहार लगाई जा रही हैं लेकिन कोई सुनवाई न होने के कारण सड़के ध्वस्त हो चुकी हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

## नशे में युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नशे की हालत में युवक ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही ष्घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्योड़ी बाबा निवासी रामगुलाम (37) पुत्र राजा भइया ने बुधवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो पुत्र गोविंदा ने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नही मिला। छप्पर तोड़कर पुत्र कमरे के अंदर पहुंचा देखा तो रामगुलाम फंदे पर लटक रहा था। सांस चलने की आशंका पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक भाई लखन ने बताया कि वह ई रिक्शा में बालू ढोने का काम करता था। वह पांच भाईयो में दूसरे नबर का था।

# परमार्थ न्यास चिकित्सा धाम सेवा की बनेगा मिसाल: रामस्वरूपाचार्य

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मेजर रामकुमार शर्मा स्मृति परमार्थ न्यास मुरैना की नई शाखा का पवित्र तीर्थ स्थल चित्रकूट धाम में तृतीय मुखारबिंद के सामने लोकपर्ण हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और वहां के कर्मचारियों सहित साधु संत और सेवक गण उपस्थित रहे।

मदन गोपाल ने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में परिक्रमा मार्ग में ऐसी कोइ संस्था नही थी न ही कोई शासकीय ऐसी सेवा उपलब्ध थी। जहाँ दीन हीन स्वरूप में निशुल्क मरीजों का उपचार किया जा सके।

जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ही यह कार्य हो रहा है। जहाँ लोगों को परिक्रमा मार्ग में निशुल्क उपचार उपलब्ध होगा, जो अभी तक नही था। देशभर से और विदेशों से भक्त, संत यहाँ कामतानाथ की परिक्रमा को आते हैं, उन्हे उपचार भी मिले और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, दीन हीन स्वरूप में भगवान की चिकित्सा भी हो यह कार्य पूजा से भी श्रेष्ठ है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि इस सेवा में सदैव जुडे रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्थान को जितनी भी शासकीय मदद होगी उपलब्ध कराई जाएगी। अमावस्या सहित अन्य मेलों में यहाँ चिकित्सकों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सदस्य पिछड़ा वर्ग ने कहा कि इस स्थान पर जनऔषिधि केन्द्र खुलने से गरीबों को दवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा एक मिसाल बनेगी। जहाँ भक्ति एवं सेवा परोपकार की त्रिवेणी धारा बहेगी जिसका लाभ जनमानस को मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सदैव इस सेवा में साथ रह कर सहयोग करेंगे। पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश सरकार चैधरी राकेश सिंह ने कहा यह स्थान उनके लिए सदैव आस्था का केन्द्र रहेगा। वह सदैव सेवक बनकर सेवा प्रकल्पों में सहभागिता करेंगे।

परमार्थ न्यास के डॉ संजय शर्मा ने कहा कि चित्रकूट भूमि भगवान की 12 वर्ष की उपस्थिति का प्रमाण है और इसको उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का सयुक्त रूप बनाया है। उन्होंने कहा कि यहाँ आने वाले संतों को और मरीजों को भगवान सीताराम के स्वरूप में आदर, भक्ति भाव और सेवा दी जाएगी। इसमे पवित्रता और सरलता के साथ उन्हे उपचार एवं अन्य सेवाए भी दी जाएंगी। पूर्व रिजनल हेल्थ डाइरेक्टर ग्वालियर के डॉ ऐ.के. दीक्षित ने अल्ट्रासाउंड मशीन प्रदान की जो जल्द ही यहां पर लग जाएंगी। जबलपुर के डॉ संजय चट्टानी ने डेंटल चेयर एवं ऐक्सरे मशीन दान की। साथ ही डॉ प्रमोद श्रीवास्तव भोपाल, डॉ एस.के. गुप्ता, डॉ बी.एल. राजपूत मुरेना, डॉ देवी शंकर शर्मा गुना, डॉ राजेंद्र शर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ, अनिता, सुचिता, रीता, जगदीश आनंद, संजय पाठक ग्वालियर का सम्मान किया गया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के जरिए बढाएंगे मतदान का प्रतिशत: सीडीओ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर ने गुरूवार को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में बीएलओ एवं नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में 55 फीसदी से कम मतदान वाले दोनों विधानसभाओं के 115 बूथों को चिन्हित कर प्रत्येक 10 बूथ पर एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो प्रत्येक बूथ के बीएलओ, उस क्षेत्र या गांव की आंगनबाड़ी, आशा, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी आदि अन्य के साथ मिलकर एक बूथ पर प्रत्येक दिन डोर टू डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें लोगों को मत के महत्व की जानकारी प्रदान करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 70 फीसदी से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होते ही यह जागरूकता कार्यक्रम 2 से 3 बार डोर टू डोर आयोजित किया जाएगा। सभी बीएलओ अपने बूथों की संपूर्ण जानकारी अपने पास रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि वोटिंग कम होने का कारण भी जानने का प्रयास करें। साथ ही कहा कि अभी भी जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत होने से रह गया हो उन्हें पंजीकृत कराएं। यदि कोई मृत या शिफ्ट हो गया हो तो उनके नाम मतदाता सूची से नाम हटवाने का काम सभी बीएलओ करें। जिससे लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके।

# डीएम व एसपी ने राजनीतिक दलों के साथ की आदर्श आचार संहिता सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरूवार को राजनैतिक दलों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए एवं वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण एवं आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आज आप लोगों के साथ यह बैठक इसलिए की जा रही है कि कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। चुनाव के दौरान अगर कोई समस्या या सुझाव हो तो उन्हें तथा पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी को बताएंगे, तत्काल उसमें अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों, बूथ की सूची एवं प्रशिक्षण का स्थान, पार्टियों के रवाना स्थल, मतगणना स्थल आदि की जानकारी के लिए आप लोगों को सूची दी गई है। सभी मिलकर चुनाव को निर्भीक निष्पक्ष संपन्न कराएंगे। सोशल मीडिया आदि में गलत खबर नहीं फैलाना है, उसमें सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता आवश्यक करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व मतदान के लिए कौन सी ईवीएम मशीन दी जाएगी, इसके नंबरों की भी सूची आप लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। सभी पार्टियों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन प्रत्येक दशा में किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन अगर कोई पार्टी पदाधिकारी दल या प्रत्याशी द्वारा किया जाएगा तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो दिशा निर्देश चुनाव संपन्न कराने के लिए दिए जाएंगे, उसकी जानकारी आप लोगों की दी जाएगी और उसका अनुपालन भी कराया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। चुनाव आचार संहिता जब से लागू की जाएगी, तत्काल पुलिस सक्रीय होकर चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में सबकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का किसी भी दशा में उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। आप लोगों को जो गाइडलाइन की प्रति दी गई है, उसमें जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुपालन दिया गया है उसको अच्छी तरह से अध्ययन करके अपने पार्टी पदाधिकारीयों से पालन सुनिश्चित कराएं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र ने कहा कि चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टियां चित्रकूट इण्टर कॉलिज से दोनों विधानसभा की रवाना होंगी। साथ ही मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण भी चित्रकूट इण्टर कॉलिज में दिया जाएगा। मतदान समाप्ति के बाद स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल रामायण मेला परिसर सीतापुर में बनाया गया है। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित सभी पार्टी पदाधिकारीयों ने ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चन्द्र, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अपना दल यश के जिलाध्यक्ष राम सिया सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष शिव बाबू, कौंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, भाजपा के अखिलेश रैकवार आदि मौजूद रहे।

# आमने–सामने भिड़त से डंपर में लगी आग, दो जिंदा जले

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में भोर पहर दो डंपरों की जोरदार भिड़ंत हो गई और देखते ही देखते दोनों आग के गोले में तब्दील हो गए। घटना बांदा बहराइच मार्च के ललौली थाना क्षेत्र के खटौली के पास की है। जानकारी के मुताबिक देर विपरीत दिशा से आने वाले डंपर आपस में भिड़ गए और डीजल टैंक फटने से अचानक आग गयी। बताया जा रहा है कि एक डंपर के चालक और क्लीनर उसी आग में जिंदा जल गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कर्रवायी में जुट गयी है।

फतेहपुर के ललौली क्षेत्र के खटौली के पास बांदा की ओर से गिट्टी लेकर फतेहपुर की तरफ आ रहे डंपर की बांदा की ओर जा रहे खाली डंपर से आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोरदार थी की डीजल टैंक फट गया और दोनों डंपरों में आग लग गयी। आग इतनी भयंकर थी कि डंपर आग का गोला बन गए और धू-धू कर जलने लगे. जानकारी के मुताबिक आग लगते देख बांदा की तरफ जा रहे डंपर के चालक और क्लीनर भाग निकले लेकिन गिट्टी लेकर फतेहपुर आ रहे डंपर के चालक और क्लीनर उसी आग में फस गए और दोनों की उसी में जलकर मौत हो गयी। आग लगने से उसके आस पास बने मकान भी उसकी जद में आ गए. बताया जा रहा है कि घरों में मौजूद काफी सामान जलकर खाक हो गया।

ग्रामीणों ने बताया की आग लगने से आस पास के लोग अपने अपने घरों को छोड़ बाहर निकल आए और पुलिस फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया। जानकारों की माने तो जबतक आग पर काबू पाया गया तब तक डंपर में मौजूद चालक और क्लीनर की मौत हो चुकी थी पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. ललौली थाना प्रभारी तारकेश्वर राय कहते हैं कि आपस में भिड़ंत से डीजल टैंक फट जाने से आग लगी है. जिस डंपर के चालक और क्लीनर की मौत हुई है उसकी कंपनी मालिकों से संपर्क किया गया है. उन्होंने कहा कि अभी तक ये जानकारी नहीं हो पाई है कि डंपर के अंदर मरने वाले चालक और क्लीनर कौन थे और कहां के रहने वाले थे. शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है और मामले को देखते हुए आगे की कर्रवाई की जा रही है।

## कन्हैया ने जीता गोल्ड मेडल जनपद का नाम हुआ रोशन




**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के धाता नगर पंचायत कस्बा के कन्हैया लाल (22) वर्ष ने बीते दिन सुल्तानपुर पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन चैम्पियनशिप में 190 किलो का भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिस्टर पूर्वांचल बने कन्हैया लाल का स्वयं का वजन करीब 66 किलो है। ऐसे स्थिति में 190 किलो भार उठा कर अपने क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। कन्हैया लाल ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता और अपने ट्रेनर गुरु विमल को दिया उन्होंने कहा कि इस सफलता में दोस्तों को बहुत बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मेरा सपोर्ट और मनोबल बढ़ाया। पावर लिफ्टिंग एक ताकत वाला खेल है, जिसमे तीन लिफ्टों पर अधिकतम वजन उठाने के तीन प्रयास होते है। स्क्वाट, बेंच फेस और डेडलिफ्ट जैसा कि ओलंपिक भारोत्तालन के खेल में होता है। इसमें एथलीट को वेट प्लेटों से भरी हुई बारबेल के अधिकतम वजन को एकल लिफ्ट करने का प्रयास करना शामिल होता है। जैसे ही ये खबर धाता कस्बावासियों को मिली आस-पास के लोगों का उनके घर पहुंच कर उनके माता-पिता को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

# देहदान सबसे पुण्य का काम: साध्वी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के पिता अमर देहदानी देवेंद्र प्रसाद गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक का निधन 24 फरवरी को हो गया था जिनका पार्थिव शरीर कन्नौज मेडिकल कालेज को परिवार के लोगों ने समर्पित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति शोक संतृप्त परिवार से मिलने उनके आवास चैक पहुंची और परिवार के लोगों को ढांढस बंधाते हुए पिताजी और विनोद की पत्नी ममता गुप्ता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

साध्वी ने उनके इस ऐतिहासिक कदम को बहुत ही सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह परिवार बहुत ही स्वागत योग्य है। जिस परिवार के तीन सदस्यों का देहदान मेडिकल कालेज को हुआ है। इसके पूर्व सन 2007 में इनकी माता तपेश्वरी देवी एवं बहन ऊषा गुप्ता का पार्थिव शरीर मेडिकल कालेज को समर्पित किया गया था। उन्होंने कहा कि समाज में जो रूढवादिता है उसको दूर करते हुए देहदान के लिये अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे चिकित्सकों को शोध में सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महर्षि दधिची ने अपने शरीर की हड्डियों को गांडीय धनुष के लिये समर्पित कर दिया था इसी प्रकार विनोद के परिवार ने अपने परिवारीजनों के पार्थिव शरीर मेडिकल कालेज को शोध के लिये सौंप कर बहुत बडा त्याग किया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, दिनेश खलीफा, राम प्रकाश गुप्ता, अरूण जायसवाल एडवोकेट, शैलेंद्र शरन सिंपल, संजय मोदनवाल, रज्जन गुप्ता, नैंसी गुप्ता, गीता गुप्ता, मधु गुप्ता, शशि गुप्ता, सानवी गुप्ता, आशीष गुप्ता, गुडडू मोदनवाल, अमित गुप्ता, सुशील गुप्ता, राधेश्याम हयारण, संजय गुप्ता, विनोद मोदनवाल, संजय रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## विभागीय सांठ गाँठ से चल रहे मोबाइल टावर वह अन्य कल कारखानों किसानों को नहीं मिल रही बिजली

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** कनपुरवा विद्युत उपकेन्द्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। ट्रांसफार्मर में तेल की कमी के कारण केन्द्र से जुड़े 50 गांवों में सिर्फ तीन घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे उपभोक्ताओं में जबरदस्त रोष है। इस उपकेन्द्र में स्थित अनेक चरखी व टावरों में अवैध रूप से बिजली उपभोग की खबरें भी हैं। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे बिजली देने का ऐलान करती है वहीं कनपुरवा पावर हाउस में यह दावा फेल होता नजर आ रहा है। इस उपकेन्द्र में ट्रांसफार्मरों व उपकरणों के रख-रखाव का आलम यह है कि गर्मी आ गयी लेकिन ट्रांसफार्मर में तेल के स्तर को नहीं देखा गया। जिसका नतीजा यह है कि ट्रांसफार्मर में तेल की कमी के कारण आधा सैकड़ा गांवों की बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित है। कनपुरवा पावर हाउस के दो फीडर ऐराना व विश्व बैंक में यह समस्या सामने आयी है। जिससे रक्षापालपुर हरदासपुर, पचमई, अलादासपुर, अंजना कबीर, गेरिया आदि आधा सैकड़ा गांव अधिकतर समय अंधेरे में हैं।

# निरीक्षण पर शिक्षा गुणवत्ता में पाई गई कमी, डीएम ने अध्यापकों के स्पष्टीकरण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । बांदा



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरूवार को विकासखण्ड बडोखर खुर्द के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय परमपुरवा एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परमपुरवा तथा आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय परमपुरवा का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में कक्षा-6 के बच्चों से हिन्दी भाषा व कक्षा-8 के बच्चों से विज्ञान तथा पर्यावरण के सम्बन्ध में प्रश्न कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं छात्र/छात्राओं के उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 56 बच्चे पंजीकृत पाये गये तथा सभी तीन अध्यापक उपस्थित मिले। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर प्रधानाध्यापक सहित अध्यापकों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश बेसिक शिक्षाधिकारी को दिये। निरीक्षण में मिड-डे-मील के अन्तर्गत मध्यान भोजन का वितरण किया जाना पाया गया। उन्होंने विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था को चेक करते हुए ग्राम प्रधान को बोरिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये तथा विद्यालय में सफाई व्यवस्था को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये।

प्राथमिक विद्यालय परमपुरवा में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को चार अध्यापक उपस्थित मिले। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिये कि विद्यालय में पंजीकरण के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थित सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को तीन दिन में ठीक कराये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 76 बच्चे पंजीकृत पाये गये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु कमजोर बच्चों को विशेष रूप से ध्यान दिये जाने एवं रिवीजन अवश्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए छोटे बच्चों को पोषाहार वितरण के साथ ही प्राथमिक शिक्षा दिलाये जाने के निर्देश आंगनबाडी कार्यकत्री को दिये। इसके उपरान्त उन्होंने अटल भूजल योजना के अन्तर्गत ग्राम मटौंध के मजरा मनका में निर्माण किये जा रहे तालाब के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के आउटलेट व इनलेट के कार्य तथा तालाब के किनारे के मार्ग का निरीक्षण करते हुए मार्ग का समतलीकरण कराये जाने तथा अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं ग्राम प्रधान सहित अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बांदा में सिंचाई कर रहे किसान की निर्मम हत्या

जन एक्सप्रेस । बांदा



मरका थाना क्षेत्र के बाकल हार मे अपने खेतो की सिंचाई करते समय एक 60 वर्षीय वृद्ध किसान को कुल्हाडी से सिर मे हमला कर मौत के घाट उतार दिया जिसकी घटना स्थल पर मौत हो गयी। परिजनो की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। मरका थाना क्षेत्र पिडारन गांव निवासी प्रेमचन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र हरी सिंह उम्र 60 वर्ष जो रात 8 बजे अपने घर से तीन किलोमीटर दूर अपने खेतों मे बाकल हार मे सिचाई करते समय खेतो मे कुल्हाड़ी व लाठी डंडों और फावड़े के बेट से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जब परिजन सुबह 9 बजे आये और देखा तो झोपडी पर दिखाई नही दिया और जहां अपने खेतों की रखवाली व पानी लगाते था वहां जाकर देखा तो पडा मिला। गांव में हडकम्प मच गया और घटना स्थल पर भीड इकट्ठा हो गई। परिजनो ने पुलिस को सूचना दिया आनन फानन में मरका थाना प्रभारी रमेश कुमार व सीओ राजवीर सिंह घटना स्थल पहुंच कर घटना स्थल को देखा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम और डाग स्क्वाड टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मरका पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक किसान के 20 बीघे खेती है जिसके तीन बेटे है। मरका थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात पर मामला पंजीकृत कर लिया है जांच की जा रही है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## ग्लूकोमा जागरूकता रैली का आयोजन




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आँखों की बीमारी काला मोतिया यानि ग्लूकोमा तेजी से फैल रही है। अभी तक मह बीमारी उम्रदराज लोगों को शिकार बनाती थी किन्तु इधर कुछ वर्षों से यह बीमारी कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिलती है। कल ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर एक जागकता रैली का आयोजन किया गया विश्व ग्लूकोमा दिवस 14 मार्च के दिन मेडिकल कालेज से एक रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ.संजय काला के निर्देशन में किया गया। रैली का समापन मोतीझील में किया गया। इस अवसर पर आई एम ए की अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि ग्लूकोमा अंधता का का मुख्य कारण है। इससे बचाव के लिए नियमित जाँच कराना अनिवार्य है। डॉ.सोनी आदमी के अनुसार आंखों की नशों व प्रेशर की जाँच आसानी से संभव है। एल एल आर अस्पताल के नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि जनमानस लिए राष्ट्रीय ग्लुकोमा सोसाइटी आई एम ए के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

डॉ.कुणाल सहाय ने बताया कि बीपी शुगर वा थायरायड की वजह से स्टेरायाड लेने के कारण ग्लूकोमा की समस्या पैदा होती है।इस रैली को डॉ.सोनिया दमेले, पारुल सिंह, रुचिका अग्रवाल, नम्रता पटेल, सुरभि अग्रवाल, स्नेहा रंजन, कंचन किरण सहित सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

# अग्निकांड मामले में अब 19 मार्च को होगा फैसला





### ई डी विधायक और उसके सहयोगियों पर दर्ज करवा सकती है मुकदमा : सूत्र

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** गुरुवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में फैसला आने से टल गया है, जमानत पर रिहा हुए आरोपी शौकत पहलवान और मोहम्मद शरीफ के द्वारा निर्णय सुनाए जाने के पहले की प्रक्रिया के तहत जमानत के बॉन्ड कोर्ट में नहीं दाखिल किए गए थे जिसके लिए कोर्ट ने उन्हें बॉन्ड को दाखिल करने के लिए निर्देश दिए हैं।

आपको बताते चलें कि बीते दिन गुरुवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में अंतिम निर्णय आने की चर्चा जोरों पर थी। कानपुर पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी कमर कस रखी थी। चप्पे चप्पे पर फोर्स तैनात थी। एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में सपा विधायक इरफान सोलंकी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटा वाला कानपुर जेल से पेशी पर लाए गए। चूंकि शौकत पहलवान और मोहम्मद शरीफ जमानत पर रिहा थे इसलिए वह सीधे ही कोर्ट पहुंचे। एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 के विद्वान न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा जमानत पर रिहा हुए आरोपियों शौकत पहलवान और मोहम्मद शरीफ को दो जमानत के बॉन्ड दाखिल करने के निर्देश देते हुए आगामी 19 मार्च को निर्णय की तारीख देते हुए विधायक इरफान सोलंकी को भी कोर्ट में तलब किया है।

### ई डी के धमाके होने बाकी




आपको बताते चलें कि बीती 7 मार्च को कानपुर नगर में अचानक से प्रवर्तन निदेशालय (ई डी)की लखनऊ टीम के द्वारा सपा विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, शौकत पहलवान समेत विधायक के परिजनों के घर पर छापेमारी की कार्रवाई की गई थी, काफी कुछ दस्तावेज के रूप में लेकर टीम रवाना भी हुई थी। अब सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यह निकलकर सामने आ रहा है कि आने वाले समय में ई डी मुकदमा भी इरफान सोलंकी समेत अन्य के खिलाफ दर्ज़ करा सकती है हालांकि इस मामले की आधिकारिक पुष्टि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी अथवा विभाग द्वारा नहीं की गई है।

## ढाई दर्जन महिलाओं को किया सिलाई मशीनों का वितरण




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत 30 महिलाओं को पावदान सहित सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक प्रसार डॉ.आर.के. यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने बताया कि लाभार्थियों का चयन करते समय ध्यान रखा गया कि वे सिलाई में प्रशिक्षित हों, 30 लाभार्थी में 3 अंशु, रीता, सलोनी आई. टी.आई. प्रशिक्षित है। जबकि अन्य महिलाएं भी प्रमाणित संस्थाओं से प्रशिक्षित है। कुलपति ने कहा कि विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, सिलाई मशीन प्रदान की जा रही है जिससे सिलाई मशीन की मदद से वे घर पर ही अपना उद्यम शुरू कर सकती हैं। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा, डॉ.निमिषा अवस्थी, डॉ.राजेश राय, डॉ.खलील खान, डॉ.अरुण कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत आदि मौजूद रहे।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर में मारा छापा, मचा हड़कंप




### कई मेडिकल स्टोर वाले भागे

जैसे ही टीम जायसवाल मेडिकल स्टोर में पहुंची तो आसपास के कई मेडिकल स्टोर वाले अपने स्टोर को बंद करके चले गए। इस दौरान करीब 2 घंटे तक लोगों ने अपना स्टोर बंद रखा है इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने कहा है कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। कभी-कभी किसी भी मेडिकल स्टोर पर सैंपल लिए जा सकते हैं।

जन एक्सप्रेस | जसप्रीत सिंह वाधवा

**कानपुर नगर ।** शहर में कई मेडिकल स्टोर में नकली कंपनी की दवा बेचने की शिकायत औषधि सुरक्षा विभाग को मिल रही थी इसके चलते गुरुवार को विभाग की टीम ने स्वरूप नगर थाना अंतर्गत स्थित हृदय रोग संस्थान के बाहर जायसवाल मेडिकल स्टोर में छापेमारी की है। टीम के पहुंचते ही मेडिकल स्टोर के कर्मचारी व आसपास के मेडिकल स्टोर के मालिकों में हड़कंप मच गया। टीम करीब डेढ़ घंटे तक मेडिकल स्टोर में रही और इस दौरान कई दवाइयां की जांच की है।

हृदय रोग संस्थान के बाहर रंजन जायसवाल का जायसवाल मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। यहां पर दोपहर करीब 4:30 बजे ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे इसके बाद उन्होंने मेडिकल स्टोर में रखी सभी दवाइयां की एक्सपायरी डेट और किस कंपनी की दवाइयां मरीजों को दी जा रही है इन सब चीजों की जानकारी ली। फिर उन्होंने जीरो डाल, ज़ीरो डाल एसपी, क्यूनाक, डीएसआर समेत अन्य दवाइयां के चार-चार सैंपल भी लिए। इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि पिछले काफी दिनों से मेडिकल स्टोर में नकली दवा बेचे जाने की शिकायत आ रही थी इसको लेकर लगातार मेडिकल स्टोर में छापेमारी का अभियान भी चल रहा है बहुत से सैंपल भी जांच के लिए भेजे जा चुके हैं।

आज जयसवाल मेडिकल स्टोर से भी कई दवाइयां के सैंपल लिए गए इन्हें भी जांच के लिए भेजा जाएगा। यदि जांच में सैंपल में कोई गड़बड़ी पाई गई तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

## युवती का अपहरण करने वाले आरोपी को कोतवाल नजीराबाद ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में एक युवती को उसके प्रेमी ने किडनैप कर लिया और उसने पहले उसे पीटा इसके बाद मोबाइल छीन कर तोड़ डाला फिर दोस्त के घर ले गया जहां बंधक बना कर रखा। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने युवती को आजाद कराने के बाद आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। नजीराबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी 22 साल की बेटी गुमटी के कॉस्मेटिक शॉप पर काम करती है। बीती 9 मार्च को वह काम पर गई थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी तो मां ने काफी जांच पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने नजीराबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी पुलिस ने जांच शुरू की अगले दिन युवती को शास्त्री नगर के एक घर से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में युवती ने बताया कि उसके साथ शॉप में काम करने वाला युवक मोहम्मद नियाज उससे एक तरफा प्यार करता था उसकी हरकतें बढ़ने पर बातचीत



बंद की तो उसे तंग करने लगा इतना ही नहीं दूसरों से भी बातचीत पर आपत्ति लगा लगा। इसी बात से आक्रोशित मोहम्मद नियाज ने 9 मार्च को बेनाझाबर में उसे दबोच लिया। मोबाइल छीन कर तोड़ दिया मारपीट की इसके बाद बाइक से जबरन अगवा कर शास्त्री नगर अपने एक दोस्त के यहां रखा, नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की युवती को अपहरण करने के आरोपी मोहम्मद नियाज को गुरुवार को छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया है मोहम्मद नियाज से पूछताछ की जा रही है इसके बाद अब उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

## कलाकारों को सम्मानित करेंगे बॉलीवुड एक्टर शहबाज खान

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




महाभारत फेम फेमस बॉलीवुड एक्टर शहबाज़ खान 17 मार्च को कानपुर आ रहे हैं। वह पीएफसी फिल्म द्वारा आयोजित ग्लोरियस अवार्ड शो 2024 में हुनरबाजों को सम्मानित करेंगे। ये जानकारी पीएफसी फिल्म के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता ने दी वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि कानपुर के गोविंद नगर दीप होटल में ग्लोरियस अवार्ड शो का आयोजन किया गया है। इस सेमिनार में बॉलीवुड एक्टर शाहबाज खान चीफ गेस्ट होंगे। वह अपने-अपने क्षेत्र के हुनरबाजों एवं कलाकारों को ग्लोरियस अवार्ड 2024 से सम्मानित भी करेंगे। इस दौरान वह अभिनय की बारीकियां भी सिखाएंगें।

पीएफसी फिल्म के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता ने बताया कि इसके लिये शहर भर से अपने क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुके माहिर हुनरबाजों एवं कलाकारों का चयन किया जा चुका है। बताया कि वह कई फिल्म और टीवी शो में भी काम कर चुके हैं। जिनमें प्रमुख रूप से लघु फिल्म कोरोना, लव जिहाद आदि फिल्मों के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पीएफसी फिल्म बैनर के तले मई में बेब सीरीज की शुटिंग होगी जिनमें नये हुनरबाजों कलाकारों को काम करने का सुनहरा मौका मिलेगा। अप्रेल माह के अंत मे अभिनय की कार्यशाला भी करेंगे जिसमें वेलकम, धमाल जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके बॉलीवुड अभिनेता मुस्ताक खान शामिल होंगे। कोप्रोड्यूसर नीरज कुमार, इवेंट्स मैनेजर निधी गुप्ता आदि लोग पीएफसी फिल्म के ऑफिस में मौजूद रहें।

### कानपुर पुलिस ने दो अपराधियों की टांग कर डाली पंचर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर की चकेरी पुलिस ने दो इनामियां अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान दबोचा है। लेकिन इस दौरान पुलिस की गोली दोनों आरोपियों के पैर में एक बार फिर से लगी है और उन्हें लंगड़ा करते हुए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पच्चीस पच्चीस हजार के दो इनामियां अपराधियों को चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचा है। सूत्रों की माने तो काफी समय से कानपुर पुलिस को इन आरोपियों की तलाश थी। इन दोनों अपराधियों के द्वारा लगातार कई लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। मुठभेड़ के दौरान दोनों अपराधियों के पैरों में पुलिस की गोली लगी है जिस कारण वह घायल हो गए तो उन्हें पुलिस टीम ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परमिया पुरवा निवासी अर्पित ने आधा दर्जन से अधिक युवकों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित अर्पित ने पुलिस को बताया है कि बुधवार की देर रात वह सी.एम.एस. आफिस से अपने घर आ रहा था। वह जैसे ही मौनीघाट चौराहे पर पहुंचें तभी पीछे से अकिंत, काली, प्रयाशु, गोविन्द, अनुज उर्फ छोटी व 4 से 5 अज्ञात युवकों ने ईट पत्थर से हमला कर मारपीट करने लगे। उन्होंने जब शोर मचाना शुरू किया तो यह सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी नवाबगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### साइबर फॉड ने क्रेडिट कार्ड से 93 हज़ार किए पार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम में रहने वाली महिला चित्रा शर्मा साइबर फॉड का शिकार हो गईं। चित्रा शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके इंडसण्ड बैंक के क्रेडिट कार्ड से 93 हजार रुपए निकल गए हैं। जब क्रेडिट कार्ड फाड की जानकारी हुई तो तत्काल बैंक को सूचना देते हुए पूरे मामले की सूचना साईबर सेल को भी दी थी। वही कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दबंगों ने युवक को पीट किया घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। जिससे युवक का सर फट गया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर दंबगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।बताते चलें कि बरसाइतपुर निवासी कमलेन्द्र की आवास विकास तीन में कबाड़ की दुकान है। कमलेन्द्र का आरोप है कि बुधवार की देर शाम वह अपनी दुकान पर था। इस दौरान दुकान पर गोलू शुक्ला अपने साथी अमित यादव, अक्षत, व 2 से 3 अज्ञात लड़कों के साथ आया और जाति सूचक गालियां देने लगा। जब इसका विरोध किया तो वह सभी उसके साथ मारपीट करने लगे। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। वही जब दुकान पर हो रही है मारपीट को आसपास के लोगों ने देखा और बचाने के लिए दुकान पर आए तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वही पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### विनीत सिंह राठौर बने क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा (रजि) के युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर (बाबू जी), महामंत्री मनोज राठौर, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राठौर की सहमति से युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर ने सूची जारी की जिसमें कानपुर शहर के विनीत सिंह राठौर पुत्र रमेश चंद्र राठौर को युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई विनीत वर्तमान में युवा राठौर क्षत्रिय महासभा (रजि) कानपुर महानगर से नगर अध्यक्ष भी हैं वर्तमान में वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा 17 जिले कानपुर/ बुंदेलखंड क्षेत्र से सह मीडिया प्रभारी भी हैं। बीते दिनों सीहोर में सभी नवीन पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था।

## गोलीकांड को अंजाम देने वाले तीन आरोपी दबोचे



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब देर रात थाना चमनगंज क्षेत्र स्थित मोहम्मद अली पार्क के पास रात्रि करीब साढ़े आठ बजे दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों के द्वारा गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया गया। जानकारी के मुताबिक़ थाना चमनगंज क्षेत्र में बने मोहम्मद अली पार्क में बुधवार देर रात दो पक्षों में झगड़ा हुया था और फिर तीन राउंड गोली भी चली थी। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण घटना के समय तराबी हो रही थी। जिसमें भीड़ का फायदा उठाकर सभी आरोपी भाग निकले थे। इस गोली कांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी जैसे ही सूचना पुलिस को हुई कोतवाल चमनगंज और एसीपी सीसामऊ मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे थे और उन्होंने वहां पर पहुंच कर गोलीबाज आरोपियों की खोजबीन करनी आरंभ कर दी थी। इस घटना को इश्कबाजी के चक्कर में अंजाम दिया गया था।

जिसका महज 12 घंटे के अंदर चमनगंज पुलिस ने तीन आरोपियों ओसामा, मुन्ना उर्फ अदनान, फरहान को दो अवैध तमंचे, कारतूस सहित गिरफ्तार कर सफल खुलासा भी कर दिया गया है।

## दबंगों ने 12 वीं के छात्र को किया लहूलुहान

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना गोविंद नगर क्षेत्र मे गुरूवार शाम दबंगों ने बारहवीं के छात्र को जमकर पीटा और मरणासन्न अवस्था मे छोड़कर भाग गए। पीड़ीत छात्र ने गोविन्द नगर थाने में तहरीर दी है। बर्रा दो के नई बस्ती निवासी श्लोक सचान 12 वीं कक्षा का छात्र है। कल साम श्लोक किसी काम से अपने दोस्त आशीष के घर गया था। घर के बाहर ही बनी चाय की दूकान पर खड़े होकर आशीष और श्लोक एक दूसरे से बात कर रहे थे। तभी अचानक से आठ से दस दबंग दूकान पर आए और श्लोक से गाली गलौज करने लगे। जब इस बात का विरोध श्लोक और उसके दोस्त आशीष ने किया तो वह सभी दबंग मारपीट करने लगे।



आशीष ने मारपीट देखकर घरवालों को बुलाने के लिए अपने घर की तरफ दौड़ लगाई और जब तक अपने घर वालों को लेकर आया तो वह सभी दबंग वहां से भाग निकले और श्लोक लहूलुहान हालत मे जमीन पर पड़ा हुआ था। किसी तरह आशीष श्लोक को डॉक्टर के पास अस्पताल लेकर पहुंचा तो पता चला कि श्लोक के सिर पर गंभीर चोट आई है और उसकी एक उंगली भी टूट हुई थी। जिसके उपरांत श्लोक को थाने पहुंचाया गया। वहीं श्लोक ने बताया कि काफी दिन पहले ईशान अवस्थी और आकाश से उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसका समझौता भी हो गया था। लेकिन आज मौका पाकर आकाश, ईशान और उसके साथी राजा पासवान, विराट भटनागर ने मिलकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया है और ईंट पत्थर व डंडों से सिर पर प्रहार किया है। हालाकि गोविन्द नगर पुलिस ने श्लोक से तहरीर लेकर उसे मेडिकल के लिए भेज दिया था और मुकदमा लिखने का अश्वासन दिया है।

## नेत्रहीन बच्चियों ने फैशन शो मे दिखाया जलवा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन गुरुवार को किदवई नगर स्थित एक होटल मे क्लब एंजल्स द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे अद्वितीय फैशन शो के माध्यम से समाज सेवा मे एक नया आयाम स्थापित किया गया है। जिसमे श्री साईं बाबा स्पेशल एजुकेशन सेंटर की नेत्रहीन बालिकाओं ने रैम्प पर अपने आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की पूरी भूमिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा बनायी गई थी। जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी एंजल्स क्लब ने उठायी। क्लब की अध्यक्ष कंचन गुप्ता ने बताया कि कल गुरुवार को क्लब एंजल्स के तत्वावधान मे श्री साईं बाबा स्पेशल एजुकेशन सेंटर की



नेत्रहीन बालिकाओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब द्वारा लगातार इन नेत्रहीन बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। शो कार्यक्रम मे 20 बच्चों ने अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्याओं ने बालिकाओं को हारमोनियम, खाने पीने का सामान, स्टेशनरी, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल, कॉन्फेक्शनरी, पेंसिलबॉक्स, फैशन हैटस, क्राउन तथा अन्य सामान भी दिया।

# अजय कपूर को मिल सकता है भाजपा से बड़ा तोहफा



### बढ़ेगा भाजपा का जनाधार

अजय कपूर तीन बार के विधायक रह चुके हैं कांग्रेस में वह जनाधार वाले नेता रहे हैं। भाजपा में उनके आने से पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। -प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** कांग्रेस से भाजपा में आए अजय कपूर को स्वामी प्रसाद मौर्य की एमएलसी सीट मिल सकती है। स्वामी प्रसाद ने अपनी पार्टी बनाकर सपा और एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि भाजपा ने अजय कपूर को इसी सीट पर एमएलसी बनाने का आश्वासन दे रखा है। बुधवार को उनके भाजपा की सदस्यता से कांग्रेस के साथ ही गठबंधन इंडिया को भी तगड़ा झटका लगा है। सूत्रों के हवाले से दो दिन बाद कांग्रेस की केंद्रीय इकाई महानगर सीट से अपना प्रत्याशी घोषित करने के लिए बैठक करने वाली थी, जिसमें प्रत्याशी के रूप में अजय का नाम सबसे ऊपर था। वहीं अब अजय कपूर के भाजपा में शामिल हो जाने के साथ ही कांग्रेस के पैनल में शामिल दो नेता आलोक मिश्रा और पवन गुप्ता की सक्रियता अधिक बढ़ गई है। आलोक मिश्रा को कानपुर सीट पर कांग्रेस के टिकट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने भरोसा जताया है कि अजय कपूर फिर से कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं उन्होंने कहा कि जो सम्मान उन्हें कांग्रेस में मिला है। वह भाजपा में नहीं मिल सकता है। एक तरफ चर्चा यह भी रही कि अजय कपूर के भाजपा में जाने से अब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को महानगर सीट से प्रत्याशी बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। कहा जा रहा था कि कांग्रेस से जब अजय कपूर भाजपा में आ जायेंगे तो ऐसे में पंजाबी वोटों का बंटवारा हो सकता है। भाजपा जॉइन करने के अगले ही दिन यानी गुरुवार को अजय कपूर ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की। इस मुलाकात उनकी दावेदारी पक्की होती नजर आ रही है।

वहीं अब जब अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गये हैं तो वोट बंटने के सवाल पर विराम लग गया है। फिलहाल खबर है कि कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी को भाजपा प्रत्याशी बनाने के मूड में नहीं है। कहा जा रहा कि अजय कपूर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के करीबी हैं सूत्रों के मुताबिक सतीश महाना और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अजय कपूर को बीजेपी जॉइन कराई है।

# रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी की भावुक चिट्ठी घर घर पहुंचा रहे कांग्रेसी

**✳ रायबरेली से गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने का विरोधियों द्वारा किया जा रहा दुष्प्रचार: विजयशंकर अग्निहोत्री**

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

लोकसभा चुनाव 2024 में जनपद रायबरेली की सीट से गांधी परिवार के किसी सदस्य के चुनाव न लड़ने की अटकलों को कांग्रेस कार्यकर्ता कोरी अफवाह बता रहे हैं। इसके साथ ही वे पिछले महीने सोनिया गांधी की भावुक चिट्ठी को पम्पलेट के रूप में छपवाकर घर-घर पहुंचा रहे हैं। सोनिया गांधी की मार्मिक अपील को घर-घर पहुंचाने का उद्देश्य गांधी परिवार के प्रति लोगों की संवेदना को बनाये रखना भी है। रायबरेली से गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने की सुगबुगाहट पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री ने कहा कि विरोधियों द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा है।

उन्हें पूरी उम्मीद है कि रायबरेली से गांधी परिवार का ही सदस्य चुनाव लड़ेगा। राहुल गांधी या प्रियंका गांधी में से कोई भी यहां से चुनाव जरूर लड़ेगा। रायबरेली की लोकप्रिय सांसद सोनिया गांधी ने चिट्ठी में




लिखा था कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह-नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

उन्होंने आगे यह भी लिखा कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते हुए आए हैं। बड़ों को प्रणाम, छोटों को स्नेह, जल्द मिलने का वादा।

# वक्फ अलल औलाद की सम्पत्ति की अवैधानिक बिक्री व खुलेआम बंदरबांट लेकिन प्रशासन मौन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

घंटाघर चैराहा शहर रायबरेली स्थित वक्फ अलल औलाद की सम्पत्ति 5 किता दुकानात को तोड़कर उसके स्थान पर साद काम्पलेक्स का निर्माण करके उसमे बनी नवनिर्मित दुकानो की सम्पत्ति को मुतवल्ली मंसूर हसन खान पुत्र मकसूद हसन खान अपने भ्रातागण कमरान हसन खान एवं सलमान हसन खान समस्त निवासीगण-मोहल्ला गढ़ी बजीरगंज, शहर व जिला रायबरेली एवं बिल्डर्स मलिक अनवर कमाल पुत्र स्व0 मलिक कमाल अहमद निवासी , एम0-81 इन्दिरा नगर रायबरेली एवं आफताब आलम खान पुत्र इश्तियाक मोहम्मद खान निवासी-मोहल्ला खिन्नी तल्ला शहर व जनपद रायबरेली एवं दिग्विजय सिंह पुत्र स्व. हरिवंश सिंह, निवासी जय अम्बे मार्केट , जेल रोड शहर व जनपद रायबरेली एवं विक्रम सिंह पुत्र स्व0 अवधेश सिंह निवासी आचार्य द्विवेदी नगर , शहर व जिला रायबरेली आदि से साज करके दुकानातों के पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित कर रहें है जबकि वक्फ के नियमानुसार और पंजीकृत वक्फनामा के अनुसार मुतवल्ली व उसके परिवार के अन्य सदस्यों का वक्फ की सम्पत्ति पर मालिकाना हक नहीं रहता है। और उपरोक्त लोगो को वक्फ की सम्पत्ति की बिक्री/रिहन व हिबा आदि का अधिकार भी नही होता है, इसके बावजूद उपरोक्त लोगों द्वारा साजिश करके वक्फ की सम्पत्ति की नवनिर्मित दुकाने के विक्रय विलेख माह दिसम्बर 2022 में विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 भागीरथ गुप्ता एवं दिलीप गुप्ता पुत्र स्व0 भागीरथ गुप्ता के पक्ष में निष्पादित किये गये है। इसके अतिरिक्त अन्य कई लोगो के पक्ष में मुतवल्ली व उसके भ्रातागण उपरोक्त ने विक्रय विलेख में निष्पादित कर रखे है, जो वक्फ अलल औलाद के पंजीकृत बिलेख का खुला उल्लंघन है लेकिन स्थानीय प्रशासन मुतवल्ली व उसके भ्रातागण उपरोक्त के दबाव में उनके विरूद्ध कोई वैधानिक कार्यवाही करने में सक्षम व नकारा साबित हो रहा है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। निष्पादित बिक्रय विलेंखो की जानकारी उपनिबंधक सदर रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है।

# मेनका गांधी के टिकट पर अटकलें बरकार

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

लोकसभा चुनाव 2024 की भाजपा की दूसरी सूची आने के बाद जहां यूपी को मायूसी हाथ लगी है वही सुल्तानपुर को भी निराश होना पड़ा है। वर्तमान सांसद मेनका गांधी के टिकट पर अटकलें फिर बरकार हैं। राम मंदिर लहर के बाद डेढ़ दशक बाद यहां मां-बेटे ने बीजेपी का कमल खिला रखा है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने मेनका गांधी और वरुण गांधी की सीटें बदली थी या फिर मां-बेटे ने स्थान बदले थे ये राज तो राज रह गया। लेकिन सुल्तानपुर और पीलीभीत पर कब्जा मां-बेटे का ही रहा। मेनका गांधी ने जहां कम समय में एक-एक गांव जाकर वोट मांगे और अंततः 14 हजार से जीत हार का फैसला हुआ। वही 2014 में वरुण गांधी ने लाखों मतों से विजय दर्ज कराया था। सुल्तानपुर से सांसद रहते हुए वरुण गांधी अपने संसदीय क्षेत्र में आए तो कम लेकिन विकास कार्य जमकर किया। उन्होंने साल 2018 में सवा करोड़ की लागत से जिला अस्पताल में इमरजेंसी व दो दर्जन के आसपास गरीबों को अपने वेतन से एक-एक लाख रुपए का मकान दिया था। यही नहीं पासपोर्ट ऑफिस की सौगात जिले में वरुण गांधी ने ही दिया था। इसके बाद मेनका गांधी जिले में पहुंची। ये अलग बात है वे जीती भले ही कम मतों से हो लेकिन उन्होंने जिले भर में जमकर विकास कार्य कराए। धोपाप धाम की जहां उन्होंने कायाकल्प कराया वही कृषि विज्ञान केंद्र व नवोदय जैसा शिक्षा केंद्र उन्होंने खुलवाया। यही नहीं कई प्रमुख मार्गों का जीर्णोद्धार आए मेनका गांधी की ही देन है। अक्सर वे मंच से ये कहती रही कि हमने जाति-धर्म नहीं देखा, जिसने वोट दिया या नहीं दिया जो आया हमने उसका कार्य किया। यही वजह है कि आज हर वर्ग में मेनका गांधी के फालोवर्स हैं।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के अमेठी स्थित आवास पर ईडी की रेड

# राजनेताओं के उड़े होश

**✳ छापेमारी की कार्रवाई से अमेठी विधायका की बिगड़ी हालत**

**✳ अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती**

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर बृहस्पतिवार सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय की छापामार कार्यवाही हुई।ईडी की यह छापेमारी गायत्री प्रजापति से संबंधित ठिकानों लखनऊ,अमेठी और मुंबई में की गई।बताते चलें कि बीती सोलह जनवरी को हुई छापेमारी के दौरान एजेंसी को गायत्री प्रजापति और उनके बेटों द्वारा रियल एस्टेट कंपनियों में निवेश के सबूत मिले थे। वहीं पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के अमेठी आवास विकास कॉलोनी स्थित घर पर ई डी के टीम की रेड पड़ी।इसके साथ ही गायत्री प्रसाद प्रजापति के महिला मित्र गुड्डा देवी के घर भी ईडी की टीम ने छापेमारी कर आलमारियों की तलाशी ली।इतना ही नही आलमारियों का ताला नहीं खुला तो टीम ने ताला खोलने वाले को बुलाया।दोनों घरों के बाहर भारी संख्या में सीआरपीएफ के जवान तैनात रहे।वहीं बताया जा रहा कि लखनऊ के गोमतीनगर के ओमेक्स अपार्टमेंट और अमेठी व मुंबई सहित सत्रह ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी चल रही है।



### प्रजापति के मंत्री बनते ही महिला मित्र बनी अरबपति

गायत्री प्रसाद प्रजापति की महिला मित्र गुड्डा देवी के पास भी आय से अधिक संपत्ति में नाम सामने आया था। प्रजापति के मंत्री बनने के पहले गुड्डा एक दाई का काम करती थीं। 2012 में गायत्री के विधायक बनने के बाद गुड्डा चर्चा में आई थीं।गायत्री के खनन मंत्री बनने के बाद गुड्डा की संपत्ति में भी इजाफा होता गया।और दाई का काम करने वाली महिला अरबपति बन गई।अमेठी के जिस गंगागंज मोहल्ले में गुड्डा पहले एक छोटे से मकान में रह कर अपने बच्चों का भरण पोषण करती थी।वो देखते ही देखते आलीशान बगला बन गया।मंत्री की पत्नी को विधायक बनाने में गुड्डा का अहम रोल रहा है।2022 के विधानसभा चुनाव में अमेठी सीट से जेल में बंद गायत्री प्रसाद प्रजापति के पत्नी महाराजी प्रजापति विधायक बनाने में भी गुड्डा का अहम रोल रहा है।गायत्री प्रजापति द्वारा खरीदी गई जमीन आधे से ज्यादा गुड्डा के नाम है।आरोप है कि गायत्री प्रजापति की करीबी महिला के नाम सुल्तानपुर रोड और गोसाईगंज लखनऊ में करोड़ों की जमीन है।यूपी पुलिस के एक बड़े अफसर से इस महिला का विवाद हुआ था।तो अफसर के खिलाफ इसने एफआईआर भी कराई थी।इससे पहले ईडी की टीम ने सोलह जनवरी को गायत्री के ठिकानों पर छापेमारी की थी।इस दौरान अमेठी और लखनऊ में छानबीन हुई थी।जिसमें एजेंसी को गायत्री प्रजापति और उनके बेटों द्वारा रियल एस्टेट कंपनियों में निवेश के सबूत मिले थे।

### खनन मामले में अखिलेश को ईडी ने भेजा था नोटिस

बताते चलें किहमीरपुर में अवैधखनन के मामले में गायत्री प्रजापति आरोपी हैं।अवैध खनन घोटाले की जांच सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसी कर रही हैं। पिछले दिनों इसी मामले में सीबीआई ने पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूछताछ के लिए तलब किया था।हालांकि अखिलेश पेश नहीं हुए। पूर्व मंत्री के घर बृहस्पतिवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे चार गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय के बारह से ज्यादा अधिकारी पहुंचे।पूर्व कैबिनेट मंत्री के यहां उनकी पत्नी मौजूदा विधायक महाराजी प्रजापति और छोटा बेटा अनुराग के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहे।छापेमारी को लेकर अधिकारियों की तरफ से कोई बयान नहीं दिया गया।लेकिन बताया जा रहा है कि अवैध खनन को लेकर ये कार्रवाई चल रही है।सूत्रों के माने तो गायत्री की महिला मित्र गुड्डा अस्पताल में भर्ती हैं।छापेमारी को लेकर गुड्डा देवी की मां केवला देवी ने कहा कि मुझे नहीं पता है कि किस मामले को लेकर छापेमारी चल रही है।गुड्डा देवी की मां केवला देवी ने बताया कि सुबह आठ से दस लोग घर आए थे।दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसे।गुड्डा की तबीयत खराब है।वह अस्पताल में है।दरअसल गुड्डा देवी के आमने सामने दो घर हैं।एक मकान में ईडी की टीम छापेमारी चल रही थी।जबकि दूसरे मकान में उनकी मां रहती हैं।

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम का छापा, सीज

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**




गुरुवार को स्वास्थ्य अधिकारी एक बार फिर एक्शन मूड में दिखाई दिए। यहां लंभुआ के दियरा रोड पर अवैध रूप से संचालित अंशिका बाल क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। अवैध रूप चल रही क्लीनिक को सीज किया गया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड पर आज स्वास्थ्य विभाग ने अंशिका क्लीनिक पर छापेमारी करते हुएक्लीनिक संचालक से डाक्यूमेंट मांगे तो क्लीनिक संचालक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद अस्पताल को डिप्टी सीएमओ ने सील कर दिया। अस्पताल में भर्ती किए गए सभी मरीजों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया है। डिप्टी सीएमओ पी.डी त्रिपाठी ने बताया कि इस क्लीनिक की कई बार शिकायत की गई थी। शिकायत पर आज अंशिका बाल क्लीनिक पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान क्लीनिक संचालक के पास कोई वैध दस्तावेज न होने के कारण अस्पताल को सील कर दिया गया है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राघवेंद्र सिंह, लंभुआ कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसवीर सिंह मय दल बल के साथ उपस्थित थे।

# प्रधान करें विद्यालयों का कायाकल्प, लाएं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार-विनोद सिंह

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**



कायाकल्प योजना के तहत प्रधान प्राथमिक विद्यालयों का विकास करें और हर संभव संसाधन मुहैया कराने में जनप्रतिनिधि के रूप में सहयोग दें। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रधानाचार्य मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारें और प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को लाने विकास में सहभागी बनाएं। आप सभी मिलकर वातावरण सृजन का कार्यक्रम सफल करने में आगे आएं। यह बातें विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने कही। वे शहर से सटे दुबेपुर ब्लॉक मुख्यालय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी की मौजूदगी में शिक्षक प्रधानाचार्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक विनोद सिंह ने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के गुणवत्ता सुधारने और बच्चों को एक बेहतर वातावरण देने के लिए तीनों प्रमुख सहयोगियों को एक कड़ी में जुटकर कार्य करने का आवाहन किया। वे बोले कि बीएसए समेत अन्य अधिकारियों की तरफ से चल रहे सुधार कार्यक्रम काबिले तारीफ हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा और सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ दिया जाए।

### पुलिस प्रशासन न्यायालय के आदेश को नही मान रही

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यायालय में हुए सुलहनामा न मान कर विपक्षी को मकान बनवाया जा रहा है। पार्वती पत्नी शिबरन एक मुकदमा न्यायालय कोर्ट नं0-18 जिसका मूलवाद सं0 1132/09 पार्वती आदि बनाम मोहन लाल आदेश दिनांक 1/3, 1/3, 1/3 करने शपथ पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था जिसका निस्तारण न्यायालय द्वारा किया गया। न्यायालय के बावजूद भी ऊंचाहार रोड पर स्थित भूमि पर विपक्षीगण बिना किसी बटवारे के अवैध निर्माण कर रहे है जबकि न्यायालय में प्रतिपक्षीगण द्वारा कहा गया था कि आपसी बटवारा हम कर लेंगे बावजूद विपक्षीगण 1/3 के हिस्से में निर्माण न करके पूरी जमीन में निर्माण कार्य करा रहे है। प्रार्थिनी पार्वजी पत्नी शिबरन का एक लडका है जो मुम्बई में रहता है पुलिस की मिली भगत से अवैध निर्माण कराया जा रहा है पार्वती को कोई भी अप्रिय घटना घटने की संभावना है। प्रार्थिनी महिला की पुकार सुनने के लिए कोई नही तैयार ऐसी स्थिति में प्रार्थिनी कहां जाये और किसकी मदद लें।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

**✳ लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाना है,मतदान अवश्य करने जाना है: सीडीओ**

स्वीप कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को आरआरपीजी कॉलेज अमेठी में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा किया गया।इस मौके पर रीता सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आरम्भ में जीजीआईसी जायस की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।तत्पश्चात जीजीआईसी जायस की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाने अथवा मतदान करने के संबंध में मौके पर उपस्थित जनमानस को जागरुक किया गया।इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा भाषण,संगीत आदि के माध्यम से भी मतदान के प्रति अपने विचार व्यक्त किए गए।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया।जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही समस्त छात्र, छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर वोटर आईडी में अपना वोटर आईडी कार्ड देखने अथवा वोटर लिस्ट में अपना नाम देखने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाने और देश के महापर्व में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेने के साथ ही आने वाले चुनाव में मतदान करने की अपील भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं से अपने आस-पास रहने वाले जनमानस को भी मतदान के प्रति जागरूक करने को कहा गया।

# डीएफओ की सख्ती के चलते वन माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस। धनपतगंज/सुल्तानपुर**

सदर रेंज में होने वाली गतिविधियों का नतीजा स्पष्ट दिख रहा है। शायद यही कारण है कि रेंज क्षेत्र में आए दिन फलदार वृक्षों की कटाई बडी ढ़िठाई के साथ हो रही है। हालात इतने बेकाबू हो गए है कि मनबढ़ वन माफियाओं द्वारा जहां जब चाहते है फलदार वृक्ष धाराशाही कर रहे है। बीते दिन आम व महुआ के कई वृक्ष चोरी से काट दिए गए थे। सूत्र बताते है कि इसकी जानकारी आरओ सदर तक थी, लेकिन कान में तेल डालकर सब सो रहे थे, मामले की जानकारी डीएफओ अमित सिंह तक पहुंचते विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही शुरू की, तो वही तेज तर्रार एसडीओ डीके सिंह के द्वारा मामले में सदर रेंजर को सख्त निर्देश देते हुए स्वयं जाज करके आख्या प्रस्तुत करने का आदेश देते ही रेंजर आरके मौर्या मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से वृक्ष काटने वालों पर मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर देने के लिए वन दरोगा वीके यादव को निर्देशित किया। दरोगा की तहरीर पर तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

ध्रुव राज सिंह निवासी थाना गोसाईगंज, उमापति सिंह और जीत बहादुर सिंह निवासी धनपतगंज के विरूध अवैध हरे पेड़ों की कटान और ढुलाई मामले का मुकदमा दर्ज किया गया। धनपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मझवारा गांव में हुए अवैध कटान के मामले में। वन दरोगा बृजेश यादव के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई। धनपतगंज कोतवाल पंडित त्रिपाठी ने अभियोग पंजीकरण की पुष्टि किया।

# दीपक त्रिपाठी बने किसान कांग्रेस के नेशनल ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूरे देश में किसान कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर, ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर की सूची जारी की है। सुल्तानपुर के कादीपुर के सरायरानी के रहने वाले दीपक त्रिपाठी पुत्र कृष्ण देव त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी ने किसान कांग्रेस का ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनाकर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस अब गंभीर दिखाई देने लगी है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और रोजगार की गारंटी और किसानों के हित में किए जा रहे वादों को लेकर देश का करोडो युवा व किसान कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। वहीं सुल्तानपुर के एक युवा को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेसियों में जश्न का माहौल है । किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने संगठन की ओर से दीपक त्रिपाठी का राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर खुशी जताई है। कादीपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर इसौली व लंभुआ के कांग्रेसी दीपक त्रिपाठी के मनोनयन से खुश दिखाई दे रहे हैं। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विपिन कनौजिया दिलीप मिश्रा राजदेव शुक्ल सईद खालिद सब्बू अवधेश श्रीनाथ मिश्रा मनोज तिवारी रामसूरत रावत आदि ने खुशी जताई है।

# वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लालगंज की तीन खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का हुनर

**जन एक्सप्रेस। लालगंज, रायबरेली**

वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लालगंज की तीन खिलाड़ी दिखाएंगी अपनी प्रतिभा का हुनर, साथ ही प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित डिम्पी तिवारी को उत्तर प्रदेश टीम का मैनेजर नियुक्ति करते हुए प्रदेश एसोसिएशन ने जिम्मेदारी सौंपी।

जम्मू में 26 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाली सब जूनियर वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा खेलो इण्डिया की सब जुनियर और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन लखनऊ के चौक स्टेडियम में किया गया जिसमे लालगंज रायबरेली की दिव्या कुमारी,दीक्षा जितेंद्र जाधव का खेलो इण्डिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता और महिमा सोनकर का फेडरेशन द्वारा आयोजित सब जूनियर वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा वूशु एसोसिएशन के सचिव मनीष कक्कड़ ने की और साथ ही प्रदेश टीम की बागडोर डिम्पी तिवारी को सौंपते हुए टीम मैनेजर बनाए जाने की घोषणा किया। सभी खिलाड़ियों तथा टीम मैनेजर को पद्मश्री सुधा सिंह ने शुभ कामनाएं देते हुए नेशनल प्रतियोगिता में जीत के लिए प्रेरित किया।

डिम्पी को टीम मैनेजर बनाए जाने पर पूनम यादव, डा0 अताउर रहमान,प्रशांत शुक्ला,लक्ष्मीकांत शुक्ला,अजय सिंह चंदेल,संत लाल,महताब आलम,सलमान खान, अखण्ड दीप सोनकर,सुनील कुमार, चन्दर,जितेंद्र प्रजापति,अनुराग यादव आदि लोगो ने शुभकामनाएं दिया।

# 30 मार्च तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा होली पर्व पर अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 13 से 30 मार्च 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाये तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबो, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच करायी जाये। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाये। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाये। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए। अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये। जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए, जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 05.04.2024 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 22-Dy.CEE-GS-LKO-2023-24 दिनांक: 13.03.2024 |
| निविदा संख्या | 1. 21-Dy.CEE-GS-LKO-1-2023-24<br>2. 22-Dy.CEE-GS-LKO-2023-24 |
| कार्य का नाम | 1. उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित निहालगढ़, हैदरगढ़ एवं भरतकुंड स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत इम्प्रूवमेंट एवं डेवलपमेंट के कार्य के संबंध में 25 के.वी. ओ.एच.ई. के मॉडिफिकेशन का कार्य।<br>2. उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में रायबरेली स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े पैदल पुल के निर्माण के संबंध में ओ.एच.ई. के मॉडिफिकेशन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | 1. ₹63,80,083.66 2. ₹31,98,711.89 |
| धरोहर राशि | 1. ₹1,27,600/- 2. ₹64,000/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 22.03.2024 वेबसाईट www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.04.2024 को 11:30 बजे |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 806/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 17°C |
| कानपुर | 32°C | 17°C |
| देहरादून | 26°C | 12°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 15°C |

# उत्तर प्रदेश में ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं, प्रशिक्षण के जरिए जोड़ा जा रहा स्वरोजगार से

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



रोडवेज बसों के बाद अब उत्तर प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में जुटी योगी सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। इसके माध्यम से सरकार न सिर्फ महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण दिला रही है, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर रही है। यही नहीं, ई रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार की इस पहल से अब प्रदेश भर में सड़क पर प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स उच्च गुणवत्ता वाले ई रिक्शा चलाती नजर आएंगी। इससे उनकी आय का प्रबंध भी होगा और रोड एक्सीडेंट जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

### महिलाओं को दी जा रही पिंक ड्रेस एवं सेफ्टी किट

उन्होंने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। इसके तहत हमने 250 महिलाएं प्रति जनपद का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 250 महिलाओं का चयन करेंगे और फिर उनको ई रिक्शा स्वरोजगार उन्मुख करेंगे। चयन के बाद महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें क्लास रूम ट्रेनिंग भी है जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया जा रहा है। इसके बाद उनको प्रैक्टिकली ई रिक्शा चलाना सिखाया जा रहा है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

### करीब 20 हजार महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### स्वरोजगार शुरू कराने में भी की जा रही मदद

प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा। हमारा प्रयास महिलाओं को बैंक तक ले जाना और उनका फाइनेंस कराना है, ताकि उनका स्वरोजगार शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम नवंबर 2023 से शुरू हुआ है। अभी बैचवार यह कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें एक बैच में प्रति जनपद 250 महिलाओं का प्रशिक्षण चल रहा है। जिन जनपदों में पोटेंशियल ज्यादा है, वहां संख्या ज्यादा भी की जा सकती है।

### योजना से महिलाओं का हो रहा सशक्तिकरण

इस परियोजना का उद्देश्य चयनित महिला उम्मीदवारों को उपयुक्त कौशल और महिला सुरक्षा, सुरक्षा उपायों और समाज में सपोर्टेड प्लेटफॉर्म्स के बारे में ज्ञान के साथ सशक्त बनाना है। साथ ही उन्हें सुरक्षित रूप से यात्रा करने में मदद करके समाज की अन्य महिलाओं की मदद करने के लिए सशक्त बनाना और उन्हें अन्य महिलाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बनने में सक्षम बनाना है। यही नहीं समाज की समस्त महिलाओं को सुरक्षित वातावरण बनाने और एक उद्यमी बनने का प्रयास करने के लिए कार्यक्रमों का हिस्सा बनना भी शामिल है।

## आचार संहिता लागू होने से संबंधित दिशा निर्देश जारी

# सरकारी कार्यालय में नहीं लगेगी जीवित राजनीतिज्ञ की फोटो, घरों पर पार्टियों के तीन झंडे तक लगा सकेंगे




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने बैठक की है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने से संबंधित जानकारी दी गई है। आयोग ने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही 24 घंटे के अंदर प्रचार सामग्री,पोस्टर बैनर को हटाया जाएगा। इस दौरान सरकारी कार्यालयों, सभागारों और अधिकारियों के कमरों में लगी जीवित राजनीतिक व्यक्तियों की फोटो हटाई जाएंगी। इसमें से सिर्फ राष्ट्रपति और राज्यपाल की फोटो ही लगी रह सकती है। निजी घरों में अपने मन से मकान मालिक तीन झंडा तक लगा सकता है। इस दौरान लोग वाल राइटिंग भी नहीं करा सकेंगे।

### आदर्श संहिता लागू होने पर नहीं शुरू होंगे सरकारी काम

आदर्श संहिता लागू होने पर नया काम नहीं शुरू होगा। जो काम पहले से ही ग्राउंड पर चल रहे हैं। वही किए जा सकेंगे। इस दौरान दस से अधिक वाहनों का काफिला होना मना है।

### पोलिंग बूथ से दो सौ मीटर की दूरी पर रुकेगी गाड़ी

सामान्य वोटर निजी वाहन से पोलिंग बूथ से 200 मीटर की दूरी तक जा सकते हैं। धार्मिक, शैक्षणिक संस्था और अस्पताल परिसर में चुनाव कार्यालय नहीं बनेंगे। रैली और जनसभा में उम्मीदवार टोपी, मुखौटा, स्कार्फ बांटा जा सकता है, जिसको उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जाएगा, लेकिन साड़ी, धोती, शर्ट नहीं बांटे जा सकते। पोस्टर, बैनर, पैंफलेट में भी प्रकाशक का नाम होना जरूरी है।

वीडियो वैन की अनुमति केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर से जारी की जाएगी। इसमें अगर पार्टी का प्रचार होता है तो यह राजनीतिक दल में जोड़ा जाएगा। बिना अनुमति के इस दौरान रोड़ शो नहीं किया जाएगा। रोड़ शो में हथियार लेकर लोग शामिल नही हो सकते हैं। एक पार्टी से एक लाउड स्पीकर वाहन की अनुमति दी जाएगी।

### 70 फीसद से अधिक वोट कराने का लक्ष्य, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, वीडियो से लोगों को वोट देने के लिए किया जाएगा जागरूक

लोकसभा आम चुनाव को लेकर वोटरों को जागरूक किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, पोस्टर और बैनर के माध्यम से वोटरों से वोट डालने की अपील की जाएगी। चुनाव आयोग ने 70 फीसद से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा जागरूक गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों से वोट डालने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन,एयरपोर्ट, बस स्टेशनों पर अनाउंसमेंट सिस्टम वोटरों को वोट देने के लिए जागरूक किया जाएगा। परिवहन निगम की बसों में मतदाता जागरूकता पोस्टर और बैनर लगाकर प्रचार होगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड नाटक और कठपुतली प्रदर्शन भी किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में 70 फीसद वोटिंग का रखा गया है लक्ष्यमुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि स्वीप गतिविधियों को और तेजी से संचालित किया जाए, जिससे मतदाताओं को पंजीकरण और मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। ताकि प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव में 70 फीसद से अधिक मतदान हो सके। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान फीसद 59.11 था। हेल्प लाईन नंबर 1950 पर फोन कर लोग जानकारी भी ले सकेंगे। चुनाव आयोग ने किया है एमओयू चुनाव आयोग ने शिक्षा विभाग, डाक विभाग, इंडियन बैंक के साथ एमओयू किया है। इसके माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में अभियान चलेगा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उच्च और माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) की सक्रियता बढ़ाए। साथ ही आवास विकास विभाग अपने अधीन समस्त सहकारी आवास समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटियों के माध्यम से, महिला कल्याण विभाग महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां संचालित करते रहे।

# लोकसभा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद कौशल किशोर का भव्य स्वागत





**भाजपा कार्यकर्ता डीके द्विवेदी के आवास पर हुआ भव्य स्वागत**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत परवर पश्चिम स्थित भाजपा कार्यकर्ता डीके द्विवेदी के आवास पर डीके द्विवेदी द्वारा समर्थकों सहित तमाम कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय मंत्री व विधायक डा राजेश्वर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री के साथ मौजूदा क्षेत्रीय विधायक डा राजेश्वर सिंह व भाजपा नेता शिव शंकर सिंह भी मौजूद रहे। जहां परवर पश्चिम में भाजपा कार्यकर्ता डीके द्विवेदी व समर्थकों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सजीवन, चंद्र कुमार माली, सोनू बाजपेयी, संदीप यादव, रामू राजपूत, विजय यादव तथा बीजेपी महिला मोर्चा कार्यकर्ता तबस्सुम बानो, प्रियम गौतम सहित तमाम कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सरोजिनी नगर विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह व शिवशंकर सिंह संकरी का भव्य स्वागत किया गया। वहीं कल्ली पश्चिम में गुड्डू तिवारी व अरविंद दीक्षित द्वारा तमाम कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर सहित विधायक डा राजेश्वर सिंह व शिव शंकर सिंह का जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके द्वारा लगातार क्षेत्रीय जनता की सेवा की जाती रही है और आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 6:30 पर आगरा एक्सप्रेसवे से होकर शाम 6:30 बजे नटकुर मैदान में समापन किया गया। इस दौरान पूर्व निर्धारित लगभग अस्सी जगहों पर जन आशीर्वाद यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।



# पीडीए जनसंवाद यात्रा में आर के चौधरी का जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मोहनलाल गंज 34लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा मलिहाबाद मैं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी का पीडीए जनसंवाद यात्रा तथा रोड शो किया गया पीडीए जन संवाद यात्रा की शुरुआत काकोरी मोड़ अमिताभ बच्चन के फार्म हाउस से किया गया जिसमें जगह-जगह पर जोरदार स्वागत हुआ फूल मालाओं की बरसात हुई इसी उपलक्ष्य में ब्लॉक माल के गहदों में ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार की अगुवाई में गहदो कस्बे में स्वागत समारोह किया गया जो स्वागत पूरे मलिहाबाद विधानसभा से भारी भरकम से हुआ।जिसमें सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया जिसकी अगुवाई कर रहे माल ब्लाक अध्यक्ष मुकेश कुमार व सेक्टर पर्यवेक्षक कमलेश कुमार रावत सेक्टर प्रभारी सर्वजीत यादव ,राधेश्याम रावत ,वीरपाल यादव, मो.इरशाद,विशाल कनौजिया ,शाहिद गाजी, रामविलास यादव, रवि साहू, रामकुमार ,राजाराम, अजय कुमार रावत, शरीफ गाजी, रामस्वरूप, शिवा राज, विजय यादव किरला,सुरेंद्र यादव,आदि सैकड़ो कार्यकर्ता इस मौके पर मौजूद रहे।

# लखपति दीदी के लक्ष्यों की ओर यूपी अग्रसर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश लखपति दीदी बनाने के कार्यों में तेजी के साथ अग्रसर है। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लखपति दीदी बनाने हेतु दिये जा रहे प्रशिक्षण में तेजी लाई जाय। सर्वे में जिन दीदियों की आमदनी 60 हज़ार से एक लाख के बीच है, ऐसी संख्या लगभग 3 लाख होगी, उन्हें विशेष आजीविका गतिविधियों से जोड़ते हुए विशेष रूचि लेते हुए अधिक से अधिक लखपति दीदी बनाया जाय। केशव प्रसाद मौर्य आज अपने कैम्प कार्यालय। 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में क्लस्टर्स में आवास बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में 10 पिछड़ी ग्राम पंचायतों का चयन कर आकांक्षात्मक विकास खण्डो की तरह वहां विशेष ध्यान देकर विकास कार्य कराये जाने हैं। ऐसी ग्राम सभाओं के चयन, मानकों, सर्वे आदि के निर्धारण के लिए आई आई एम, आई आई टी जैसी तकनीकी संस्थानों का नियमानुसार सहयोग लिया जाय।




# बच्चे की मां ने शार्प ग्लोबल स्कूल प्रशासन पर लगाएं गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र इटौंजा के लुधौली मार्ग स्थित शार्प ग्लोबल स्कूल से एल.के.जी के छात्र को स्कूल मैनेजमेंट ने धक्का देकर स्कूल से बाहर निकाल दिया। बता दें कि इटौंजा के शार्प ग्लोबल स्कूल के एल.के.जी के छात्र कुशाग्र सिंह की फीस जमा नहीं होने के कारण स्कूल के टीचर ने छात्र को बाथरूम जाने से रोक दिया और बच्चा जब घर पहुंचा तो अपनी मां से दिनभर की कहानी बताई। माता-पिता बच्चों को लेकर गुरुवार को दोपहर स्कूल पहुंच गए।स्कूल में जाकर बच्चे के साथ हुई अभद्रता का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे जिस पर स्कूल कर्मचारी ने माता-पिता को बच्चे समेत स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया। वहीं स्कूल के बाहर से बच्चे की माता अंकिता सिंह ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कूल प्रशासन से




पूछताछ की। वहीं बच्चे की मां अंकिता सिंह ने बताया कि मेरी बच्चे की 6 माह की फीस नहीं जमा थी हमने 4 माह की फीस जमा कर दी थी दो माह की फीस रह गई थी तो हमारे बच्चे को पेपर देने से रोक दिया और बाथरूम भी नहीं जाने दिया। स्कूल के टीचर सही से बात नहीं करते हैं बद्तमीज़ी अभद्रता से बात करी हैं। वहीं इस पूरे मामले पर शार्प ग्लोबल स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि कुशाग्र सिंह छात्र की 8 महीने की फीस नहीं जमा थी अभिभावकों ने दो महीने की फीस जमा की थी स्कूल आकर मां ने मेज़ पर हाथ पटकने लगी और स्कूल प्रशासन व टीचर ने कोई प्रकार की कोई अभद्रता नहीं की गई है।

# बुजुर्ग महिला को टप्पेबाजों ने बनाया शिकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बीकेटी क्षेत्र में फिर से टप्पेबाजों ने आम लोगों को अपना निशाना बनाना आरंभ कर दिया है। बुधवार शाम लगभग चार बजे बीकेटी बाजार के पास बुजुर्ग महिला चंद्रवती सिंह को नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने की चेन, बाली सहित छह हजार नगदी लेकर भागने में कामयाब रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रवती सिंह निवासी गोंडा हालपता सैनिक बिहार कालोनी अपने कैंसर पीड़ित पति राजबख्श सिंह की दवा लेकर अस्पताल से बीकेटी स्थित अपने रिश्तेदार के घर आ रही थी। टैक्सी में पहले से दो अज्ञात लोग सवार थे। बीकेटी बाजार के पास टैक्सी से उतरकर घर की ओर जाने लगी तभी बुजुर्ग महिला से बातचीत के दौरान नशीला पदार्थ सुंघा दिया व महिला की सोने की चेन कान की बाली व छः हजार रुपए लेकर चंपत हो गए। पीड़ित महिला ने अपने भांजे को बुलाया व नजदीकी थाना बीकेटी जाकर तहरीर दी। जहां पर पीड़ित बुजुर्ग महिला पर पुलिस कर्मियों द्वारा तहरीर बदलकर लाने का दबाव बनाया गया। वहीं इस विषय पर बात करने पर थानाध्यक्ष बीकेटी ने बताया कि तहरीर दर्ज की जा रही है।

# विश्व में भारत का मान बढ़ा रहे है प्रवासी भारतीय: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी विदेश सम्पर्क विभाग ने प्रवासी भारतीय संवाद कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में यूएई से आए प्रवासी भारतीयों का स्वागत किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी ने 53 भारतीय प्रवासियों के दल का स्वागत तथा अभिनंदन किया। प्रदेश मुख्यालय से प्रवासी दल अयोध्या में प्रभु रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुआ। कार्यक्रम में अयोध्या दर्शन अभियान के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने रामभक्तों का अभिनंदन करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक उन्नति करते हुए विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। आज देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और आर्थिक महाशक्ति बनने को तैयार है। भाजपा भारत की आस्था, परम्परा, विरासत और अपनी संस्कृति के अनुरूप देश की व्यवस्थाओं के संचालन की पक्षधर है। देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम किया और वैभवशाली नव निर्माण की ओर देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज विश्व में भारत के प्रति सोच बदली है। प्रवासी भारतीय विश्व में सभी जगह भारत का मान व प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य भी कर रहे है और भारत में अपनी जड़ों से भी जुड़े हुए हैं। भारतीय विश्व के विभिन्न देशों में बड़ी शक्ति के रूप में उभरे हैं।श्री चौधरी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि के लिए 5 सदियों का संघर्ष था। संघर्षो के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने सभी का श्रीराम जन्मभूमि रवाना करते हुए प्रभु श्रीराम लला की सब पर कृपा और विश्व मंगल की कामना की।प्रदेश सरकार के मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से प्रवासी भारतीयों का अभिनंदन करते हुए प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। भाजपा विदेश विभाग के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य नकुल भारद्वाज ने प्रवासी भारतीयों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोशल मीडिया पर समर्थन के साथ मजबूती देने का आग्रह किया।इस दौरान प्रभारी विभाग एवं प्रकोष्ठ ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजेश सूर्या पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय संयोजक, डॉक्टर एसव पी तिवारी क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र, राजीव शर्मा क्षेत्रीय सह संयोजक विदेश संपर्क विभाग पश्चिम क्षेत्र, रुचि शुक्ला विदेश विभाग के साथ कल्पना तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की महिला टीम, डॉक्टर रणवीर लैश्रम , दीपक चौबे एवं अंकित एवं राहुल राय सहित विदेश विभाग के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विदेश संपर्क विभाग प्रदेश संयोजक राजराजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# आबकारी विभाग ने मारे छापे,10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 350 केजी लहन नष्ट

**छापेमारी के दौरान लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल के निर्देश एवं आबकारी आयुक्त डॉ आदर्श सिंह के आदेश के क्रम में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मोहनलाल गंज तथा मय स्टॉफ थाना-नगराम, अन्तर्गत ग्राम भज्जा खेड़ा तथा छाटी खेड़ा के संदिग्ध अड्डों तथा संदिग्ध स्थानों पर दबिश एवं छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत करते हुए मौके पर लगभग 350 केजी लहन को नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षक सेक्टर-5 द्वारा गोसाईंगंज थाना अन्तर्गत ग्राम निजामपुर, सरइयान तथा मरखापुर में मदिरा की अवैध बिक्री करने वाले संदिग्ध अड्डों पर दबिश दी गई। 4 लीटर देशी शराब की बरामदगी के साथ आबकारी अधिनियम के तहत एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं.** : 1033-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-सातवां कॉल दिनांक 13.03.2024 |
| 2. | **कार्य का नाम** : लखनऊ मंडल के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली के सुधार हेतु विभिन्न स्थानों पर सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि का कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत** : रु. 2,36,62,240.10/- (दो करोड़ छत्तीस लाख बासठ हजार दो सौ चालीस रुपये एवं दस पैसा मात्र) |
| 4. | **ई-निविदा की कीमत** : शून्य |
| 5. | **बयाना राशि** : रु. 2,68,400/- (दो लाख अड़सठ हजार चार सौ रुपये मात्र) |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह |
| 7. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि** : दिनांक 08.04.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | **प्रस्ताव की वैधता** : ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट** : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1033-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-सातवां कॉल दिनांक: 13.03.2024 805/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण है शाहजहां शेख का मामला

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने से पहले ममता बनर्जी केंद्र में मंत्री रहीं। वे सदा साधारण सूती साड़ी पहनती रहीं, हवाई चप्पल और पुरानी फिएट कार से चलती रहीं। उन्होंने अपने पुराने कालीघाट के घर में ही रहना जारी रखा। ऐसे में उनसे उम्मीद थी कि वे सत्ता में भ्रष्टाचार को काबू करेंगी। लेकिन हुआ इसका ठीक उलटा। वाममोर्चे के दौरान के असामाजिक टाइप के तत्व बदली हुई सत्ता के साथ तालमेल करने में कामयाब रहे और उन्होंने तृणमूल में भी पैठ बना ली। यही वजह है कि शाहजहां शेख जैसे गलीछाप अपराधी देखते ही देखते ताकतवर बनकर उभर जाते हैं।**

*पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है। ताकि आशंकित राजनीतिक नुकसान से बचा जा सके। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल के सत्ता के दुरुपयोग का अनूठा केस है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के ठीक 55 दिनों बाद उसकी गिरफ्तारी होना एक तरह से पश्चिम बंगाल की सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। दिलचस्प यह है कि साल 2011 में ममता बनर्जी जिन मूल्यों को स्थापित करने के लिए माटी और मानुष का नारा देकर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थीं, वे मूल्य उनकी सत्ता ने कभी अख्तियार ही नहीं किए। सत्ता में आने के पहले तक ममता ने तत्कालीन वाममोर्चा सरकार की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने वाममोर्चा सरकार को अत्याचारी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं की इज्जत तार-तार करने वाली सत्ता साबित करने में कामयाब रहीं। ऐसे में उम्मीद थी कि जब वे सत्ता में आएंगी, पश्चिम बंगाल की स्थितियां बदलेंगी। वहां अमन-चैन कायम होगा। महिलाओं की अस्मिता की रक्षा होगी। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के रवैये में बहुत बदलाव नहीं हुआ। दरअसल हुआ यह कि पहले जो वामपंथी दलों के साथ कैडर के रूप में स्थानीय आपराधिक तत्व जुड़े हुए थे, अपने स्थानीय हितों के लिए वे तृणमूल कांग्रेस के साथ आते चले गए। फिर मौका देखते ही उन्होंने अपने पुराने ढर्रे को अपना लिया। तृणमूल के नेता भी आर्थिक अपराधों में शामिल होते चले गए। नौकरी के लिए घोटाला हो, या फिर शारदा घोटाला या कुछ और, तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने-अपने ढंग से भ्रष्टाचार में शामिल होते चले गए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर पूछे गए चुभने वाले सवालों के सुलझे हुए जवाबों ने उनके पक्ष में माहौल भी बनाया था। जरदारी का भाषण समाप्त होने के बाद उनसे एक सवाल यह भी किया गया ' क्या आपको लगता है कि कभी भारत-पाकिस्तान दोनों के रिश्तों में मिठास आएगी ? कुछ पल ठहरने के बाद उनका जवाब आया। उन्होंने कहा था मुझे तो यकीन है कि भारत-पाकिस्तान अपने तमाम आपसी मसले हल कर लेंगे। मैं मानता हूं कि हर पाकिस्तानी के दिल में भारत और हर पाकिस्तानी के दिल में भारत बसता है। जरदारी के इस उत्तर को सुनकर राजधानी के उस पांच सितारा होटल के भव्य कॉन्फ्रेंस रूम में तालियां गड़गड़ाने लगीं।**

# पाकिस्तान की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी



आर.के. सिन्हा

**दरअसल यही जुमला उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने भी बोला था जब वे इसी सम्मेलन सन 2002 में आई थीं। तब तक दोनों पति-पत्नी दुबई में निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे थे। फिलहाल तो वे अपने ऊपर लगे तमाम आरोपों को पीछे छोड़ दूसरी बार पाक के राष्ट्रपति बन चुके हैं।**

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनाव में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज़ मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें मिस्टर टेन परसेंट का लेबल दिया। उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया, जिसमें



**हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे।**

फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया। पर, आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी। अगर जरदारी की भारत को लेकर रही सोच की बात करें तो वे कम से कम अपने ससुर जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह भारत विरोधी कभी नहीं लगे। वे कभी भारत नहीं आए हैं। उनकी अजमेर में गरीब नवाज की चौखट पर हाजिरी देने की ख्वाहिश थी। सन 2008 में पूरी होते-होते रह गई थी। तब जरदारी भारत आने वाले थे। पर वे चाहकर भी भारत नहीं आ पाए। उनका इरादा यही था कि दिल्ली आएंगे तो अजमेर में ख्वाजा मुईनउद्दीन चिश्ती की मजार पर चादर तो चढ़ा ही लेंगे। दरअसल तब उन्हें राजधानी में एक अंग्रेजी अखबार की तरफ से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए दावत दी गई थी। पर अफसोस कि तब भारत-पाकिस्तान के संबंधों में मौजूदा गर्मजोशी नहीं थी। तनाव को साफतौर पर महसूस किया जा सकता था। जाहिर है, जरदारी भारत नहीं आ पाए थे। जरदारी को इस बात जानकारी होगी ही कि उनके ससुराल का भारत के दो शहरों क्रमशः जूनागढ़ और मुम्बई से बहुत गहरा रिश्ता रहा है। जब जरदारी की पत्नी बेनजीर भुट्टो की निर्मम हत्या हुई थी तब जूनागढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई थी। यहां के बाशिंदे बेनजीर भुट्टो को कहीं न कहीं अपना ही मानते थे। जूनागढ़ शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद फारूक की अगुवाई में उनकी आत्मा की शांति के लिए नमाज भी अदा की गई थी। उनके ससुर का मुंबई से गहरा नाता रहा। हालांकि जरदारी उस अखबार के कार्यक्रम में शिरकत तो नहीं कर पाए थे पर सेटेलाइट लिंक के माध्यम से उन्होंने सम्मेलन को संबोधित किया था।

## एक्सप्रेस कविता

*याद आती है जिनकी सुगंध*
*समा गई सांसों और नस नस में।*
*याद आती है वह रतिया जो बस गई*
*आंखों में सोई हुई मेरी पलकों में।*
*और याद आते हैं अधर सुमधुर*
*रस जिनका मधुर घुल गया मेरे प्राणों में।*

*याद आते हैं पद कमल कोमल*
*बोल रही जिनकी पदचाप मधुर।*
*चुपके चुपके सूने में याद करता*
*बाट जोहता पद चिन्हों की शांत सदा।*
*खिंचे चले जाते पग पग मेरे*
*उन फैली बेसुध बांहों की ओर।*
*पुकारते रहे पुकारते रहे मनुहार कर,*
*छिपे हो कहां धारा में गगन या अनंत में।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी देश की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम वहां जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार से लगा सकते हैं*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 22:16 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 16:13 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | विष्कंभ, 19:50 |
| सूर्योदयः | 06:34 |
| सूर्यास्तः | 18:25 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 11:01-12:30 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:06-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### गर्म है बाज़ार !

*दे देंगे हम मौका ।*
*आओ तनिक पास ।।*
*होगी वही सीट ।*
*आपको जो रास ।।*
*मिल रहा है सुनने को ।*
*यही बार बार ।।*
*लगता चारा डाल कर ।*
*कर रहे तैयार ।।*
*पर आया जवाब भी ।*
*छोड़ें मेरा ध्यान ।।*
*करें खुद की चिंता ।*
*खतरे में निशान ।।*
*अब चुनावी मौसम का ।*
*गर्म है बाज़ार ।।*
*ऐंठ रहे हैं वो भी ।*
*बन चुके जो भार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर में विटामिन बी1 की कमी होने पर होती हैं पेट से जुड़ी कई समस्याएं



**शरीर** को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन और मिनरल्स जैसे पोषत तत्वों की जरूरत होती है, जिनमें विटामिन बी-1 भी शामिल है। विटामिन बी-1 को थियामिन के नाम से भी जाना जाता है, जो चयापचय को बढ़ावा देने, मांसपेशियों को मजबूत रखने और दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शरीर में विटामिन बी-1 की कमी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं, जिसमें पेट से जुड़ी परेशानियां भी शामिल हैं।

**पाचन संबंधी समस्याएंः** विटामिन बी-1 की कमी से आपको उल्टी, मतली और पेट में परेशानी जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण नजर आ सकते हैं। थायमिन आपके पाचन तंत्र को सही तरह से काम करने में मदद करते हैं, जिस कारण इसकी कमी आपके शरीर में ये लक्षण नजर आ सकते हैं।

**भूख में कमीः** विटामिन बी-1 की कमी भूख में कमी का कारण बन सकते हैं। अगर सही समय पर विटामिन बी-1 की कमी को दूर न किया जाए तो यह वजन कम होने और पोषण संबंधी कमियों का कारण बन सकता है।

**कब्ज की समस्याः** विटामिन बी-1 की कमी से कब्ज की समस्या हो सकती हैं। थायमिन पाचन तंत्र में नर्वस को संकेत देने और मांसपेशियों के सही तरह से काम करने में मदद करते हैं। इस कारण विटामिन बी-1 की कमी मल त्याग को बाधित कर सकता है।

**पोषक तत्वों की कमीः** थायमिन की कमी आंत में अन्य पोषक तत्वों के अवशोषण को खराब कर सकती है, जिससे कुपोषण के लक्षण नजर आ सकते हैं।

**गट बैक्टीरिया का खतराः** थायमिन की कमी इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकता है, जिससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसे आंत संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। यह इंफेक्शन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों को बढ़ा सकता है और पोषण संबंधी स्थिति को और खराब कर सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली



विकास सक्सेना

**अब कई सामाजिक और राजनीतिक चिंतकों का मानना है कि संदेशखाली ममता बनर्जी के लिए वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह हो सकता है। विधानसभा चुनाव 2006 में 233 सीटें जीतकर सीपीएम नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य ने सत्ता में वापसी की थी।**

**अंग्रेजी** की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी सम्पत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप

**पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की राजनीतिक हैसियत का अंदाजा विधानसभा चुनाव 2021 के परिणामों से आसानी से लगाया जा सकता है। यहां की 292 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में से 213 पर टीएमसी, 77 पर भाजपा और दो सीटों पर अन्य दलों के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। चुनाव नतीजे आने के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं ने अराजकता की सारी सीमाएं पार कर दीं।**

लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था। शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल - ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल के एक छोटे सुदूर गांव संदेशखाली जहां पहुंचने के लिए धामाखाली से नाव में सवार होकर इच्छामती नदी को पार करना पड़ता है। वहां की पीड़िताओं ने पूरे पश्चिम बंगाल के वातावरण का बदल कर रख दिया है। मां, माटी और मानुष की बात करने का दावा करने वाली ममता बनर्जी पर आरोप लग रहे हैं।

## सीतापुर पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अटल प्रतिमा का किया अनावरण, बोले

# सपा सरकार में बिजली रामपुर-इटावा जाती थी, अब पूरे प्रदेश में मिल रही

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण शहर के लालबाग चौराहे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक किया। जनसभा के दौरान डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में वह डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जिले की पहचान बना हुआ है, लेकिन सपा सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के तहत जिले की पहचान होती थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा सरकार में बिजली सिर्फ रामपुर और इटावा जाती थी, लेकिन अब पूरे प्रदेश के जिलों में बिजली सप्लाई होती है। डिप्टी सीएम ने सबसे पहले जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से वार्ता करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी। इस दौरान डिप्टी सीएम ने अस्पताल स्टॉफ और सीएमओ के साथ वार्ता कर समीक्षा बैठक की। कार्यक्रम के उपरांत डिप्टी सीएम ने लालबाग चौराहा पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण किया। मूर्ति अनावरण के बाद शहीद पार्क स्थित सभा स्थल पर डिप्टी सीएम ने पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित की और आयोजित सभा संबोधित किया।







### मरीजों को कोई भी दवाएं बाहर से न लिखी जायें : पाठक

उप मुख्यमंत्री उप्र बृजेश पाठक ने जिला चिकित्सालय सीतापुर में अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक की। मंत्री जी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से ओपी0डी0 में आने वाले मरीजों की जानकारी करते हुये कहा कि सभी मरीजों को ओपीडी में देखा जाये। उन्होंने चिकित्सालय में दवाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुये कहा कि मरीजों को कोई भी दवाएं बाहर से न लिखी जायें, यह सुनिश्चित किया जाये, जो भी दवाएं उपलब्ध नही हैं, उन दवाओं की मांग कर ली जाये ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सभी चिकित्सालयों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि अस्पतालों में गंदगी न हो, इसके लिये आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। चिकित्सालयों को घर जैसा साफ सुथरा रखा जाये।

### अटल के बिना राजनीति की चर्चा शुरू नहीं होती

डिप्टी सीएम ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी ने संपूर्ण भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। राजनीति की बात तब तक पूरी नहीं हो सकती जब तक अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र न किया जाए। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरी जिंदगी में सुचिता का पालन किया है और सुचिता के साथ भारत के तिरंगे को पूरे विश्व में सम्मान के साथ फहराने का काम उनके द्वारा किया गया है। डिप्टी सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जमकर सराहा। जहां उन्होंने प्रदेश को गुंडा मुक्त बनाने के लिए भाजपा की योगी सरकार को क्रेडिट दिया तो वहीं केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से हो रहे लाभ के विषय में भी विस्तार से बताया।

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हमारा आँगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** केंद्र व राज्य की सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पबद्ध है।मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों का भौतिक परिवेश आकर्षक बन रहा है।इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ही आगे चलकर देश के कर्णधार बनेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हमारा आँगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं,आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक आशा मौर्या ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को आपस में तालमेल बनाकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने निपुण प्राथमिक विद्यालय सिहारूखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर द्वितीय और कम्पोजिट विद्यालय देव सराय के शिक्षकों के साथ-साथ प्रत्येक संकुल के पाँच-पाँच निपुण विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बीईओ सीमी निगार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री ज्ञानेश मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संदीप वर्मा, मंत्री पुनीत वर्मा, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया। अर्चना वर्मा, नीतू सिंह, रेनू सिंह, अवंतिका गुप्ता, निहारिका गुप्ता, सपना शर्मा ने वाणी वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम का संचालन एआरपी पीयूष वर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, सीपी तिवारी, विजय सिंह तोमर, रमाशंकर वर्मा, प्रदीप सिंह, सीपी निगम, रवि अवस्थी, आर्यन शुक्ल, एआरपी विजय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, सिराज अहमद, अभिषेक परिहार, शशांक वर्मा, अनुज वर्मा, गीता विश्वकर्मा, अजीम हैदर, कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक रहे।

## कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



स्थानीय कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद की आर बी एस के टीम ए के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस अवसर पर उपस्थित डॉक्टर शिवानी टंडन ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वस्थ रहने के लिए बहुत आवश्यक है यदि हम साफ रहेंगे तो बीमारी भी दूर भागेगी,श्रीमती टंडन ने कहा कि आयरन गोली नियमित समय से खाएं स्वच्छता पर ज़ोर दिया जाए।जबकि डॉक्टर विजय सिंह ने कहा कि इस समय मौसम परिवर्तन हो रहा है इसमें बहुत ध्यान रखने की ज़रूरत है बाहर से आने पर गर्मी लगने लगे तो पंखा बिल्कुल न चलाएं अपने आस पास सफाई रखें जिससे बीमारी से बचा जा सके,उपस्थित ऑप्टीसियन रिचा गुप्ता ने बच्चों का बड़ी बारीकी से परीक्षण किया तथा आंखों की जांच भी की जिसमे चार बच्चों को सी एच सी बुलाया गया साथ में मौजूद स्टाफ नर्स जया तिवारी ने बच्चों की नाप, तौल और अभिलेखीकरण किया इस अवसर पर कुल 59 बच्चों का परीक्षण किया गया सभी बच्चे बहुत प्रसन्न थे।विद्यालय प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन ने स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। विद्यालय स्टाफ में श्रीमती शशी शुक्ला,आरफा खातून, हुदा अमरीन, अवधेश कुमार गौतम,रसोइया वैजन्ती मिश्रा, सुमन मिश्रा,सतीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## राशनकार्ड धारक आज से ले सकेंगे अपना राशन

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** आज से सार्वजनिक सस्ते गल्ले के वितरण की शुरुआत हो गई है।इस बार अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को जनवरी फरवरी और मार्च प्रति राशन कार्ड 3 किलो चीनी 18 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मिलेगी।ध्यान देने योग्य बात यह है कि चीनी के लिए राशन पोर्टेबिलिटी लागू नहीं होगी,जिस दुकान का राशन कार्ड है वहीं जाकर आपको चीनी लेनी पड़ेगी।पात्र गृहस्थी धारकों को 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल प्रति यूनिट मिलेगा।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बंटने वाला राशन पूर्णतया निःशुल्क है।यदि किसी राशन कार्ड मे 10 से अधिक यूनिट है तो उसे दो बार अंगूठा लगा करके राशन दिया जा सकता है क्योंकि सार्वजनिक वितरण के तहत बंटने वाला राशन अबकी बार मशीन और कांटे के साथ जुड़ा हुआ है। कांटे पर जब राशन रखा जाएगा तभी आपका अंगूठा लगेगा यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने दी।

## मोबाइल चलाने से मना करने से नाराज़ किशोर ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

* ऑनलाइन गेम खेलने की थी आदत,कक्षा आठ में करता था पढ़ाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



कोतवाली सदर क्षेत्र के पिपरिया राजापुर में परिजनों ने किशोर को मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल करने पर डांट दिया तो किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के पिपरिया राजापुर निवासी अतुल कुमार राठौर के 12 वर्षीय पुत्र पुष्कर राठौर उर्फ सूर्या ने मोबाइल फोन पर अत्यधिक ऑनलाइन गेम खेलने से परिजनों के मना करने पर घर के अंदर रखे गए अधबने दरवाजे से फांसी लगा कर जान दे दी। मृतक के पिता अतुल कुमार ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा गणेश कक्षा 12 में पढ़ता है और दूसरा बेटा पुष्कर उर्फ सूर्या जो गांव के ही प्राथमिक विद्यालय पिपरिया में कक्षा आठ में पढ़ता था।सूर्या घर से दो दिन के लिए गया था भाग पुष्कर उर्फ सूर्या मोबाइल फोन में ऑनलाइन गेमिंग की आदत का शिकार हो गया था। इससे उसको डांटा, समझाया भी जाता था। इससे वह नाराज हो जाता था और कई कई दिन तक खाना नहीं खाता था। घर वालों के ज्यादा समझाने और डांटने के चलते एक बार पुष्कर उर्फ सूर्या घर से दो दिन के लिए भाग गया था।हालांकि फिर वह घर आ गया था। लेकिन मोबाइल फोन पर ऑनलान गेमिंग की आदत नहीं छूटी और फिर से उसको समझाने पर उसने यह कदम उठाया। बहर हाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।दो दिन पहले छोले पूड़ी की दुकान का अतुल कुमार राठौर ने किया उद्घाटन मृतक के पिता अतुल कुमार ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले बच्चों की पढ़ाई और घर आसानी से चले इसके लिए दो दिन पहले ही उसने छोले, पूड़ी की दुकान का काम शुरू किया था।

## खेलकूद और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में एक नई स्फूर्ति पैदा होती : पुष्पराज सिंह

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



स्थानीय ज़िला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में गत दिवस ब्लॉक खैराबाद के जूनियर और कम्पोजिट विद्यालयों के कक्षा 6,7,8 के बच्चों के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी महोदय श्री पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में डायट खैराबाद के सभागार में किया गया।प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में कुल 149 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में कुल 20 प्रश्न बहुविकल्पीय पूछे गए।द्वितीय चरण में प्रथम चरण के टॉप 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया जिनसे कुल 13 प्रश्न जिनमे 10 बहुविकल्पीय प्रश्न तथा 3 अतिलघु, लघुउत्तरीय प्रश्न पूछे गए। तृतीय चरण में द्वितीय चरण के टॉप 28 छात्रों का चयन किया गया । इन 28 छात्रों का साक्षात्कार कर टॉप 10 छात्रों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी 149छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा स्टेशनरी, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का प्रमाण पत्र द्वितीय चरण में पहुंचे 100 छात्रों को ज्यामितीय बाक्स टाप 10 छात्रों को मेडल व नकद धनराशि, टाप 05छात्रो को स्मृति चिन्ह तथा जिला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए क्रियाकारी विज्ञान माडल निर्माण हेतु 2100/ रुपए प्रति प्रतिभागी नकद धनराशि प्रदान की गई । कार्यक्रम के मध्यावकाश में सभी प्रतिभागी छात्रों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को एक्सपोजर विजिट के बारे मे बताया द्वितीय चरण की परीक्षा देने वाले 100छात्रो की एक्स्पोज़र विजिट करायी जायेगी जिसके लिए शीघ्र ही तिथि घोषित कर सभी छात्रों को सूचित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर,ह्यश्च टीम से राकेश कुमार, विवेक कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया , प्रतियोगिता का संचालन, निर्देशन एआरपी गणित अरविन्द वर्मा तथा एआरपी विज्ञान अनुपम दीक्षित के द्वारा किया गया , बीआरसी स्टाफ से पंकज रावत एकाउंटेंट बृजेश दीक्षित कंप्यूटर आपरेटर, रमेश रस्तोगी ,प्रमोद कुमार,संजय कुमार,जूनियर शिक्षक संघ मंत्री जहीर आलमअंसारी आदि के द्वारा व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया गया।

**परिणाम टॉप 05**

- रेशुल कक्षा6 यूपीएस असरफपुर
- अरूण कक्षा 8यूपीएस भगवानपुर बिनौरा
- कुंदन कक्षा 8 यूपीएस हुसैनपुर कैमहरा
- दृष्टि चौहान कक्षा7 कम्पोजिट विद्यालय भगौतीपुर
- रमाकांत कक्षा8 यूपीएस हुसैनपुर कैमहरा

## दर्दनाक हादसा, झोपड़ी में लगी आग, भाई-बहन जिंदा जले, बुरी तरह छुलसे पिता की हालत बेहद गंभीर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** अपने परिवार के साथ सो रहे दम्पति को क्या पता था सुबह उनके लिए काल बनकर आएगी दो मासूम आग की चपेट में आकर मौत के मुंह में समा जाएंगे आग की चपेट में आने से पुत्र पुत्री की मौत हो गई आग में झुलसे पिता की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।ह्रदय विदारक घटना रामापुर चौकी क्षेत्र की बताते चलें बुधवार रात सोते समय अचानक झोपड़ी में आग लगने से पिता और दो बच्चे गंभीर रूप से जल गए।इनमें दोनों बच्चो की मौत हो गई।जबकि लखनऊ मे पिता की हालत बेहद गम्भीर अग्निकांड में आसपास के पांच अन्य झोपड़ियां भी जल गईं।इसमें कपड़े, बर्तन, नकदी आदि ग्रहस्थी का सामान जल गया।आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।खीरी क्षेत्र के गांव रूद्रपुर खुर्द निवासी रामपाल छप्पर झोपड़ी में रहते हैं।बुधवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे।देर रात उनके घर में अचानक आग लग गई।परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले आग ने विकराल रूप ले लिया।जलता छप्पर रामपाल के नौ वर्षीय पुत्र अंकित पर गिर गया।इससे उसकी मौके पर जलकर मौत हो गई।15 वर्षीय बेटी अंजली ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।पिता 45 वर्षीय रामपाल गंभीर रूप से झुलस गए।उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया।जहां हालत नाजुक बनी हुई है।हादसे में रामपाल की पत्नी भी झुलस गई। उनका इलाज किया गया है। पड़ोस के पांच झोपडी जली हैं। यहां लोगों के जाग जाने से वे घरों के बाहर निकल गए।इनका घर ग्रहस्थी का सामान आदि जल गया।

## भाजपा विदेश विभाग उ.प्र द्वारा प्रदेश कार्यालय में 'प्रवासी संवाद' कार्यक्रम संपन्न

* यू.ए.ई से अयोध्या दर्शन को आये प्रवासियों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व एन. आर. आई मंत्री ने किया अभिनन्दन

जन एक्सप्रेस । निघासान खीरी





प्रवासी भारतीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कार्यालय लखनऊ में भाजपा विदेश विभाग, उ.प्र द्वारा ÷चुनावों में प्रवासियों की भूमिका÷ विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में यू. ई से पधारे 53 भारतीय प्रवासियों का दल ओवरसीज फ्रेंड आफ बीजेपी के पदाधिकारी रामकुमार गौतम के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय पहुंचा और इस विभाग की टीम व महिला मोर्चा की टीम द्वारा उनका तिलक फूल मालाओं और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के मा. प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री भूपेंद्र चौधरी ने सभी आये भक्त गणों का अभिनंदन करते हुये उनका अंग वस्त्र द्वारा स्वागत किया व व्यक्तिगत रूप से सभी का एक-एक कर परिचय लिया । अपने उद्बोधन मे उन्होंने आगामी चुनावों हेतु प्रवासियों को प्रोत्साहित किया । उन्होंने भारत की विश्व पटल पर क्या दृष्टि है इस पर भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से पधारे विदेश विभाग के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य श्री नकुल भारद्वाज ने आगामी चुनावों में प्रवासियों की भूमिका पर चर्चा की व बताया कि भारतीय प्रवासियों को विदेशों में सम्मान मिल रहा है इसका श्रेय हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने उन्होंने प्रदेश की आदित्यनाथ योगी जी की सरकार के कार्य की भी सराहना की आज किस प्रकार गरीब किसान मजदूर एवं महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं इस पर भी विस्तार से चर्चा की । विशिष्ट अतिथि श्री नंदकुमार नदी एनआरआई मंत्री ने प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया गया उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पहले विश्व पटेल पर देश की क्या स्थिति थी और अब देश की वर्तमान स्थिति क्या है इसकी भी चर्चा की विस्तार रूप से की। कार्यक्रम के आयोजक एवं मंच का संचालन विदेश संपर्क विभाग भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संयोजक श्री राजराजेश्वर सिंह द्वारा किया गया।बताया कि किस प्रकार प्रवासियों के योगदान से पार्टी लोकसभा चुनावों में लाभान्वित हो सकती है। उन्होंने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विदेश विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं कार्यक्रमों की भी चर्चा की। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ठ अतिथि व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता जी ने दर्शन कार्यक्रम हेतु मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश प्रभारी विभाग एवं प्रकोष्ठ द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम समापन की घोषणा की । कार्यक्रम में राजेश सूर्या जी पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय संयोजक, डॉक्टर एसश पी तिवारी जी क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र, राजीव शर्मा क्षेत्रीय सह संयोजक विदेश संपर्क विभाग पश्चिम क्षेत्र , रुचि शुक्ला जी विदेश विभाग के साथ श्री कल्पना तिवारी जी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की महिला टीम , डॉक्टर रणवीर लैश्रम जी , दीपक चौबे एवं अंकित जी एवं राहुल राय जी सहित विदेश विभाग के अन्य कार्यकर्त उपस्थित रहे । यह दल कार्यक्रम समाप्त होने के बाद श्री राममंदिर के दर्शन हेतु अयोध्या विदेश संपर्क विभाग भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की टीम के साथ अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के दर्शन हेतु रवाना हुआ।

## निरीक्षण के दौरान डॉक्टर के बिना चल रहा था अस्पताल





* अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल को सीज किया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के लखीमपुर रोड स्थित शिव हॉस्पिटल पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस बल के साथ छापा मारा यहां डॉक्टर डॉक्टर के नाम बोर्ड तो मिले मगर मौके पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। और ना ही कोई महिला चिकित्सक मिली जब महिला चिकित्सक के बारे में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने जानकारी ली तो पता चला कि यहां कोई भी डॉक्टर मौके पर नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को स्थानीय लखीमपुर रोड स्थित शिव हॉस्पिटल पर अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी छापेमारी की गई तो पता चला की अस्पताल में ऑपरेशन से डिलीवरी कराकर आने वाली एक प्रसूता सहित आठ महिला मरीज भर्ती मिले। अस्पताल सील करने के बाद सभी भरती 8 महिला मरीजों को गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड मे भर्ती कराया गया। वहीं पर एक प्रसूता की हालत गंभीर होने पर उसे जिलास्पताल रेफर किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मौके पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं जबकि अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर कई डॉक्टरों के नाम लिखे हुए थे। इनमें महिला चिकित्सक के नाम भी थे बोर्ड के अनुसार डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं मिले और अस्पताल में साफ सफाई न होने सहित कई अनियमिताएं मिलने पर अस्पतालको सील कर दिया गया है। अपर मुख्य चिकित्साअधिकारी लाल लालजी पासी ने बताया कि कोई भी डॉक्टर ना मिलने और मानक पूरा न होने के कारण अस्पतालको सील कर कार्रवाई की गई है।

### जांच के पैसे अलग से लिए जाते थे

ऑपरेशन करने के 30000 दवाई और जांच की अलग से शिव हॉस्पिटल में लिया जाता है चार्ज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के जांच के दौरान वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि यहां ऑपरेशन के अलावा दवाई और जांच के पैसे अलग से लिए जाते थे।

## होम्योपैथी के मेधावियों का हुआ सम्मान

* डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर पर रखे नजर सलामत रहेगी किडनी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी





विश्व किडनी दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर एडवांस स्टडी इन होम्योपैथी के तत्वाधान में डॉ ओपी श्रीवास्तव के रिसर्च सेंटर पर एक सीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के तमाम मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। शहर के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रहे डॉ ओपी श्रीवास्तव अभी भी नगर में लोगों को सेवा दे रहे हैं। होम्योपैथी की शिक्षा ले रहे मेधावियों का हौसला बढ़ाने के लिए लखनऊ के जानकीपुरम में विश्व किडनी दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया।समारोह की अध्यक्षता होम्योपैथी के निदेशक डॉ अरविंद वर्मा ने की। सीएमई के मुख्य वक्ता मेदांता हॉस्पिटल के गुर्दा विभाग के निदेशक डॉ आरके शर्मा थे। उन्होंने गुर्दा रोगों के कारण एवं निवारण के विषय में बताया। साथ ही गुर्दा रोगों में किस प्रकार खान पान एवं रहन सहन से बचा जा सकता है, इस पर भी चर्चा की।उन्होंने गुर्दा रोगों का मुख्य कारण डायबिटीज और ऊच्च रक्त चाप बताया। कहा कि ऐसे रोगियों को समय समय पर संबंधित जाँच कराते रहना चाहिए।प्रो डॉ अमित नायक राजकीय नेशनल होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज मैटेरिया मेडिका के विभागाध्यक्ष ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा नियमानुसार रोगी का विवरण इकट्ठा करके और रिपर्टोराइज़ेशन के माध्यम से किडनी के हर रोग को ठीक किया जा सकता है। डॉ रवि सिंह ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा किडनी के हर रोग को ठीक करने में सक्षम है। उन्होंने किडनी के एक विशेष रोग क़ायली यूरिया को ठीक करके कई रोगिओ के विवरण प्रस्तुत किए। डॉ एसबी तिवारी ने गुर्दा कि पथरी को ठीक करने के उपाय बताये। दिल्ली से आयी डॉ रीना सिंह राजपूत ने मानसिक रोगों कि प्रभाव किडनी रोगों तथा अन्य रोगों पर कितना पड़ता है उस पर चर्चा की।कहा कि मानसिक तनाव को दूर कर शरीर रोग मुक्त किया जा सकता है। डॉ अविनाश श्रीवास्तव ने क्रोनिक किडनी के रोगियों का विवरण प्रस्तुत कर बताया कि होम्योपैथीक दवाइयाँ बहुत कारगर है। समारोह में पधारे राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के छात्र एवं छात्राओ को अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों को मेडल ,,प्रशस्ति पत्र एवं मेडिकल इक्विपमेंट देकर सम्मानित किया गया। नेशनल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया ।सभा का संचालन डॉ सुगंधा श्रीवास्तव ने किया। समारोह में प्रोफ़ डॉ रेणु महेंद्र, डॉ जय राम रॉय,जीसीआरजी कॉलेज के निदेशक ओंकार यादव, डॉ नूतन शर्मा, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ पूजा नायक,डॉ ममता पंकज, डॉ पीके मौर्य, डॉ गौरांग, डॉ अर्पित, डॉ आदर्श, डॉ पीके रॉय, डॉ शिखा के अतिरिक्त क़रीब सौ छात्रो एवं छात्राओ ने भाग लिया। डॉ ओपी श्रीवास्तव ने सभी का आभार जताया। समारोह को सुयोजित तरीक़े से आयोजित करने हेतु डॉ एस डी सिंह एवं डॉ पी के राय को सम्मानित किया गया।

# पुराने हिस्ट्री शीटरों को नए सिरे से सूचीबद्ध कर रखी जाए नजर- आईजी

जन एक्सप्रेस | उरई



प्रयागराज परिक्षेत्र रेलवे के प्रभारी आईजी राकेश पुष्कर ने जीआरपी थाने का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने थाने में मालखाना व मैंस का मौका मुआयना कर साफ सफाई के इंतजाम देखे। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं को भी खंगाला। आईजी ने कहा थाने में खुली महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं को समुचित न्याय मिले। उसके लिए एक महिला सब इंस्पेक्टर की जल्द तैनाती होगी। साथ ही रमजान व होली पर झांसी कानपुर रेलमार्ग की ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ेगी। जरुरत पड़ी तो गाड़ियों में अलग से स्कार्ट भी चलाया जाएगा।

गुरुवार दोपहर को अचानक रेलवे आईजी जीआरपी थाने पहुंच गई। यहां पर उन्होंने अपराध रजिस्टर को बिंदुवार देखा। लंबित विवेचनाओं की प्रगति पर नजर डाली। बकाया सात विवेचनाओं को जल्द निपटाए जाने को कहा। साथ ही पुराने हिस्ट्री शीटरों को नए सिरे से सूचीबद्ध कर नजर रखी जाए। उन्होंने जीआरपी एसओ अवधेश कुमार को सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखे जाने के निर्देश दिए। इसके लिए बराबर एलर्ट रहने की नसीहत दी। वर्ष 2010 बैच की अफसर राकेश पुष्कर मौजूदा समय में लखनऊ डीआईजी है। वह विजिलेंस समेत तमाम पदों पर सेवाएं दे चुकी है। इसके अलावा आईजी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, सरकुलेटिंग एरिया का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। मौके पर तैनात मिले सिपाहियों को ड्यूटी के वक्त सतर्कता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा, थाने में हवालात की जो समस्या हैं। उसके लिए विभाग से बातचीत की जाएगी। कोशिश होगी कि जल्द ही थाने को हवालात मिल जाए। उन्होंने तयोहार के चलते गाडियों की चेंकिंग बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान चौकी इंचार्ज इंद्रबली आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने गौशाला व जलाधारित परियोजना का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज निर्माणाधीन जुगराजपुर गौशाला, प्राथमिक विद्यालय व पोलिंग बूथ, आंगनवाड़ी केंद्र जुगराजपुर व निर्माणाधीन जलाधारित परियोजना रायपुरा का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गौशाला जुगराजपुर का निरीक्षण के दौरान यूपीआरएनएएस कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि 31 मार्च 2024 तक सभी कार्य पूर्ण करते हुए गौवंशो को सरंक्षित किए जाएं। निर्माणाधीन गौशाला के चारों तरफ समतलीकरण कर तार फेंसिंग के निर्देश दिए।

इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए साथ ही छात्राओं के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए बच्चों को यूनिफॉर्म में ही स्कूल भेजने हेतु प्रेरित करें। मिड डे मील में बच्चों को रोस्टर अनुसार भोजन न मिलने पर कड़ी फटकार लागई साथ ही निर्देशित किया कि रोस्टर अनुसार ही बच्चों को भोजन दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विद्यालय के परिसर का फर्श, प्रधानाध्यापक कक्ष व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि एस्टीमेट बनाकर सही कराया जाए। इसके उपरांत विकासखंड कुठोन्द का निरीक्षण के दौरान आइजीआरएस जनसुनवाई प्राप्त शिकायत के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत लंबित न रहे समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया, जिसमें सभी कर्मचारियों की जीपीएफ पास बुक अपडेट मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक अर्चना मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के लंबित आवेदनों को स्वयं परीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। इसके उपरांत निर्माणाधीन जलधारित परियोजना रायपुरा के निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए निर्देश दिए की 31 मार्च तक परियोजना को मैंन पावर व मशीनरी बढाकर युद्ध स्तर पर कार्य को पूर्ण करें। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बर्दशात नहीं की जाएगी साथ ही संबंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों पर भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निर्मल कुमार खंड विकास विकास अधिकारी आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मखौल उड़ाते जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस | देवरिया

समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज, के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से सैकड़ों जोड़े विवाह के कागजी सूत्र में बांधे गए, और सरकार की कागजी मंशा पूरी कर जिम्मेदारों ने अपनी पीठ अपने थपथपा लिया। बताते चलें कि सरकार द्वारा यह योजना समस्त वर्गों के उन लोगों के लिए संचालित की गई है जो लोग अपने बेटीयों की शादी करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं और ऐसे लोगों की बेटियों की शादी लिए सरकार द्वारा प्रति वैवाहिक जोड़े पर 51 हजार रुपए खर्च करती है, जिसके अंतर्गत नये जोड़ों के लिए 35 हजार एवं 40 हजार रूपए विधवा, तलाकशुदा जोड़े की कन्या के बैंक खाते में तथा 10 हजार रुपए गृहस्थी के सामग्री तथा कन्या के वस्त्र आभूषण आदि 5 हजार रुपए विधवा, तलाकशुदा महिलाओं को दिया जाना होता है तथा 6 हजार रूपए भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय करने का प्रावधान है।

### हिंदू विवाह परंपरा को नजरंदाज करते जिम्मेदार



भारत वर्ष की हिंदू वैवाहिक पद्धति में जहां विवाह में कन्या का सिंदूरदान किया जाना ही उसके वैवाहिक जीवन को दर्शाता है परंतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हिंदू विवाह पद्धति का जमकर मखौल उड़ाया जा रहा जहां बिना सिंदूरदान के ही सैकड़ों जोड़ों का कागजी विवाह कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए सरकार की मंशा को जहां धूलधूसरित किया जा रहा है वहीं योजना के पात्र लोगों लाभ से वंचित हो रहे हैं, जिम्मेदारों द्वारा कभी यह जांचने की जरूरत नहीं महसूस की जाती कि आवेदित जोड़े योजना में शामिल हो रहे जोड़े विवाह कर रहे हैं या सिर्फ योजना का लाभ ले रहे हैं।

### खर्च की राशि का जमकर बंदरबांट करते जिम्मेदार

जिम्मेदारों के लूट खसोट की स्थिति यह है कि छः हजार रुपए प्रति जोड़े के खर्च का आंकलन किया जाए तो लाखों रुपए में खर्चा आता है और सच्चाई यह है कि जो खर्चे के मद में राशि दर्शाई जाती है उसका पचास प्रतिशत तक ही खर्च किया जाता है और बाकी का जिम्मेदार बंदरबांट कर जाते हैं।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश से पिता पुत्र पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पिछले दिनों शहर के सिंह भवानी समदनगर स्थित पैतृक मकान में बने शंकर जी के मंदिर को तोड़ने व पूजा अर्चना न करने का आरोप ब्यापार मंडल के जिला प्रभारी व उसके पुत्र पर समाजवादी ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने लगाया था। संतोष साहू के मना करने पर ब्यापार मंडल के जिला प्रभारी व उसके पुत्र ने शस्त्र लाइसेंस दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी शिकायत समाजवादी ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने अपनी मां व दर्जन भर से अधिक परिवारीजनों को साथ मे ले जाकर रवि साहू पुत्र चन्द्रभान साहू व अमन साहू पुत्र रवि साहू के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा था और उक्त लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। एसपी अपर्णा गुप्ता ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए रवि साहू पुत्र चंद्रभान साहू व अमन साहू पुत्र रवि साहू के विरुद्ध थाना कोतवाली सदर में मुकद्मा संख्या 121/2024 धारा 447, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़ित संतोष कुमार साहू ने एसपी अपर्णा गुप्ता का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर डाक्टर ने स्टाप के साथ मिलकर की युवक की मारपीट

**✻ पत्नी का तीन दिन से अल्ट्रासाउंड करवाने आ रहा था युवक, जांच में जुटी पुलिस**

जन एक्सप्रेस | उरई



लगभग तीन दिन से अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करवाने के लिये आ रहा था जिसे अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर पर्चा जमा करने वाला कर्मी कल आने की बात कहकर टरका देता था। आज गुरुवार को युवक अपनी पत्नी को लेकर अल्ट्रासाउंड कक्ष पहुंच तो वहां पर खड़े कर्मी युवक से अल्ट्रासाउंड न होने की बात कही तो इस बात को लेकर युवक व अस्पताल कर्मी में विवाद होने तो अल्ट्रासाउंड कक्ष के अंदर बैठे डाक्टर सौरव कुमार बाहर निकल कर आये और अस्पताल कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक की पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर डाली इस दौरान युवक ने भी बचाव में डाक्टर सौरव कुमार को भी चाटें मार दिये। उधर डाक्टर द्वारा की गयी मारपीट से जान बचा कर युवक कोतवाली जा पहुंचा जहां पर पीड़ित युवक बृजेंद्र पाल निवासी ग्राम बडेरा को ही पुलिस ने बैठा लिया।इससे पहले पीड़ित युवक बृजेंद्र पाल ने डाक्टर की शिकायत की सूचना शिकायत 1076 पर की थी।सूत्रों से बताया गया है। डाक्टर सौरव कुमार व बृजेंद्र पाल दोनों ने ही पुलिस को तहरीर दी है। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की गहन छानबीन की।

# एक लड्डू के लिए स्टाफ नर्स द्वारा दाई की पिटाई का आरोप

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज




बनकटी अस्पताल पर 15 सालों से कार्यरत दाई सरस्वती देवी ने महिला नर्स पर मारपीट का आरोप लगाया,जांच के लिए टीम गठित। बनकटी अस्पताल का हमेशा विवादों से गहरा नाता हैं ।कार्यरत दाई सरस्वती देवी ने आरोप लगाया है कि मरीज के द्वारा दिए गए एक लड्डू खाने पर अस्पताल पर तैनात महिला नर्स जैतून निशा ने वृद्ध महिला दाई की बंद कमरे में गला दबाकर चप्पल और लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी तथा बेरहमी से घसीटी। वही बगल में खड़ी मरीज ने महिला नर्स जैतून निशा की घोर निन्दा किया।अस्पताल का यह कोई नया कारनामा नहीं है बल्कि पूर्व में भी अवैध वसूली का को लेकर आरोप महिला नर्स पर आरोप लग चुका है।बरहाल अस्पताल पर बीते तीन दिनों से लगातार मारपीट की प्रक्रिया चल रही है। जबकि वहीं जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकरण में महिला नर्स को बचाने में जुटे हुए हैं। महिला नर्स जैतून निशा से पूछे जाने पर उन्होंने फोन रिसीव करके आवाज न सुनाई देने का हवाला देकर फोन काट दी।

इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीना वर्मा ने बताया कि जांच के लिए टीम गठित कर दी गई हैं एसीएमओ डॉक्टर नवनाथ जांच कर रिपोर्ट देंगे।

## सीएचओ कक्ष निर्माण में सरकारी धन को लगाया जा रहा ठिकाने

**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा।** ठेका प्रथा से तैयार किए जा रहे सी.एच.ओ. कक्ष में जागरुक लोगों ने ठेकेदार पर सरकारी धन को ठिकाने लगाने के आरोप लगाए हैं। बता दें पनवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में ठेका प्रथा से 18 फिट लंबा 14 फिट चैड़ा करीब साढ़े तीन लाख रुपयों की लागत से सी.एच.ओ. कक्ष निर्माण का कार्य जारी हैं। निर्माण में घटिया किस्म का ईंटा व पतला सरिया लगाकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने के जागरुक लोगों ने ठेकेदार पर आरोप लगाएं हैं। निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग में लाने पर राज मिस्त्री द्वारा बताया गया कि ठेकेदार जो सामग्री हमे उपलब्ध करा रहा है वो सामग्री प्रयोग में लाई जा रही है। वहीं जागरुक लोगों ने जिला चिकित्साधिकारी आशाराम का ध्यान गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य की ओर अपेक्षित कराया है।

# हत्या की कोशिश जेल में बम धमाका मामले में 8 लोगों को हुआ सात सात वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस | उरई

**✻ दोनों अधिवक्ताओं की दलीलें सुननें के बाद सुनाया गया फैसला**

**✻ 48-48 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**

**✻ जेलर नत्थू सिंह सेंगर समेत 14 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी**

जिला शासकीय अधिवक्ता लखन लाल निरंजन ने बताया कि जिला कारागार में 20 मार्च 2010 को हुए गैंगवार में मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य प्रिंस अहमद व चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम औंता निवासी नासिर की हत्या कर दी गई थी। नासिर के पिता अयूब खां ने जेल प्रशासन पर नासिर व प्रिंस अहमद की हत्या का आरोप लगाते हुए तत्कालीन जेल अधीक्षक अविनाश गौतम, जेलर नत्थू सिंह सेंगर समेत 16 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में बुधवार को फैसला सुनाया गया था। जिसमें जिला जज ने जेलर नत्थू सिंह सेंगर समेत 14 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल में हुए दोहरे हत्याकांड में पहला मुकदमा तत्कालीन जेलर नत्थू सिंह सेंगर ने 20 मार्च 2010 को ही दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया गया कि जेल भीतर नासिर, प्रिंस अहमद, अनिरुद्ध, राजू ठाकुर, राजू गुन्नू, अशीष तिवारी, रिंकू सिंह, दीपू ,शाहिद काली, मोहमद इरफान के बीच झगड़ा हुआ,और इसी बी किसी बंदी ने बम धमाका कर दिया। जिससे जेल में अफरातफरी का माहौल बन गया, और इसी में प्रिंस अहमद और नासिर की मौत हो गई। प्रिंस व नासिर की मौत हो गई थी। जांच में पुलिस ने आठ बंदियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। मामले में जिला जज लल्लू सिंह ने दोनों अधिवक्ताओं की दलीलें सुननें के बाद साक्ष्यों के आधार पर आठों आरोपितों को हत्या की कोशिश जेल में बम धमाका करने के अपराध में दोषी करार देते हुए सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 48-48 हजार रुपये का जुर्माने भी लगाया।

# एसडीएम ने जीआईसी की छात्राओं की दिए स्वास्थ्य और कैरियर टिप्स

जन एक्सप्रेस | चौरीचौरा



माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रशांत वर्मा व डॉक्टर हरिओम पांडेय के नेतृत्व राजकीय कन्या इंटर कालेज में छात्राओं को उनके कैरियर व स्वस्थ संबधी जानकारियां दी गई।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रशांत वर्मा ने छात्राओं से कहा की प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ने के लिए रणनीति बनाकर तैयारी करनी पड़ेगी।डॉक्टर हरिओम पांडेय ने छात्राओं से कई प्रकार के रोगों व उनसे बचाव के बारे में विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा स्ट्रेस में आकर याद किया हुआ भी एग्जाम में नहीं लिखा जा सकता है।इस लिए बिना स्ट्रेस के पढ़ाई करनी चाहिए।पूर्व चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने नेहरू स्मारक बालिका इंटर कालेज मुंडेरा बाजार में सैकड़ों छात्राओं में नैपकिन का वितरण कर उनको स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की बात कही है।साथ ही सर्वाइकल कैंसर के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सरदार नगर, की प्रिंसिपल रचना चौधरी, रश्मि, सुमन, शकुंतला शाह, भावना, रेनू नायक, लक्ष्मी पांडे, उमेश्वरी गुप्ता, प्रीति, उर्मिला यादव, कविता, पूनम, रागिनी, अर्चना, रेखा उपस्थित रही।

## मंडलायुक्त ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी नें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश के साथ महोबा विधानसभा के अंतर्गत मतदेय स्थलो प्राथमिक विद्यालय अलीपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय कांसीराम कालोनी महोबा तथा विधान सभा चरखारी के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम अलीपुरा के बूथ केंद्र का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात् राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय अतरपठा, प्राथमिक विद्यालय लाडपुर, जूनियर हाई स्कूल बम्होरी खुर्द, प्राथमिक विद्यालय सूपा, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सूपा कमपोजिट मतदेय स्थलों का जायजा लिया।

# एसपी ने नवनिर्मित भोजनालय व बिल्डिंगों का फीता काटकर किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | महोबा

जिले के चरखारी कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक एसपी अर्पणा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये एसपी अर्पणा गुप्ता ने कहा कि आने वाले ईद-होली के त्योहारों एवं वर्तमान में चल रहे रमजान माह में किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा होलिका दहन पूर्व से नियत स्थलों पर ही किया जायेगा। उन्होंनें सभी लोगों से त्योहारो को आपसी भाईचारे के साथ प्रेमपूर्वक मनाने की अपील की। इसके साथ ही चरखारी कोतवाली में बेहतर कार्य करने वाले कांस्टेबिल नितिन, राममिलन परिहार, संदीप, प्रमोद कुमार एवं महिला कांस्टेबिल शिवानी साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने कोतवाली क्षेत्र के गांवों में अच्छा कार्य करने वाले चैंकीदारों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने चरखारी कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण में कार्यालय के अभिलेखों, शस्त्रागार एवं बैरकों का निरीक्षण किया एवं नवनिर्मित मेस भवन, भोजनालय, पिंक बूथ का उद्घाटन किया। एसपी ने कोतवाली प्रभारी गणेश गुप्ता के द्वारा कोतवाली परिसर में कराए कार्यो की सराहना की। इस मौके पर सीओ रविकांत गौड, एसओ गणेश कुमार गुप्ता, एसआई मधुरेश तिवारी, एसआई सुभाष त्रिपाठी भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी भाजपा नेता युवराज सेंगर, नियाज अहमद, लखनलाल नायक, सभासद मुहम्मद सरफराज, श्रीवास, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एंटी करप्शन टीम ने रजिस्ट्री ऑफिस के बाबू और मुंशी को पन्द्रह हजार घूस लेते दबोचा

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।** रजिस्ट्री का मूल दस्तावेज देने के नाम पर 15000 घूस लेते बाबू और प्राइवेट मुंशी को विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने सलेमपुर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। एंटी करप्शन की इस कार्रवाई से रजिस्ट्री और तहसील में हड़कंप मच गया।सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरडीहा दलपत निवासी अवध किशोर सिंह ने करीब एक सप्ताह पहले सलेमपुर रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन का बैनामा कराया था। वह बैनामा का मूल दस्तावेज लेने को रजिस्ट्री ऑफिस का चक्कर लगा रहे थे। ऑफिस के कनिष्ठ लिपिक ने मूल दस्तावेज देने को 15 घूस की मांग की। अवध किशोर सिंह ने दो दिन पहले इसकी शिकायत फोन करके गोरखपुर विजिलेंस को दी। इसके बाद से इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन की 14 सदस्य टीम गठित की गई। गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे दो वाहनों से एंटी करप्शन की टीम रजिस्ट्री ऑफिस के पास पहुंची। उनके इशारे पर अवध किशोर सिंह 15 हजार लेकर रजिस्ट्री ऑफिस में पहुंचे। कनिष्ठ लिपिक कमलेश प्रसाद तथा प्राइवेट दस्तावेज लेखक रामानंद से बातचीत करने के बाद उन्होंने 15 हजार घूस की रकम बाबू को दिया। पैसा लेते ही आस- पास मड़रा रही एंटी करप्शन टीम ने दोनों को दबोच लिया। टीम ने उनका हाथ धुलवाया तो पानी का रंग लाल हो गया। इसके बाद टीम दोनों को लेकर कोतवाली पहुंच मुकदमे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### एक शिक्षित और निपुण बच्चा गांव की तस्वीर बदलने में सक्षम: पंडित गिरीश तिवारी

**जन एक्सप्रेस/लार देवरिया।** लार ब्लॉक के स्थानीय मैरेज हाल मे बृहस्पतिवार को ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान व स्थानीय निकाय के सदस्यों प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी और व उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया ।संगोष्ठी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश तिवारी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम की शुरुआत की ।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश तिवारी ने कहा की शिक्षकों व अभिभावकों के साथ-साथ ग्राम प्रधान का साझा मंच है आज प्राथमिक विद्यालय कॉन्वेंट को पीछे छोड़ रहे हैं प्राथमिक विद्यालयों को मॉडल विद्यालय बनाकर छात्रों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है विद्यालयों में आज बाउंड्री वालों खेलकूद मैदान शौचालय पानी की सुविधा के साथ-साथ अध्यापक भी मेहनत कर रहे हैं। जिससे छात्रों को प्राथमिक विद्यालयों की ओर रुझान बढ़ गया । जब हम लोग शिक्षा ग्रहण किए उस समय विद्यालयो में कई चीजों का अभाव था।खंड शिक्षा अधिकारी राम प्यारे राम ने कहा मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों को प्राप्त के लिए शिक्षकों का आह्वान करते हुए हर विद्यालयों को निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने की माता और आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान शिशिर राय, रूपेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह,राज कपूर ,शाहिद जमाल, अभय मिश्रा,चंदन यादव, तपनारायण यादव , आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा ने किया।

### नेता पर जानलेवा हमला, पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/रामपुर कारखाना देवरिया।** सपा के जिला सचिव पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला बोल दिया। कार से ठोकर मार कर नीचे गिरा दिया, फिर गाड़ी घुमाकर कुचलने का प्रयास किया। राहगीरों के शोर मचाने पर दोबारा बाइक में ठोकर मार कर फरार हो गए। आसपास के लोगों के फायरिंग की बात कहने से सनसनी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायल जिला सचिव को लेकर अस्पताल चली गई।रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी सपा जिला सचिव मुन्ना यादव गुरुवार की सुबह जिला मुख्यालय जा रहे थे। अभी वह देवरिया कसया मार्ग के पुरुषोत्तमपुर चौराहे से 100 कदम आगे पहुंचे थे कि पीछे से ओवरटेक कर एक कार चालक ने बगल से ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही मुन्ना यादव सड़क पर गिर पड़े। ठोकर मारने वाले 20 कदम आगे जाकर दोबारा कार को मोड़ लिए। आसपास के लोगों का कहना था कि कार चालक ने दोबारा मुन्ना यादव पर वाहन चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया।आसपास के लोगों के शोर मचाने पर चालक फिर से बाइक में ठोकर मार कर कसया की ओर भाग निकला। राहगीरों का कहना था कि घटनास्थल पर फायरिंग की आवाज भी सुनी गई। फायरिंग की बात सुनते ही क्षेत्र में सनसनी मच गई। घटना के लगभग 15 मिनट बाद दरोगा अश्वनी सिंह एक दर्जन पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने अपनी जीप से लादकर मुन्ना यादव को सदर अस्पताल भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने कहा कि घटना की जानकारी है। फायरिंग की बात गलत है। मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे हैं।

### भटनी में रुकेगी बांद्रा टर्मिनल- गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस

**जन एक्सप्रेस/भटनी देवरिया।** क्षेत्र से मुंबई और गुजरात जाने व आने वाले रेल यात्रियों की राह आसान होने वाली है। रेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद गोरखपुर -बांद्रा टर्मिनल हमसफ़र एक्सप्रेस भटनी जंक्शन पर रुकेगी। मंगलवार और बुधवार को इस रूट से गुजरने वाली गोरखपुर-बांद्रा हमसफ़र एक्सप्रेस के ठहराव के लिए सदर सांसद ने रेलमंत्री से अपील की थी। इसकी जानकारी पर लोगों ने खुशी जताई है।भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन से लोग बिहार के रास्ते कोलकाता, असम, झारखंड और गोरखपुर से होकर लखनऊ, दिल्ली, पंजाब तो वाराणसी रेलखंड से प्रयागराज, मध्यप्रदेश,मुंबई आदि शहरों को जाते है। मुंबई व गुजरात जाने वाली ट्रेनों के सीमित होने से यहां ट्रेनों में भीड़ देखी जाती है। ऐसे में लोगों ने सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी से गोरखपुर -बांद्रा टर्मिनल हमसफ़र को भटनी में ठहराव कराने की अपील की थी। सांसद ने रेलमंत्री से मुलाकात इस ट्रेन के ठहराव जनहित में करने की बात कही।

### नेत्रहीन बच्चों संग 21 मार्च को होली मिलन मनाएगा पत्रकार संघ

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी,देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई 21 मार्च को नेत्रहीन बच्चों के संग होली मिलन का आयोजन कर रही है। उक्त आशय की सूचना संगठन के छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय अध्यक्ष सरदार मानवेंद्र सिंह भाटिया ने देते हुए बताया कि संगठन हर बार सामाजिक समरसता को समर्पित इस प्रकार के कार्यक्रम वर्ष भर कर आयोजित करता है। इसी क्रम में इस बार नेत्रहीन बच्चों के संग होली मिलन के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

### समाज कल्याण अधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** जिला सामाज कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह ने चरखारी स्थित राजकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय इंटर कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। आकस्मिक निरीक्षण कर आगामी 27 मार्च को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई- ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० / | PnU-LKO-AYC-WRL-69-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| कार्य का नाम | Management and Operation of cloak Rooms |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.03.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.03.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० / | PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use- Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| कार्य का नाम | Management and Operation of cloak Rooms |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.03.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.03.2024 समय 10:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/Cloak Room AY/23/PK Dt:- 13.03.2024 811/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री योगी ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

**सीएम ने की देश व प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ी के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का हाल हाल-चाल जाना। इससे पहले 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, 23 जनवरी को व्यवस्थाओं का जायजा लेने व 11 फरवरी को कैबिनेट संग दर्शन-पूजन के बाद 14 मार्च को विकास परियोजनाओं की सौगात देने सीएम योगी अयोध्या पहुंचे। बता दें कि मुख्यमंत्री जी का मार्च माह का पहला दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में अधिकारियों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। प्रदेश सरकार बना रही प्रदेश वासियों की फैमिली आईडी वहीं राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा आतिथ्य सेवा का उदाहरण अयोध्या ने एक बार फिर साबित किया है 22 जनवरी से अब तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने राम लला का दर्शन किया है। मोदी जी को बार बार अभिनंदन। जो बोलते थे परिंदा पर नहीं मार सकता।अब एक करोड़ लोग आ रहे है।राम नवमी मेले की तैयारी का भी जायजा लेने आया हूं।जो सुरक्षा व स्वच्छता का भाव देखा है, क्या कांग्रेस, सपा कर पाती।हर व्यक्ति की इच्छा वो राम लला का दर्शन करे।आप लोग अयोध्यावासी है,सौभाग्यशाली है। अब अयोध्या नई मिसाल बनाने के लिए आगे बढ़ रही है।अयोध्या के लिए डबल इंजन की सरकार।30 हजार करोड़ की परियोजना चल रही है।अयोध्या में एयरपोर्ट बन गया।फोर लेन सिक्स लेन की सड़के बन रही है।पीएम पूछते थे के कि अयोध्या में क्या हो रहा है। दीपोत्सव के कार्यक्रम में पीएम खुद अयोध्या आए थे।राम पथ, भक्ति पथ,धर्म पथ,मार्ग बन गया है। कोई सोचता था ऐसा होगा।मल्टीलेवल पार्किंग बनी है। कोई सोचता था ऐसा बनेगा कोई व्यापारी उजड़ा नहीं है। सबका पुनर्वास हुआ है। अयोध्या के व्यवसाय का 50 गुना व्यवसाय बढ़ गया है। अयोध्या सूर्यवंश की राजधानी थी सूर्यवंश की राजधानी रहेगी। देश की पहली सोलर सिटी बन रही है दुनिया की पहली सोलर सिटी अयोध्या सिटी बन रही है भगवान सूर्य के रोशनी से अयोध्या रोशन हो रही है।विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित अयोध्या नव्य और भव्य आवश्यक है। क्या यह काम कांग्रेस सपा वाले करा पाते।उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम चारों तरफ एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार। तीसरी बार जब मोदी आएंगे तो भारत को दुनिया में तीसरी ताकत बनाएंगे। फैमिली आईडी शुरू करने वाले है जिन्हें योजनाओ का लाभ नहीं मिल पाया है उसे लाभ मिलेगा। फैमिली आईडी उसके बारे में बताएगी।सरकार के लोग उसके घर जाएंगे और उसे योजना का लाभ देंगे।भगवान अपना काम कराते रहते है माध्यम हम लोग बनते है। सांसद विधायक मध्यम बनते हैं। जिले का नाम अयोध्या,कमिश्नरी का नाम अयोध्या,तो प्रभु को यहां विराजना ही था। ये डबल इंजन की सरकार आपके साथ है। इस मौके पर भारी भीड़ मौजूद रही।

# मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में विभिन्न परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण /शिलान्यास

**भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के पक्ष में किया चुनावी जनसभा को संबोधित**

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिविल लाइन ग्राउंड् परिसर में जनसभा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विकास के पथ पर अग्रसर जनपद के सूचना विभाग , कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, भूमि संरक्षण विभाग , उद्योग विभाग, उद्यान विभाग तथा डूडा सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया गया।इसके उपरांत मंच से मुख्यमंत्री द्वारा प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव, सांसद रितेश पांडे,एमएलसी डॉ हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा,जिलाधिकारी अविनाश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास ÷ग्रामीण÷ योजना अंतर्गत आवास पूर्ण कर चुके लाभार्थी को चाबी वितरण, किया वहीं 5800 करोड़ के निवेश पर निवेशक जैनी केमिकल एंड फार्मास्पिटकल्स लिमिटेड को एमओयू हस्तांतरण प्रमाण पत्र, नव चयनित मेडिकल अफसर को नियुक्ति पत्र, 45000 रू प्रति माह आय करने वाली लखपति दीदी को सम्मान प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार 2023-24 ग्राम प्रधान बंदीपुर को पुरस्कृत, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु अनुदान के रूप में 12 लाख का डेमो चेक, उज्वला योजना अंतर्गत लाभार्थी को गैस सिलेंडर तथा चूल्हा का प्रतीक चिन्ह, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत दर्जी ट्रेड से सिलाई मशीन, सतप्रतिशत निपुण होने पर सहायक अध्यापक को प्रशस्ति पत्र तथा डूडा से 50 हजार के ऋण का डेमो चेक प्रदान किया गया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्रि द्वारा जनपद में 2121.41 करोड़ की 4955 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो सप्रेम भेंट किया। तदोपरांत मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं को हर गांव गरीब किसान महिला तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में विकास कर रही है जी - 20 का नेतृत्व भारत के लिए गौरव की बात है। फ्री राशन वितरण किया गया। प्रधानमंत्री के 10 साल देश के लिए बेमिसाल साबित हुआ। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने की छूट हर पात्र को है, लेकिन कानून से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी गई है। केंद्र व प्रदेश की सरकार इन्हीं संकल्पों के साथ विकास के माध्यम से हर एक व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

इसके लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। मुख्यमंत्री के आने से पूर्व विभिन्न वक्ताओं द्वारा जनपद के विकास व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, पूर्व विधायक आलापुर, टांडा, जलालपुर, पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश द्विवेदी, रमा शंकर सिंह, राम शबद यादव ,बाल्मिक उपाध्याय सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थिति रहे।

# विश्व विराट विजय राघव भगवान की कृपा से राम मंदिर फैसला व निर्माण हो रहा है: महंत नरसिंह दास

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में वासुदेव घाट स्थित विश्व विराट विजय राघव मंदिर में फागुन माह के शुभ अवसर पर भगवान विश्व विराट विजय राघव मंदिर में भगवान का प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है । सुंदरकांड राम कथा व प्रवचन के माध्यम से भक्तों हो रहे हैं भाव विभोर, भगवान विश्व विराट विजय राघव भगवान की प्रतिष्ठा भगवान की प्रतिमा का दर्शन कर पूजन कर हरियाणा से पधारे भक्त गण हो रहे हैं भाव विभोर, महंत विश्व विराट विजय राघव मंदिर के महंत नरसिंह दास के द्वारा विश्व कल्याण हेतु प्रतिदिन भोजन , प्रसाद , गरीबों की सेवा भक्तों को प्रसाद इत्यादि वितरण विगत 2008 से चलाया जा रहा है । महंत नरसिंह दास ने कहा कि विश्व विजय राघव विराट मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद इस नगरी का कायाकल्प हो गया । राम मंदिर निर्माण का फैसला आया और मंदिर का निर्माण भी शुरू हो गया । विश्व विराट विजय राघव मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महावीर दास ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया हमारे विश्व विराट विजय राघव मंदिर में जिस रूप में जिस स्वरुप में माता कौशल्या को विश्व विराट के रूप में दर्शन दिया था । उसी रूप में विश्व विराट विजय राघव मंदिर भगवान, विजय विश्व विराट रूप में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा 2008 में हुआ था इस अवसर पर 17वां प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है । प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में देश व विदेश से पधारे भक्तगण सुंदरकांड का पाठ नित्य सरजू स्नान, दर्शन पूजन कर , भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हो रहे हैं । विश्व विराट विजय राघव मंदिर में भक्तों को भोजन प्रसाद विगत कई वर्षों से वितरण किया जा रहा है । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा महोत्सव में अयोध्या के संतों महंतों का विशेष सहयोग मान सम्मान किया जाएगा।

# इंटरमीडिएट छात्र छात्राओं को दी गई फूलों व पेड़ पौधों की जानकारी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में अध्यनरत कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को गुरुवार को फूलो तथा पेड़ पौधों के विषय में जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने कक्षा-12 के जीव विज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं के ''वनस्पति विज्ञान'' विषय पर वनस्पतियों (पौधों) में लैगिंक जनन एवं पुष्पों पर प्रयोग करते हुए उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रबन्ध निदेशक कक्षा-12 के जीव विज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं को पौधों के विभिन्न भागों जैसे कि जड़तंत्र एवं प्रारोह तंत्र (रूट पार्टस एवं शूट पार्टस) एवं पौधों के प्रकार आर्वतबीजी एवं अनावृतबीजी पौधों की पहचान एवं उनके लक्षणों तथा पुष्पों के विभिन्न भागों की जानकारी क्षेत्र भ्रमण के द्वारा दिया गया। आवृतबीजी पौधों में साइकस पौधा दिखाया गया तथा अनावृतबीजी पौधों में गुड़हल तथा गुलाब के फूलों के विभिन्न भागों के बारे में जानकारी दी गयी तथा पौधे मादा भाग स्त्रीकेशर की पहचान एवं नर भाग पुंकेसर जहां से परागकण निकलती है, की पहचान करायी गयी। विद्यालय के पुष्प के बगीचे में ले जाकर आवृतबीजी पौधे अर्थात ऐसे पौधे जिनके बीज पर कवर होता है और ऐसे पौधे जिनके बीज पर कवर नही होता है।

# रामनवमी पर 24 घंटे हों श्रीरामलला के दर्शन-पूजन: मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनवमी और नवरात्रि की तैयारियों की समीक्षा की। अयोध्या में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम योगी ने नवरात्रि में अष्टमी, नवमी और दशमी को श्रीरामलला मंदिर में 24 घंटे दर्शन-पूजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अवधि में मंदिर के कपाट केवल विशेष पूजन अर्चन के दौरान ही बंद किये जाएं। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर नगर में साफ सफाई, लोगों के पेयजल की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुये श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम एवं नगर विकास विभाग से समन्वय कर इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था किया जाय कि श्रद्धालुओं को ढाई किमी से ज्यादा चलने की आवश्यकता न हों तथा तुलसी उद्यान आदि स्थानों पर उनके जूते चप्पल रखने की भी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी त्यौहार के समय चुनाव कार्य भी शुरू हो गया होगा, इसलिए इस अवसर पर मुख्य क्षेत्रों जैसे रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर स्थायी रूप से पुलिस कार्मिकों एवं अन्य सेवा के लोगों को ड्यूटी लगायी जाए और उन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

रामनवमी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा सीएम के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत, सूचना, संस्कृति, सामान्य प्रशासन एवं मेला प्रशासन के प्रमुख कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष की अपेक्षा और इस साल बेहतर व्यवस्था की गयी है। पुलिस प्रशासन की ओर से पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने सीएम योगी को अवगत कराया।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि रामलला विराजमान मंदिर के शुरू होने के बाद भीड़ लगातार बढ़ रही है। सभी की सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग को बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने पुलिस व्यवस्था के सम्बंध में बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी।

# स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत दी गई वर्मी वाश की जानकारी



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पीजी कॉलेज में सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गुरुवार को छात्र-छात्राओं को वर्मी वाश के संबंध में जानकारी दी गई ।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स से लैस करने के लिए, महारानी लाल कुँवारी पीजी कॉलेज के जूलॉजी विभाग ने प्रिंसिपल, माननीय प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में एक अग्रणी वर्मीवाश कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफेसर अशोक कुमार ने बताया है की इस पहल का उद्देश्य वर्मीकम्पोस्टिंग और वर्मीवाश तकनीकों का उपयोग करके स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और मूल्यवान कौशल के साथ सशक्त बनाना है। पोषक तत्व युक्त तरल वर्मीवॉश, एक शक्तिशाली पर्ण स्प्रे के रूप में कार्य करता है और पौधे के विकास को बढ़ाने में इसकी प्रभावशीलता के लिए प्रसिद्ध है। मिट्टी के कार्बनिक पदार्थों से केंचुआ उत्सर्जन , मयूकस स्राव और आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों के मिश्रण का मिश्रण, वर्मीवाश कृषि और बागवानी प्रथाओं के लिए एक स्थायी समाधान के रूप में उभरा है। वर्मीवाश एक प्रकार का तरल जैव-उर्वरक है, जिसमें भूरे रंग का, गंधहीन होता है, जो वर्मीकम्पोस्टिंग प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होता है। वर्मीवाश को सूक्ष्म पोषक तत्वों के भंडार के रूप में जाना जाता है, और सूक्ष्मजीवों को फसलों के लिए पत्री स्प्रे के रूप में उपयोग किया जाता है। इसका पीएच 7.3-7.5 है। इसमें विभिन्न एंजाइम, पौधे के विकास हार्मोन (आईएए), विटामिन, नाइट्रोजन सामग्री जैसे पोषक तत्व 0.01-0.0001त्न, फास्फोरस 1.70त्न, पोटेशियम 26 पीपीएम के साथ केंचुओं की उत्सर्जन सामग्री और उनके मृत ऊतक, ह्यूमिक एसिड आदि होते हैं, इसलिए इसे पौधों के विकास के लिए सबसे अच्छा जैविक उर्वरक माना जाता है। वर्मीवाश ठोस अपशिष्ट, पौधे के शेष, पौधों के पोषक तत्वों और घुलनशील लवणों से प्राप्त किया जाता है।

डॉ.सद्?गुरु प्रकाश ने वर्मीकम्पोस्टिंग और वर्मीवाश उत्पादन के महत्व पर जोर दिया । डॉ.कमलेश कुमार, मानसी पटेल, डॉ. आरबी त्रिपाठी, डॉ. अल्पना परमार, डॉ. आनंद बाजपेयी ,वर्षा सिंह और आशा के. सी. ने न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ावा दिया बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक सॉफ्ट कौशल के विकास पर भी जोर दिया।

सैद्धांतिक अंतर्दृष्टि के माध्यम से, प्रतिभागियों ने केंचुआ कालोनियों के चयन और रखरखाव से लेकर वर्मीवॉश के संग्रह और उपयोग तक, प्रक्रिया की व्यापक समझ प्राप्त की। कार्यक्रम ने न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ावा दिया बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक सॉफ्ट कौशल के विकास पर भी जोर दिया। पहल के बारे में बोलते हुए, डॉ.आनंद बाजपेयी ने सॉफ्ट स्किल विकास के साथ व्यावहारिक सीखने के अनुभवों को एकीकृत करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा, हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



जगत गुरु स्वामी रामानंदजी का मंदिर दर्शन भवन, जानकीघाट से बुधवार को गाजे-बाजे संग विशाल शोभायात्रा निकाली गई। अवसर मंदिर में विराजमान भगवान श्रीजानकी जीवन के दो दिवसीय षोडश प्राकट्योत्सव का था। प्राकट्य उत्सव का शुभारंभ सुबह भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से ठाकुर जानकी जीवन जू का तुलसी-पुष्प ने के सहस्त्रार्चन व 108 बत्ती की आरती से हुआ। दो दिवसीय प्राकट्योत्सव को पीठ की वर्तमान पीठाधिपति महंत डॉ. ममता शास्त्री सानिध्यता प्रदान कर रही थी। सायंकाल मंदिर से निकली शोभायात्रा अयोध्याधाम के मुख्य , मागों से होते हुए पावन सरयू तट पहुंची। जहां 21 सौ दीपों से पुण्य एवं मोक्ष दायिनी सरयू मैया का दीपदान किया गया। उसके बाद मां सरयू की दिव्य और भव्य आरती उतारी। पुन- शोभायात्रा सरयू तट से अपने गंतव्य दर्शन भवन को वापसी लौटी। वहां मठ में विराजित नर्वदेश्वर भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार व दिव्य भस्म आरती किया गया। तदुपरांत दर्शन भवन विहारी सरकार की दिव्य-मनोहारी फूलबंगला झांकी सजाई गई। झांकी का दर्शन कर साधु एवं भक्तगणों ने अपना जीवन कृतार्थ किया। उसके बाद मंदिर के मुख्य द्वार पर प्रसाद वितरण किया गया। जगु0 स्वामी रामानंदजी का मंदिर दर्शन भवन की वर्तमान पीठाधिपति महंत डॉ. ममता शास्त्री ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में विराजमान ठाकुर जानकी जीवन जू का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा। दो दिवसीय षोडश प्राकट्य उत्सव विशाल शोभायात्रा के साथ शुरू हो चुका है। महोत्सव का समापन गुरूवार को नर्वदेश्वर भगवान शंकर के रूद्राभिषेक, श्रीविश्वनाथ गौ सेवा दर्शन मंदिर में गौ माता का विशेष पूजन-अर्चन, आरती, ठाकुर जानकी जीवन जू के दरबार में निवेदित छप्पन भोग, अयोध्याधाम के सुप्रसिद्ध संतों द्वारा जेवनार गायन और भंडारे से हो जायेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से भगवान का तुलसी-पुष्प से सहस्त्रार्चन किया गया। विशाल मनोरम शोभायात्रा निकली। मां सरयू का दीपदान व आरती किया गया। नर्वदेश्वर भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार, भस्म आरती हुआ। भगवान की भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। देररात्रि में सांस्कृतिक संध्या एवं भगवान संग फूलों की होली का कार्यक्रम है।

# एनटीपीसी ने 400 बिलियन यूनिट (बीयू) उत्पादन का आंकड़ा किया पार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 13 मार्च को 400 बिलियन यूनिट (बीयू) उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी ने 399.3 बीयू उत्पादन किया था। 13 मार्च 2023-24 तक एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने 77.06त्न का प्लांट लोडिंग फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया।इससे पहले वर्ष के दौरान, कंपनी ने 1 सितंबर 2023 को 1428 एमयू का एक दिन का उच्चतम उत्पादन दर्ज किया था। एनटीपीसी इकाइयों का यह शानदार प्रदर्शन एनटीपीसी इंजीनियरों, संचालन टीम और रख रखाव की प्रथाओं और प्रणालियों की विशेषज्ञता का प्रमाण है7 इसके अलावा, यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।एनटीपीसी की स्थापित क्षमता 75.4 गीगावॉट है जबकि 5 गीगावॉट नवीकरणीय सहित 18 गीगावॉट क्षमता निर्माणाधीन है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।बिजली उत्पादन के साथ-साथ, एनटीपीसी ने ई-मोबिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान सहित विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली वितरण के लिए बोली में भाग लिया है। इस अवसर पर टांडा परियोजना प्रमुख अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बिजली निर्माण के आलावा हम परियोजना के निकटवर्ती गाँवों में सम्पूर्ण विकास का कार्य सदैव जारी रखेंगे।

# ओडिशा के श्रद्धालु ने सीएम योगी को भेंट की लकड़ी से निर्मित उनकी तस्वीर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ओडिशा के अरुण कुमार साहू ने गुरुवार को लकड़ी से निर्मित हनुमान चालीसा और मुख्यमंत्री की तस्वीर भेंट की। अरुण अपने हाथ से बनाई गई दोनों वुडेन आर्ट को लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इस संबंध में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अनिल मिश्र ने बताया कि ओडिशा के रामभक्त अरुण खुद मुख्यमंत्री के पास नहीं पहुंच सके थे, इस वजह से उन्होंने बुधवार को ट्रस्ट को ये दोनों वुडेन आर्ट सौंपा था और इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की गुजारिश की थी। इसके बाद ट्रस्ट ने उनका सहयोग किया और बताया कि कल (गुरुवार को) मुख्यमंत्री स्वयं अयोध्या आ रहे हैं, ऐसे में उनसे मिलने का निवेदन किया जाएगा। वहीं गुरुवार को मुख्यमंत्री के अयोध्या श्रीरामलला मंदिर पहुंचने और ट्रस्ट

# 'तेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं राम आए हैं' के गीत के साथ गुँजायमान हुई राम नगरी

**भक्ति रस से ओत प्रोत अयोध्या का तुलसी उद्यान**

जन एक्सप्रेस। 000

अयोध्या द्य तुलसी उद्यान मंच पर चल रहे हैं संस्कृति मंत्रालय भारत , सरकार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज बुधवार को सातवें दिन के अंतर्गत सायंकाल दो बजे शुरुआत हुई। पहली प्रस्तुति फतेहपुर के आल्हा गायक रामप्रताप पाल अजगवा नदी बेतवा संग्राम लखन विजय की प्रस्तुति बहुत ही शानदार रही द्य दूसरी प्रस्तुति प्रयागराज के कृष्ण कुमार सत्यार्थ की लोक गायन राम भजन समेत बधाई गीत, जन्म , सोहर आदि की प्रस्तुति दी गयी द्य इसके पश्चात रंगारंग प्रस्तुति हरियाणा के श्री कामिल एवं दल द्वारा होली फाग होली के दूसरे दिन मनाया जाता है द्य जिस प्रकार मथुरा में लठमार होली होती है उसी प्रकार यहां पर कपड़े का एक लंबी रस्सी जिसे कोडा बोलते हैं उसे बनाकर महिलाएं फाग खेलती है यह नृत्य महिला,पुरुष दोनों खेलते हैं। उनके हाथ में डंडे होते हैं वह खुद को बचाने के लिए डंडे से खुद को अलग करती है बावन गज का लहंगा मोरला तागडी गलसरी मुख्य परिधान है द्य इसके पश्चात उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयी द्य नई दिल्ली की अरुणिमा की नृत्य नाटिका प्ले रामायण के विभिन्न प्रसंग पर आधारित विभिन्न भाव को प्रस्तुति के माध्यम से दर्शायी। अगली प्रस्तुति पटना के विवेक शंकर की लोक गायन जुग जुग जिया चारों भैया राम जी की बधाई को गाकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इसके पश्चात वाराणसी के सुजीत सरोज तिवारी की लोक गायन राम धुन हे राम हे राम तू ही माता तू ही पिता है÷, तेरी



चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं राम आए हैं÷, दुनिया चलेला ना श्री राम बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना द्य लगोगे श्री राम के बिना, छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइके, राम की मूरत भक्तों से बात करती है इसके बाद शिव भजन बगड़ बम बम लहरी की जोरदार प्रस्तुति दी दर्शन सुनकर झूम उठे और खड़े होकर दोनों हाथ से तालियां बजाया । इसके पश्चात दिल्ली की नलनी निगम की लोक गायन ÷श्री राम स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भवभय दारुणम÷,÷जरा आके अयोध्या जी देखो होराम सरयु नहाते मिलेंगे, राम नाम अति मीठा है कोई गाकर देख ले, तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी की प्रस्तुति भक्ति रस से ओतप्रोत रही। इसके पश्चात महाराष्ट्र से आए शिवम मंगदम एवं दल द्वारा तलवारबाज़ी तलवार पाजी की कला जिसमें एक साथ तलवार से कई नींबू काटना नारियल फोड़ना और तलवारबाजी की कला की बारी की को दिखाएं। अगली प्रस्तुति हिमाचल प्रदेश कांगड़ा से आयी शिवानी नेगी की झंमकड़ा पहाड़ी नृत्य हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा जनपद अपनी लोक संस्कृति के लिए विख्यात है विशेष रूप से यहां के लोक नृत्य अत्यंत प्रसिद्ध हैं,जो प्रकृति और परिवेश के अतिरिक्त प्रेम पर आधारित हैं। इन गीतों का स्वर माधुर्य, लय व ताल मंद गति से द्रुत की ओर बढ़ते हुए मन को खूब आनंदित व उत्साहित करता है और थिरकने को मजबूर कर देता है। अगली प्रस्तुति मथुरा से आए बरखा सिंह मथुरा मयूर नृत्य की प्रस्तुति बहुत मनमोहक और शानदार रही।

# गुलड़िया भूपसिंह में इंटर कॉलेज भवन की जांच करने पहुंची टीम से ग्रामीणों की नोकझोंक

* ग्रामीणों ने भवन निर्माण में घटिया सामग्री का विरोध कर मुख्यमंत्री से की थी शिकायत
* गुलड़िया भूपसिंह में 6.50 करोड की लागत से हो रहा राजकीय इंटर कालेज का निर्माण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**पूरनपुर।** गुलडिया भूप सिंह में निर्माणाधीन राजकीय इंटर कॉलेज के भवन में लगाई जा रही पीला ईट और घटिया सामग्री का विरोध कर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी।जिलाधिकारी के आदेश पर गुरुवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और पीडब्ल्यूडी के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर जांच की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने टीम पर जांच में खाना पूर्ति का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। घुंघचाई क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह में 6.50 करोड़ रुपए की लागत से राजकीय इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।भवन का निर्माण अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। निर्माण दिसंबर माह वर्ष 2022 शुरू कराया गया था।प्रथम चरण में भवन में 30 कमरे और बरामदा के अलावा शौचालय स्टोर ऑफिस रूम का निर्माण कार्य चल रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ओर अधिकारियों के गठजोड़ से भवन में शुरू से ही दोयम और पीला दर्जे की ईट लगाई जा रही है। इसके अलावा मिट्टी युक्त मोरंग रेत के अलावा घटिया क्वालिटी का सीमेंट लगाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।लेटर में अभी से पानी टपकने लगा है।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी। डीएम संजय कुमार के आदेश पर गुरुवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन राजेश कुमार शिक्षा विभाग से डीआईओएस जीके चौधरी, पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता सुरेंद्र, यूपीसीएलडीएफ के अवर अभियंता रवि प्रसाद जांच करने मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। एक्सईएन समेत और अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। इसके बाद जांच शुरू की। जांच में भवन की कई दीवारो में दरारे पाई गई। भवन में दोयम और और कहीं-कहीं पर पीला ईट लगी पाई गई।भवन का प्लास्टर भी घटिया सामग्री से होना पाया गया। टीम ने भवन की नीव खुदवा कर देखी। जिसमें दो मी 32 सेंटीमीटर की जगह कम पाई गई। नीव के नीचे रॉपट कम मिला। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि घटिया क्वालिटी की सामग्री डालकर लेंटर डाला गया। करीब ढाई घंटे तक हंगामा और नोकझोंक के बीच अधिकारी जांच करते रहे। ग्रामीणों का कहना था कि घटिया क्वालिटी और पीला ईट से तैयार किए गए भवन जल्द ही जर्जर हो जाएगा ।इसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कभी भी हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि घटिया सामग्री लगाकर किसी भी कीमत पर निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

> ग्रामीणों ने इंटर कॉलेज भवन निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ संयुक्त रुप से भवन की जांच की गई है। राजकीय इंटर कालेज भवन की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। अधिकारियों के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –राजेश कुमार,अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग

# जगमग होगा यमदग्नि ऋषि की तपोभूमि, रामेश्वरम का होगा कायाकल्प, विधायक ने किया भूमि पूजन

* मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत बहुरेंगे धार्मिक स्थलों के दिन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



सिरकोनी ब्लाक के जमैथा गांव में गोमती नदी तट पर स्थित यमदग्नि ऋषि की तपोस्थली अखड़ो घाट को सुंदर, मनमोहक और जगमग करने के लिए तथा राजेपुर गांव में रामेश्वरम महादेव मंदिर का कायाकल्प करने के लिए जफराबाद के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने गुरुवार को भूमि पूजन किया । इन दोनों धार्मिक स्थलों के कायाकल्प पर करीब 80 लाख रुपये खर्च आएगा। लागत का 50 प्रतिशत पर्यटन विभाग देगा 50 फीसदी रकम विधायक निधि से लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत सिरकोनी ब्लाक के जमैथा गांव में अखड़ो घाट पर मुख्य द्वार का निर्माण, पार्क , नदी के किनारे रेलिंग लगाई जाएगी , शौचालय का निर्माण होगा , स्ट्रीट लाइट लगेगी , बैठने के लिए कुर्सियां और रास्ता बनाया जाएगा। इसमें कुल 50 लाख रुपये खर्च होगा। इसी के साथ राजेपुर त्रिमुहानी में स्थित रामेश्वरम धाम में गेट का सुंदरीकरण, लाइट , इंटर लॉकिंग , शौचालय का निर्माण , सुन्दरीकरण व मरम्मत का कार्य होगा। इन कार्यो में 30 लाख रूपये खर्च किया जाएगा। दोनों धार्मिक स्थलों पर होने वाले कार्य का आज क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने भूमि पूजन किया।

# मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई मौत से दूसरी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** विगत 26 फरवरी की रात 7 बजे दौलतपुर रोड पर अमखेड़ा भट्टे के निकट दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो यूवको को गम्भीर चोटें आयी ग्राम अधकटा के निवासी दोनों युवक वसीम एवं बॉबी देवल बरखेड़ा दुकान पर काम करके बापस अपने घर जा रहे तभी दौलतपुर की तरफ से आ रहे सचिन शर्मा की मोटरसाइकिल से उनकीआमने सामने टक्कर हो गई तीनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बरखेड़ा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीलीभीत रेफर कर दिया। सचिन शर्मा की हालत विगड़ती देख प्राइबेट अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ सचिन ने दम तोड़ दिया।मृतक सचिन 38 वर्ष कस्बा कांठ जिला मुरादाबाद के रहने बाले थे नोविल शुगर मिल में पिछले 17 वर्षो से बॉयलर आपरेटर पद पर कार्य कर रहे थे।उनके 3 बेटी तथा 1 बेटा हैं। मृतक के पिता रमेश चंद्र तथा पत्नी कंचन को फोन से मिल प्रशासन द्वारा सूचना दी गई।पिता रामेशचंद्र की तहरीर पर थाना प्राभारी ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खाना खाकर टहलने निकले युवक को पीटा

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव ललौर गुदरानापुर में खाना खाकर टहलने निकले युवक को पीटा को लाठी डंडों बांके से पीटकर घायल कर दिया।पीड़ित वीरपाल पुत्र भीमसेन ने घटना की तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि 13 मार्च को समय करीब 9 बजे खाना खाकर बाहर टहलने के लिए निकला तभी गांव के ही शिवम गंगवार ने रोक लिया।रोककर गन्दी गन्दी गालियां दी व मारने पीटने लगा बिरोध करने पर बाके से प्रहार कर घायल कर दिया। शिवम दबंग किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसएचओ अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# पत्नी की मौत पर घर जा रहे बाइक सवार को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, घायल

* हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** पत्नी की मौत के पर लखीमपुर से भांजे और दामाद के साथ घर जा रहे कुलविंदर सिंह की बाइक में रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर से बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। कुलविंदर की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पचपुखरा निवासी कुलविंदर सिंह की पत्नी हरजीत कौर बीते लंबे समय से बीमार चल रही थी। बुधवार उनकी मौत हो गई। कुलविंदर सिंह कम्बाईन चालक है।वह कम्बाईन चलाने के लिए मध्यप्रदेश गए हुए थे।बुधवार सूचना मिली कि पत्नी की मौत हो गई है।वह मध्य प्रदेश से बस में बैठकर लखीमपुर खीरी के गांव सिकहुआ रिश्तेदारी में पंहुचा गए। गुरुवार सुबह कुलविंदर सिंह अपने भांजे दलजीत सिंह, दामाद गुरपेज सिंह के साथ बाइक से घर आ रहे थे। पूरनपुर खुटार हाईवे पर कढेरचौरा पुल के पास पूरनपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।बस की टक्कर से बाइक सवार तीनों घायल हो गए।आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया।कुलविंदर सिंह की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में हालत गंभीर कुलविंदर की हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्कूल से आ रहे छात्र पर धारदार हथियार से हमला

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** स्कूल से घर वापस लौटते छात्र पर अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में छात्र को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। नगर के मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी वार्ड नंबर 18 निवासी गुड़िया बेगम ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र आलिफ (12) नगर के जामिया अलताज स्कूल में पढ़ता है।गुरुवार स्कूल से पढ़कर घर वापस लौट रहा था। मन्नत मैरिज हॉल के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने छात्र को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर दिया।सिर में धारदार हथियार लगने से छात्र घायल हो गया।बेसुध होकर सड़क पर गिर गया।आनन फानन में उपचार लिए सीएचसी लाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्र को घर भेज दिया। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपी की शिनाख्त कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# उपनिरीक्षक को हटाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा पत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सुभासपा मंडल महासचिव ओमकार कश्यप के द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर जनपद पीलीभीत में लंबे समय से तैनात थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह को हटाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा है उन्होंने भेजे पत्र में कहा है कि जनपद में अलग-अलग स्थान में लंबे समय से तैनात उप निरीक्षक ब्रजवीर सिंह जो कि थाना अध्यक्ष अमरिया है को हटाया जाए उन्होंने कहा है निष्पक्ष चुनाव एवं लोकतंत्र के लिए उनको हटाया जाना आवश्यक है। वहीं उन्होंने कहा है कि उक्त उपनिरीक्षक पर पद के दुरुपयोग का मामला भी दर्ज है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मामूली विवाद के मजदूरों से मारपीट दो घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत डिहवा भादी गांव में बुधवार की देर शाम मामूली कहासुनी के दौरान कुछ युवकों ने विद्युत तार की रिपेयरिंग का काम करने वाले मजदूरों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के डिहवा भादी गांव में पानी टंकी के समीप मोंटी कार्लो कम्पनी के ठेकेदार सौरभ उपाध्याय के साथ काम करने वाले सीतापुर जनपद 32 वर्षीय योगेश कुमार पुत्र विजय पाल व लखीमपुर–खीरी निवासी 28 वर्षीय रविकेश को भादी गांव के अज्ञात युवकों ने मंगलवार की देर शाम मामूली विवाद के चलते लाठी डंडे से पीटकर कर घायल कर दिया। वहीं पीड़ित मजदूरों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने हमें मारपीट का एक लाख रुपए छीन कर फरार हो गए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं ठीकेदार सौरभ उपाध्याय ने बताया है कि कल हमारे भाई द्वारा मजदूरों को पैसा दिया गया था। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय से पूछें जाने पर बताया कि मामला मारपीट का है। पैसा छिनैती का कोई मामला नहीं है। ठीकेदार द्वारा मारपीट की तहरीर मिला है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



### चोरों ने उड़ाए 10 लाख रुपए के आभूषण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर शीतल गंज गांव में चोरों ने बीती रात घर के पीछे बांस की सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़कर सीढ़ी के सहारे नीचे उतरे दो कमरों का ताला चटका कर उसमें रखी तीन पेटी उठाकर ले गए। बताया जाता है कि बीती रात मिर्जापुर शीतल गंज गांव निवासी हरिहर प्रसाद पटेल के घर के पीछे से बांस की सीढ़ी लगाकर चोर छत से घर की सीढी के सहारे आंगन में उतरे और वहां दो कमरों में सो रहे लोगों के घर की कुंडी बाहर से बंद कर दिया। जिसमें सामान रखा था दो कमरों का ताला तोड़ कर उसमें रखा तीन पेटी उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार पेटी में छह सोने की चेन ,चार झुमका ,दो हार , चार सोने का कंगन, पैजनी दो मांग टीका कपड़ा आदि लगभग 10 लाख मूल्य का आभूषण लेकर फरार हो गए। भोर में कमरे में सो रहे लोग जब लघु शंका के लिए उठे तो बाहर से दरवाजा बंद था ।शोर मचाने पर घर के बरामदे में सो रहे लोग पहुंचे दरवाजा खोलें। टूटा दरवाजा देखकर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। वहां आसपास के काफी लोग जुट गए ।मामले की सूचना 112 पुलिस को दी गई ।सूचना पर पहुंची 112 पुलिस मामले की छानबीन कर वापस चली आई। पूछने पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

### गो संरक्षण केंद्र के लिए 80 लाख रुपए किया जारी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के वि0ख0 महराजगंज के ग्राम बेसार में क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रस्ताव पर गो संरक्षण केंद्र (गौशाला) के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने कुल लागत के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 80 लाख रुपए की धनराशि जारी कर दिया है। श्री मिश्र ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि गौशाला के निर्माण से क्षेत्र के निराश्रित पशुओ को आश्रय स्थल की प्राप्त होगी एवं किसानों को छुट्टा पशुओं से निजात मिलेगी। जल्द ही उक्त गौशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### पत्रकार को भ्रातृ शोक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन सौरइयां गांव निवासी व महीनों से कैंसर रोग से पीड़ित चल रहे 49 वर्षीय हरिशंकर दूबे का गुरुवार को मुंबई में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर दूबे के बड़े भाई थे। निधन की खबर मिलते ही ब्लाक इकाई के पत्रकारों में शोक छा गया। स्थानीय टीकेयू पब्लिक स्कूल में पत्रकार संतलाल सोनी की अध्यक्षता में एक सभा की गई। जिसमें दो मिनट का मौन रख पत्रकारों ने शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर प्रमोद पाण्डेय, संगम पाण्डेय,श्रवण उपाध्याय,डीएम दूबे, बृजेश उपाध्याय, गोकर्ण पाण्डेय, जियालाल सोनी, मुलायम सोनी,रिंकू उपाध्याय आदि ने शोक जाहिर किया।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र मे एसएसबी ने खेल सामग्री का किया वितरण




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती गांव में युवाओं के खेलने के लिए खेल मैदान बनाया।युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया।बालिकाओं को सीएपीएफ में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया।भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में तैनात 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बी समवाय कंबोज नगर समवाय कमांडर आई जमीर की अध्यक्षता में गांव टाटरगंज के मिडिल स्कूल में वॉलीबॉल बैडमिंटन के लिए खेल का मैदान बनाया गया।सशस्त्र सीमा बल की ओर से खेल कूद सामग्री वितरण किया गया। जवानों व ग्रामीणों के बीच फ्रेंडली मैच भी खेला गया है।इस दौरान टाटरगंज ग्राम प्रधान पति सतनाम सिंह व पूरन सिंह व अन्य ग्रामीण व एसएसबी जवान मौजूद रहे।इस कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

### एसएसबी की ओर से आयोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कैंप का हुआ समापन

49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ए समवाय नगरिया कट में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल एवं हरिशंकर शिक्षण सेवा संस्थान के द्वारा 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 40 छात्र व 15 एसएसबी कार्मिक जवानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इन सभी को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार प्रशिक्षण का समापन होने पर प्रमाण पत्र दिया गया है ।इस कार्यक्रम के दौरान समवाय कमांडर निरीक्षक राम सिंह सैनी शिक्षण संस्थान की प्रबंधक लक्ष्मी शर्मा,रत्नेश शर्मा,आशा गुप्ता ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार पंचायत सहायक निरंजन राय आदि मौजूद रहे।

# डिवाइडर तोड़ पोल से टकराई कार, दो की मौत, दो गंभीर

जन एक्सप्रेस। बरेली

बुधवार रात करीब 12 बजे बरेली से पार्टी करके वापस लौट रहे राजर्षि मेडिकल कॉलेज के चार छात्रों की कार ज्यादा स्पीड से अनियंत्रित होकर डिवाइडर को फांदकर बिजली पोल से टकरा गई। इस हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बिजली सप्लाई बंद कराकर पोल में फंसी कार से घायलों को इलाज के लिए राजश्री मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया मृतकों में दीपक भाटी पुत्र कमल सिंह फरीदाबाद (हरियाणा) के साम भुवानी सेक्टर-89 और राहुल कुमार पुत्र वशिष्ठ नारायण सिंह बिहार के सीवान जिले पकड़ी मोड़ गोशाला रोड के निवासी थे। घायल किशन यादव उर्फ कृष्णा पुत्र कन्हैया लाल संभल जिले के गुन्नौर में मनोहर वाटिका चंदौसी रोड के निवासी हैं। दूसरे घायल आयुष पोरवाल पुत्र आनंद पोरवाल इटावा के राजागंज पाली रोड भरथना के निवासी हैं। चारों छात्रों की उम्र 23 से 24 साल के बीच है। वह सभी एमबीबीएस 2019 बैच के स्टूडेंट हैं।

# राज्यमंत्री ने संयुक्त चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

* टाईगर हमले में घायल ग्रामीण को देखा और उपचार के वारे में जानकारी की हासिल

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार





**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार दोपहर को स्वशासी मेडिकल कालेज के अन्तर्गत सयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें चिकित्सकों एवं स्टाफ कर्मियों को आने वाले रोगियों को वेहतर उपचार एवं सदव्यवहार करने के कड़े निर्देश दियें। उन्होनें साफतौर पर कहा की कोई भी मरीज बिना उपचार के बापस नही लौटना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जहा उन्होनें मरीजों से बातचीत कर उनका हाल जाना और उपचार के बारे में जानकारी हासिल की वही मरौरी ब्लाक के ग्राम पंडरी में टाईगर के हमले में घायल हुए ग्रामीण को जाकर देखा और उसका हाल जाना। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने अधिकारियों को वेहतर उपचार एवं आर्थिक सहायता दिये जाने के निर्देश दियें। राज्यमंत्री श्री गंगवार कलीनगर तहसील के उद्धघाटन कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सीधें सयुक्त चिकित्सालय पहुचें जहा उन्होनें वार्डो का और अन्य काउन्टरों पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होनें सी0टी0 स्केन कक्ष, पैथोलोजी लैव, अल्ट्रासाउन्ड कक्ष एंव एक्सरें कक्ष सहित अन्य काउन्टरो पर जाकर मौजूद कर्मचारियों से आज आये मरीजों की स्थिति को जाना और उनकों दी गई सुविधाओं के वारे में जानकारी हासिल की। इस दौराना चिकित्सालय में भर्ती टाईगर के हमले में घायल हुए ग्राम पंडरी निवासी अमर सिंह के बैड पर पहुचे जहा उसके परिजनों से हमले के बारे में जानकारी हासिल की और मौके पर मौजूद सी0एम0एस0 डा0 सक्सेना से उपचार के बारे में जानकारी हासिल कर वेहतर उपचार करने के निर्देश दियें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने निरीक्षण के समय साथ रहे एस0डी0एम0 सदर देवेन्द्र सिंह को भी टाईगर हमले में घायल ग्रामीण को हर सम्भव सरकारी आर्थिक सहायता दिये जाने के भी निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस दौरान आंखों का आपरेशन कराने आयी शहर की राजीव कालोनी निवासी मुन्नी देवी से उपचार के बारे में जानकारी हासिल की और चिकित्सालय में दी गई सुविधाओं के वारे में पुछा। इस तरह अन्य मरीजों से भी उपचार एवं दवाओं आदि की जानकारी हासिल की। मरीजों ने वेहतर उपचार दिये जाने की बात कही। निरीक्षण के बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार सी0एम0एस0 डा0 सक्सेना को शुद्धपेयजल की उपलब्धता कराने एवं मरीजों को वेहतर उपचार दवायें आदि उपलब्ध कराने को कहा ताकि कोई भी रोगी विना उपचार और दवाओं के बापस न लौट सके। बाद में राज्यमंत्री श्री गंगवार अपने वरिष्ठ सहयोंगी चावला चौराहा निवासी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे भगवान दास को देखने उनके आवास पर पहुचे और उनका हालचाल जाना।

# मां पिड़ाशीन देवी प्राण प्रतिष्ठा के पहले निकाली गयी भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**बरसठी।** नवनिर्मित मां पिड़ाशीन देवी मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के पहले बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे हजारों महिला व पुरुषो की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा के साथ-साथ शोभायात्रा भी निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दे कि करोड़ों रुपये कि लागत से बने पूरेसवा गांव में मां पिडाशीन देवी मंदिर की स्थापना अशोक शुक्ला व ग्रामवासियो के देखरेख में संपन्न हुआ जहां समस्त ग्रामवासियो के साथ-साथ क्षेत्रवासियो ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और यथासंभव मदद भी किया।मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले हजारों की संख्या में हाथी,घोड़ा,ढ़ोल, नगाड़े व डीजे के साथ ग्राम परिक्रमा किया। कलश यात्रा के दौरान 501महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर यह यात्रा शुरू की।कलश यात्रा सहरमा गांव में स्थित राधा रास बिहारी मंदिर से शुरू होकर नवनिर्मित बने मां पिड़ाशीन देवी मंदिर तक चला।उसके बाद मंदिर से भव्य शोभायात्रा सैकड़ो वाहनों के साथ दियावा, बारीगांव, बसहरा, मियांचक,निगोह, कटवार, जरौना, दरापुर, मानिकपुर होते हुए मंदिर पर शोभायात्रा समाप्त हुआ। इस बीच विभिन्न जगहों पर कथावाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नीलगिरी स्वामी आत्मानन्द सरस्वती जी महराज के वाहनो पर क्षेत्रवासियो ने माला फूल के साथ वर्षा किया।महाप्रसाद का वितरण 22 मार्च को होगा।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला,प्रमोद शुक्ला, रामलखन मिश्रा,आकाश शुक्ला, महेश पाण्डेय,नन्हे सिंह,शुभम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# चौबेपुर में सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र वर्मा का ऐतिहासिक स्वागत

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर विधानसभा के चौबेपुर कस्बे में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र वर्मा का ऐतिहासिक स्वागत समारोह बैलाई बजार चौबेपुर रोड के पास आयोजित किया गया। साथ छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव लोकेश अवस्थी और लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सदस्य आलोक शर्मा का स्वागत हुआ मुख्य अतिथि समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि 2014 से देश में भाजपा सरकार ने जो भी जनता से वादे किये, एक भी वादा 10 सालों में पूरा नहीं कर सकी। 2 करोड़ नौकरी, विदेश से काला धन लाकर सभी के खाते में 15-15 लाख रूपये जमा करने, बुलेट ट्रेन, किसानों की दोगुनी आय आदि का कोई भी वादा पूरा नहीं किया। सभी वादे जुमला निकले। भाजपा की केन्द्र सरकार 10 वर्षो से जनता को गुमराह कर छलने का काम कर रही है। जनता उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से बाहर करने जा रही हैं। पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने कहा कि इस समय देश बड़ी विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। किसान, पिछड़े, दलित, महिलाएं, नौजवान सभी परेशान हैं। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार अपराध चरम पर है। डबल इंजन की भाजपा सरकार होने पर भी उत्तर प्रदेश बेहाल है। रोज किसान आत्महत्या कर रहा है। यूरिया खाद में चोरी हो रही है। महिलाएं बेटियां असुरक्षित है। भाजपा सरकार गरीब को और गरीब बना रही है। अमीर को और अमीर बनाने पर काम कर रही है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में देश बदलाव मांग रहा है। विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने स्वागत कार्यक्रम में आए हुए सभी बूथ अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी जोन प्रभारी, विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी नेतागणों का आभार किया और कहा 2024 का चुनाव PDA क़े लोग मिल क़े मोदी सरकार को उत्तर प्रदेश हटाने का काम करेगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता श्री बैकुंठ नाथ संचालन जोनल अध्यक्ष विद्यासागर यादव ने किया। बैठक में सेक्टर अध्यक्ष अनिल गौतम, डॉ.रिचा शर्मा सतोष कश्यप, विमल कोरी, शशिकांत पासवान, गोपीनाथ पासवान, डॉ.मुन्ना यादव, सेक्टर अध्यक्ष रमेश गौतम, रवि गौतम, शहजाद फारुकी शाशिकांत पाल, अजय राजपूत विकास राजपूत, विवेक कटियार कल्लू यादव, हरिओम पांडे जोनल अध्यक्ष, विनोद कठेरिया प्रधान विमल पाल प्रधान, शिव शंकर वर्मा प्रधान, के.पी. यादव प्रधान, बालेन्द्र यादव, आकाश राजपूत, जीतेन्द्र राजपूत मुख्य डॉ.सतेंद्र गौत्तम चंद्रभान यादव शिव शंकर वर्मा प्रधान जगरूप सिंह यादव, इमरान, श्याम सविता, मुकेश कुशवाहा, रावेन्द्र चौहान, सुनील यादव सुनील पाल इत्यादि रूप से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रक ने मारी आटो में टक्कर चालक की मौत

* दही थाना क्षेत्र के वर्कशाप मोड़ पर बीती रात हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



कानपुर से लखनऊ हाईवे पर रोडवेज वर्कशाप मोड़ के समीप बुधवार को देर रात अनियंत्रित ट्रक ने आटो में टक्कर मार दी। हादसे में आटो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

कानपुर नगर के विधनू थाना क्षेत्र के कठुई गांव निवासी सौरभ (23) पुत्र हरि मोहन कुशवाहा के पास अपनी खुद की आटो थी। उसी आटो से वह मजदूर लेकर दही थाना अंतर्गत एक फैक्ट्री मजदूरी करने आता था। काम निपटाने के बाद साथियों को लेकर वापस चला जाता था। बुधवार रात वह वापस जाने के लिए आटो लेकर निकला था। तभी वर्कशाप मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने आटो में टक्कर मार दी। जिससे सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। यह देख उसके साथ रहे श्रमिक घबरा कर मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयों में छोटा और अविवाहित था। पोस्टमार्टम हाउस में मिले बड़े भाई गौरव ने बताया 18 अप्रैल को उसकी इकलौती बहन शिल्पी की शादी होनी है। उससे पहले भाई की मौत से परिजनों में मातम छा गया। बेटे की मौत पर मां राधा और पिता हरि मोहन रो रोकर बेहाल हैं। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नौकरी के नाम पर ठगी के मामले में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | नवाबगंज/उन्नाव

सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में थाने पर दर्ज मुकदमे में वांछित चल रही अभियुक्ता को अजगैन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रंजीत खेड़ा निवासी जय करन पुत्र करूणा शंकर ने बीते वर्ष पुलिस को दिये शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें बताया था कि सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर नितिन कुमार पुत्र भैरव प्रसाद, वर्षा रावत पुत्री भैरव रावत निवासी गण आजाद नगर पीपरखेड़ा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव, सुनील कुमार तिवारी पुत्र शिव कुमार तिवारी नि नेहरू नगर थाना गंगाघाट द्वारा प्रार्थी व प्रार्थी के बुआ के लड़के से अलग अलग तिथियों में करीब 23 लाख रुपये लिये थे। परन्तु इनके द्वारा नौकरी के नाम पर हमारे साथ ठगी की गई। तहरीर के आधार पर थाना अजगैन में धोखाधड़ी आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान कूटरचित दस्तावेज, ठगी आदि धाराएं बढ़ाई गई। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले में वांछित अभियुक्ता वर्षा रावत पुत्री स्व0 भैरव प्रसाद रावत को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, आरक्षी अर्पित कुमार, यशवीर, कुमारी विमल, गुड़िया शामिल रहे।

# मृतक के परिजनों ने बैठकर घंटों किया हंगामा

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत बीते 5 मार्च मंगलवार देर रात हरनु गांव पास रोड किनारे अज्ञात शव मिले ग्रामीणों में सनसनी फ़ैल गई थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था रिपोर्ट में मृतक युवक के सर पर भारी वार की पुष्टि हुई है पुलिस ने जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। ककवन थाना क्षेत्र के नदिहा खुर्द गांव निवासी रमाशंकर पुत्र श्याम बाबू (35) वर्षीय का शव पांच मार्च को शिवराजपुर क्षेत्र में हरनु गांव समीप खून से लथपथ मिला था पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट के इंतजार में थी उधर मृतक की पत्नी गीता का आरोप है की गांव निवासी श्याम जी उर्फ नेता पुत्र हीरालाल बेचे लाल पुत्र होती लाल के साथ चार से पांच अज्ञात साथियों ने मिलकर हत्या कर शव फेंक दिया है उधर मृतक की घटना सुनने के बाद परिजन बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया था नौ दिन बीतने पर कोई कार्यवाई न देख भीम आर्मी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओ ने थाने के गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करने लगे

एडीसीपी विजयेंद्र द्विवेदी ने थाने पहुंचकर परिजनों से बात कर मामले को शांत कराकार मामले की जांच के तथ्यों के सामने आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी तब जाकर परिजन धरने से उठकर घटना स्थल की फोरेंसिक जांच करने की बात कही थी। एडीसीपी विजयेंद्र द्विवेदी व एसीपी अजय द्विवेदी ने बताया मृतक की पत्नी गीता ने श्याम जी उर्फ नेता बेचेलाल व चार से पांच अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है घटना स्थल का फोरेंसिक टीम द्वारा जांच की गई है उन्होंने बताया की स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया है जांच उपरांत कार्यवाई की जायेगी। क्राइम इंस्पेक्टर शिवशंकर पटेल ने बताया की जांच की गई फोरेंसिक टीम के साक्ष्यों अनुसार व उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

## सांसद डॉक्टर साक्षी जी महाराज का जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस | नवाबगंज/उन्नाव



जनपद से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसद डॉक्टर साक्षी जी महाराज को लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया गया है गुरुवार को विकासखंड पहुंचे सांसद का क्षेत्रीय विधायक की अध्यक्षता में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा जोरदार स्वागत किया गया कार्यक्रम में मौजूद प्रधान, बीडीसी एवं जन समुदाय से सांसद ने पार्टी को 400 से ज्यादा सीटों से व उन्हें 5 लाख से ज्यादा मत देकर जिताने की अपील की।

लोकसभा चुनाव में उन्नाव से लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने के बाद विकास खण्ड मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह द्वारा गुरुवार को आयोजित स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद साक्षी महाराज ने कहाकि सरकार ने जनपद में विकास की कोई कसर नही छोड़ी है। सरकार जनता के दरवाजे पर खड़ी रही है। कहाकि जैसे लोग भगवान पर विश्वास करते है उसी तरह मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। 2014 में जब मै यहां आया तो पार्टी की स्थित बहुत ठीक नही थी। उन्नाव की जनता ने 2019 में हमको 4 लाख 2 हजार मत देकर 2014 के रिकार्ड को तोड़ कर ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। इस बार पिछला रिकार्ड तोड़ कर 5 लाख के पार मत पार्टी की झोली में डालेंगे। विधायक ब्रजेश रावत ने कहा इस बार कही लड़ाई नही है। एकतरफा चुनाव होगा। पार्टी जो वादा करती है पूरा करती है। मोदी का महामंत्र सबका साथ सबका विकास को लेकर चुनाव लड़ा जाएगा। प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह ने लोकसभा चुनाव में नवाबगंज विकासखंड से सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिये अपील की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी निर्लेश दीक्षित, शुभांक सिंह, सुशील श्रीवास्तव, शिवपाल लोधी सहित प्रधान सुनीता रावत, संतोष कुमार, समर बहादुर, भोला राजपूत, मनोज कुमार, कमलेश कुमार आदि समेत बड़ी संख्या में प्रधान, बीडीसी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेरेश्वर मंदिर परिसर में विधायक ने किया भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर धाम मंदिर परिसर का कायाकल्प हेतु विधायक ने कन्या व भूमि पूजन कर मंदिर के सुंदरीकरण में शिलान्यास किया है। गुरुवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने खेरेश्वर पर्यटक स्थल बनाने व उसके सुंदरीकरण के लिए सरकार से मुद्दा रखा था सरकार ने एक करोड़ छत्तीस लाख रुपए दिए है जिससे चौतरफा सुंदरीकरण होगा।विधायक ने कन्या पूजन कर भूमि पूजन करते हुए शिलान्यास किया है उन्होंने बताया की खेरेश्वर मंदिर धाम एक विख्यात धार्मिक स्थल है यहां लगभग रोजाना हजारों दर्शनार्थी व श्रमण मास के सावन सोमवार में लाखो भक्त दर्शन करने के लिए भोलेनाथ के दर्शन करने आते है। वर्षों से पूजा कर रहे कमलेश पुरी मंदिर पुजारी ने बताया कि जितने भक्तों का आवागमन रहता है उसे हिसाब से सुविधा नहीं है जिसके चलते अन्य प्रदेशों से आने वाले भक्त यहां पर रुकने का स्थान ढूंढते रहते हैं और फिर कानपुर शहर जाकर रुकते हैं अगर यहां पर अच्छे इंतजाम से ठहराव की व्यवस्था हो जाए तो यात्रियों की संख्या और बढ़ सकती है इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, अनुभव उर्फ मन्नी त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, शिवा अग्रवाल, सतेंद्र राठौर के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित बाइक ग्रिल से टकराई, साले की मौत बहनोई घायल

* लखनऊ से आगरा जा रहे थे बाइक सवार
* बेहतमुजावर थाना क्षेत्र में रसूलपुर रूरी गांव के पास हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहतमुजावर थाना अंतर्गत रसूलपुर रूरी गांव के पास अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लोहे की ग्रिल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार साले की मौत हो गई जबकि जीजा घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल का उपचार जारी है। आजमगढ़ जिले के थाना तरवा के गांव गलवा निवासी रविप्रकाश दुबे का पुत्र राहुल (28) अपने साले मऊ जिले के थाना मोहम्मदाबाद के गांव रियाम निवासी शिवम (20) पुत्र राजेंद्र मिश्र के साथ बाइक से लखनऊ से आगरा जा रहे थे। बाइक बहनोई राहुल दुबे चला रहा था। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटामुजावर थाने के रसूलपुर रूरी गांव के पास अचानक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर लोहे की जाली से टकरा गई। जाली लग जाने से शिवम मिश्रा की गर्दन कट गई। साथ ही बहनोई को भी मामूली चोटें आईं। यूपीडा और पीआरवी ने साले बहनोई को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने शिवम मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। बहनोई राहुल दुबे का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक शिवम माता पिता की इकलौती संतान था। वह बीए प्रथम वर्ष का छात्रा था और नोएडा में रहकर पढ़ाई करता था। बेटे की मौत से मां बबिता मिश्रा और अन्य परिजन बेहाल हैं। बेहटामुजावर थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि बाइक के अनियंत्रित होने से वह जाली से टकरा गई। घटना में साले की मौत हो गई और बहनोई का उपचार जारी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गांजा और नकदी संग पकड़ा गया अपराधी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष छावनी कमलेश राय को मिली सूचना के आधार पर कमलेश राय के नेतृत्व में गंगा पुलिस के नीचे दबिश दी गयी और वहां एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि पकड़े गये व्यक्ति का नाम अजय कश्यप है और वह नशे का कारोबार करता है। पकड़े गये अभियुक्त के पास से 650 ग्राम गांजा तथा 2900 रूपए नकद बराम किए गऐ हैं। मामला पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष कमलेश राय के साथ उ0नि0 जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनीत कुमार, रोहित तोमर तथा ज्ञानेंद्र सिंह शमिल रहे।

# काव्यपाठ पर पुरस्कार पाकर गांव का नाम रोशन किया

जन एक्सप्रेस | हरिनाथ सिंह



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दादारपुर कटहा निवासी प्रणव शुक्ला को महाविधालय में सुंदर काव्य पाठ प्रस्तुत करने पर महाविधालय समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया है। विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म पीजी कॉलेज कानपुर में आयोजित वासंती कवि गोष्ठी में बिल्हौर से प्रणव शुक्ला ने प्रशंसनीय काव्य पाठ कर पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्राप्त किया। पुरस्कार मिलने पर गांव के लोग प्रणव गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और फूल मालाओं से लाभ दिया और मुंह मीठा कराया पिता ने बताया कि काव्य पाठ करने में काफी रुचि रखता है और उसकी व्याख्या करने में भी वह निपुण है। अधिवक्ता आनंद शर्मा ने बताया कि शुरू से ही प्रणव का रुझान काव्य पाठ मे है। और आगे चलकर गांव और तहसील का नाम रोशन करेगा यही हम सब की कामना है। इस मौके पर कानपुर के शीर्षस्थ कवियों सहित महाविद्यालय के प्राचार्य बिपिन चंद्र कौशिक सहित हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षक व हिन्दी प्रेमी मौजूद रहे। प्रणव शुक्ला द्वारा प्रशंसनीय काव्य पाठ पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्राप्त करने से दादारपुर कटहा गांव में खुशी का माहौल है अब हर बच्चा इसी और ध्यान लगाकर अध्ययन कर रहे हैं। वह भी गांव का नाम रोशन करना चाहते हैं इस बात की चर्चा करते हुए गांव के अधिवक्ता आशीष द्विवेदी ने शुभकामनाएं दी।

## अक्ला बाबा धाम में सदर विधायक ने किया भूमि पूजन



जन एक्सप्रेस | मगरवारा/उन्नाव

चौकी क्षेत्र के गांव बाबा खेड़ा में गुरुवार को अक्ला बाबा धाम का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक ने भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। चौकी क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव स्थित अक्ला बाबा धाम का भूमि पूजन कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे। मंदिर के संरक्षक भदौरिया बाबा ने माला पहनाकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। उसके बाद सदर विधायक ने अक्ला बाबा धाम में भूमि पूजन किया तथा मंदिर निर्माण में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। भदौरिया बाबा ने बताया कि अक्ला बाबा धाम के निर्माण कार्य चल रहा है।जो कमी लग रही जैसे बारादरी, सड़क निर्माण व नल को लेकर हमने विधायक पंकज गुप्ता को अवगत कराया है जिस पर उन्होंने हमरा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक भदौरिया बाबा, आदित्य सिंह चंदेल जिला संयोजक भाजपा, राघवेंद्र सिंह बूथ अध्यक्ष, रंजीत लोधी मंडल उपाध्यक्ष, आदि क्षेत्र लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीन पार्क मे व्यापारी बंधु दिखाएंगे बैडमिंटन में अपना जौहर




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आगामी 17 मार्च को शहर के ग्रीन पार्क इंदौर स्टेडियम में व्यापारी बंधु बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना पसीना बहाते और साथ ही जौहर को दिखाते हुए नजर आएंगे। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा दी गई है।

कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा की स्मृति में बैडमिंटन चैंपियनशिप 17 मार्च दिन रविवार को ग्रीन पार्क में सुबह 9 बजे आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती मिश्रा द्वारा द्वारा किया जाएगा और समापन कानपुर शहर सांसद सत्यदेव पचौरी द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है।

चैंपियनशिप 2 भाग में खेली जाएगी एक भाग 25 से 50 आयु वर्ग और 50 से 75 आयु वर्ग द्य कुल मिला के करीब डेढ़ सौ प्रतिभागी अपना हुनर दिखा कर विजेता बनने की कोशिश करेंगे। बैडमिंटन चैंपियनशिप में शहर के सभी व्यापारी भाग लेने के लिए आमंत्रित किए गए हैं यह प्रयोगिता केवल व्यापारियों के लिए ही होगी। कार्यक्रम के संयोजक संदीप जैन और ईश्वर वर्मा हैं।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कृपा शंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता लाला भैया दीपक अग्रवाल, विराट गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आरोपी किन्नर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



जन एक्सप्रेस | नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय चंदन गांव के बाहर दो दिन पहले आम की बाग में युवक द्वारा फांसी लगाए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। अमेठी जिला के गांव छोटा इब्राहिमपुर थाना पीपर पुर गांव निवासी इस्तीयार उम्र 22 पुत्र मोहम्मद शकील का अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय चंदन गांव निवासी दीपक उर्फ निशा (किन्नर) के साथ सात माह पहले सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हो गई थी। जिसके बाद युवक अपना गांव छोड़कर दीपक उर्फ निशा के साथ रहने लगा था। बीते मंगलवार को मृतक इस्तियार और दीपक उर्फ निशा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि युवक ने साथी किन्नर व उसके परिजनों की प्रताड़ना से आहत होकर गांव के बाहर आम की बाग में बेल्ट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मामा मोबिन की तहरीर पर पुलिस ने साथी किन्नर पर आत्म हत्या दुष्प्रेरण का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# तंगी से परेशान होकर लगा ली फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव में एक युवक ने गांव के किनारे पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवक सुबह घर से काम पर जाने को कहकर निकला था। ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटकता देखा तो पुलिस और परिजनो को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनो के मुताबिक एक युवक कुछ दिनों से परेशान रह रहा था।

साढ़ थाना क्षेत्र के कर्चुलीपुर गांव निवासी 34 वर्षीय श्याम बिहारी उर्फ छोटेलाल भीतरगांव निवासी मौसी दुल्ली के यहां पर रहता था। मौसी ने श्याम बिहारी को गोद लिया था। श्याम बिहारी सटरिंग का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर पर पत्नी सुनीता अपने एक बेटा 5 वर्षीय आदित्य और चार बेटियां 14 वर्षीय रोशनी, 11 वर्षीय रश्मि, 09 वर्षीय काजल,8 वर्षीय आरती के साथ घर पर रहती है। गुरुवार सुबह युवक घर से काम पर जाने को कहकर निकला था। युवक ने गांव के किनारे स्थित पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ पर लटकता देखा तो फोनकर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। साढ़ थाना के कार्यवाहक प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक कुछ दिनों से रह रहा था परेशान

परिजनो के मुताबिक एक युवक बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान रह रहा था। उन्होंने कई बार युवक से परेशानी की वजह पूछने की कोशिश की पर युवक ने परेशानी की बात नही बताई। युवक की मौत के बाद से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

# महिला की शिकायत पर कांस्टेबल के खिलाफ मुक़दमा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अचानक एक महिला कमिश्नर के सामने पहुंच गयी और अपने पति के खिलाफ शिकायत करने लगी। कारण यह था कि महिला द्वारा अपने पति की दूसरी महिलाओं के साथ अवैध सम्बन्ध होने और इसका सबूत भी महिला साथ लेकर आई थी। फिलहाल पूरे मामले को संज्ञान मे लेते हुए शिकायत के आधार पर अधिकारियों द्वारा कॉन्स्टेबल पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। यह अनोखा मामला कानपुर से है। जहां एक कॉन्स्टेबल की पत्नि ने कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत होकर अपने पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति के दूसरी अन्य महिलाओं के साथ अवैध सम्बन्ध हैं। इतना ही नही पत्नि द्वारा अपने कॉन्स्टेबल पति के कई तस्वीरे तथा आपत्ति जनक वीडियों भी कमिश्नर को दिखाए गऐ। पत्नि की शिकायत के बाद आधिकारियों द्वारा कॉन्स्टेबल पति पर एफआईआर के आदेश दिए गये तो वहीं कॉन्स्टेबल पति घर से गायब हो गया है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सोहरामऊ मार्ग पर फतेहगंज के पास बाइक ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे के बाइक सवार मौके से भाग निकला। अमेठी जिले के थाना फुरसतगंज के मजीठा गांव निवासी कुल्ली पासवान (50) कोतवाली के गांव त्रिलोकपुर निवासी सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक रामकुमार के घर में करीब 14 साल से रह रहा था। उनकी जमीन बटाई पर लेकर खेती करता था। बुधवार रात करीब आठ बजे साइकिल से पुरवा सामान लेने आया था। वापस जाते समय सोहरामऊ मार्ग पर फतेहगंज गांव के पास पीछे से बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी थी। इससे कुल्ली सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के छोटे भाई छोटेलाल ने बताया कि कुल्ली की शादी हुई थी लेकिन पत्नी कई साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। उसके बाद से वह पुरवा में रह रहा था। यहां नहीं आता था। सात भाईयों में बड़ा था। इसमें पांच की अब तक मौत हो चुकी है। दो भाई ही बचे हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि खेतीबाड़ी देखता था।शव का पोस्टमार्ट कराया गया है।

# ओटीटी वेब सीरीज पर कब चलेगी सेंसर की कैंची

## मोबाइल और इंटरनेट की मदद से हर किशोर और युवा की उंगलियों पर है अश्लीलता और हिंसा का संसार

* विशेषज्ञों के अनुसार आज की पीढ़ी जब बड़ी तादाद में यह सब देख रही है तो इस सब का सीधा असर उनके मन मस्तिष्क पर पड़ रहा है
* यही कारण है कि स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी से लेकर क्लब, होटल और यहां तक की कार और टॉयलेट तक में यौन अपराध, रेप और हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं
* युवाओं के भले लिए 2024 लोकसभा चुनाव में इंटरनेट कंटेंट पर सेंसरशिप की आवाज उठाने की जरूरत है, जन एक्सप्रेस ऐसी सामाजिक पहल करता रहेगा

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा




**लखनऊ।** मोबाइल और लैपटॉप की स्क्रीन से चिपके किशोर और युवा घर-आस पड़ोस और समाज में क्या हो रहा है इससे पूरी तरह बेखबर हैं। यह लगभग हर घर, कॉलेज और हॉस्टल का सिलसिला है। पर क्या इस बात पर कोई ध्यान देता है कि यह किशोर और युवा आखिर अपने मोबाइल और लैपटॉप पर देख क्या रहे हैं। तमाम ओटीटी वेब सीरीज फिल्म के नाम पर उनके सामने वह नग्नता, अश्लीलता और हिंसा खुलेआम परोस रही हैं जिनके लिए उन्हें पहले चोरी छुपे पॉर्न साइट्स पर जाने की जरूरत पड़ती थी। विशेषज्ञों के अनुसार आज की पीढ़ी जब बड़ी तादाद में यह सब देख रही है तो इस सब का सीधा असर उनके मन मस्तिष्क पर पड़ रहा है। यही कारण है कि स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी से लेकर क्लब, होटल और यहां तक की कार और टॉयलेट तक में यौन अपराध, रेप और हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। एक अदद मोबाइल और इंटरनेट कनेक्शन ने तमाम ऐसी चीजों को बच्चों और युवाओं की उंगलियों पर लाकर रख दिया है जिन्हें फिल्मों में परोसने से पहले सेंसर की कैंची से गुजरना पड़ता है। सवाल उठता है की क्या इंटरनेट पर अश्लील और हिंसक सामग्री या ओटीटी वेब सीरीज के कंटेंट को किसी सेंसरशिप की जरूरत नहीं है। अमूमन ऐसी चर्चा कुछ प्रोफेसर्स, साइकोलॉजिस्ट, जर्नलिस्ट और कुछ सेमिनार तक सीमित रहती हैं। लेकिन अब युवाओं के भले लिए 2024 लोकसभा चुनाव में इंटरनेट कंटेंट पर सेंसरशिप की आवाज उठाने की जरूरत है। जन एक्सप्रेस ऐसी सामाजिक पहल करता रहेगा।

### सेल्फ स्टडी की प्रवृत्ति में गिरावट

युवाओं में सेल्फ स्टडी की प्रवृत्ति में गिरावट दिखी, क्योंकि अब मनोरंजन-रक्त रंजित हिंसा और इरोटिक कंटेंट में तलाशा जा रहा है। बाल साहित्य के प्रकाशन में कमी आना, युवाओं द्वारा अखबार न पढ़े जाने के पीछे भी वाहियात ओटीटी कंटेंट अपनी भूमिका निभा रहा है। ऐसा 87 फीसदी लोगों का मत है।

### ऐसे किया था शोध

347 पुरुषों व 184 महिलाओं को लेकर किये शोध में प्रतिभागियों से गत तीन महीनों के दौरान ब्लेंडेड मोड में प्रश्नवलियां भरवाई गईं, जिसमे 49 ऑफलाइन और 482 ऑनलाइन मोड में भरवाई गई। इसके बाद प्राप्त आंकड़ों के सांख्यिकी टेस्ट किए गए। फीडबैक देने वाले प्रतिभागियों में राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, केरल इत्यादि राज्यों के प्रतिभागी शामिल हुए।




### ऐप जिन पर सहज उपलब्ध है अश्लील कंटेंट

**प्राइमफ्लिक्स ऐप:** इसके मालिक सुशील देशपांडे हैं, जो करीब तीन दशक से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय है। उनको टीवी सीरियल शक्तिमान की एटिडिंग और द ग्रेट मराठा के डायरेक्शन के लिए जाना जाता है। कोरोना की पहली लहर के वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से ग्रोथ कर रहा था। उसी दौरान प्राइमफ्लिक्स ऐप को लॉन्चिंग किया गया, ताकि बेहतर कंटेंट से लोगों को मनोरंजन किया जा सके, लेकिन बहुत जल्द ये ऐप अपना रास्ता भटक गया। काम्या सूत्रा, खुजाते रहे, देसी रोमियो और कोकून जैसी वेब सीरीज इसपर चली हैं।

**कुकू ऐप:** कुकू ऐप एक वीडियो स्ट्रीमिंग ऐप है। इसको साल 2018 में लॉन्च किया गया था। इसे गूगल प्ले स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है, लेकिन वेब सीरीज और शॉर्ट फिल्म देखने के लिए 90 रुपए प्रति महीने या 198 रुपए का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लेना पड़ता है। अभी तक 10 लाख से अधिक लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड किया है। यहां पर हमारा प्यार चमत्कार, तृष्णा, आओ करें गुटरगू, बेबी सीटर, शी-मेल, ऑफिस स्कैंडल, कम्प्रोमाइज, वाइफ फॉर नाइट, मेरी बीवी की सुहागरात और मेरे प्यारे जीजाजी जैसी वेब सीरीज उपलब्ध हैं।

**किंडीबॉक्स:** ओटीटी प्लेटफॉर्म किंडीबॉक्स को साल 2018 में लॉन्च किया गया था। यह सब्सक्रिप्शन बेस्ड वीडियो-ऑन-डिमांड (वीओडी) सर्विस देती है। हालांकि, यहां रजिस्टर और लॉग इन करने के बाद यूजर्स को फ्री कंटेंट भी दिखाया जाता है, लेकिन उसमें विज्ञापन होते हैं। इस पर काया की माया, रेड लाइट, वासना, साधुभाई, वर्जनिटी सागा और इट हैपेन जैसे शोज दिखाई देते हैं।

### देश में एक वयस्क एक दिन में साढ़े तीन घंटे मोबाइल स्क्रीन या इंटरनेट पर बिता रहा

सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। 22.4 फीसदी व्यक्ति एडल्ट या इरोटिक फिल्में, 14.4 फीसदी व्यक्ति म्यूजिक वीडियो और लगभग 63.2 फीसदी व्यक्ति ऑनलाइन वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। अधिकांश दर्शक ओटीटी को एडल्ट फिल्म से संबधित कंटेंट का ही प्लेटफार्म मानते हैं। भारत में औसतन एक वयस्क एक दिन में साढ़े तीन घंटे मोबाइल स्क्रीन या इंटरनेट पर बिता रहा है। इस कारण वह इसका सदुपयोग करने के स्थान पर दुरूपयोग करते हुए अश्लील सामग्री का भण्डारण कर रहा है।

### मनोरंजन का हिस्सा बन रही सॉफ्ट पोर्न इंडस्ट्री

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ओटीटी के प्रति लगातार बढ़ते रुझान से पडने़ वाले असर को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव बिस्सा व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवीन शर्मा ने 500 से अधिक लोगों पर शोध कर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। शोध के आंकड़ें चौकाते हैं। इसमें जो तथ्य निकल कर आए हैं, वे सॉफ्ट पोर्न इंडस्ट्री के भी चुपके से मनोरंजन क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता बनाते दिख रहे हैं।

### कोरोना काल में ओटीटी प्लेटफार्म ने पैसारे पैर

कोरोना काल में जब दुनिया घरों के अंदर सिमटी बैठी थी, तो मनोरंजन की जिस विधा ने घरों के जरिये इस दुनिया में धमाकेदार एंट्री मारी, उसे हम आज ओटीटी प्लेटफार्म के तौर पर जानते हैं। अब आलम यह है कि ओटीटी के कंटेंट, प्रस्तुतिकरण, बेलौस अंदाज और कसे हुए निर्देशन ने बॉलीवुड जैसी इंडस्ट्री को भी झकझोर दिया है। प्रचलित तथ्य है कि हर नए आविष्कार के साथ कुछ दुश्वारियां और साथ में बुराइयां भी आती हैं। ओटीटी प्लेटफार्म के साथ भी ऐसा ही है, जहां कुछ अच्छी और मनोरंजक फिल्मों और सीरीज के साथ ही अपशब्दों, गालियों, हिंसा की भरमार जैसे कंटेंट ने समाज के लिए भी चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी है।

### ओटीटी कंटेंट को कब किया जाएगा सेंसर

नवम्बर 2021 में सरकार ने ओटीटी कंटेंट रेगुलेशन के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी कर देश में डिजिटल कंटेंट की निगरानी हेतु कानून या संस्था बनाना आवश्यक बताया। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजक, साहित्यिक और सूचनापरक सामग्री उपलब्ध है लेकिन उनकी विजिबिलिटी अपेक्षाकृत कम है। सर्वे में शामिल 88 फीसदी लोग मानते हैं कि जनमानस ने ओटीटी को हिंसा, महिला अत्याचार और अश्लीलता से ही जोड़ दिया है जबकि यह अर्धसत्य है। ओटीटी पर प्रसारित कई ज्ञानवर्धक वेबसीरीज ने दर्शकों का मन मोहा है। अतः आवश्यकता ओटीटी के कंटेंट को सेंसर किये जाने की है। 88 फीसदी प्रतिभागियों के अनुसार ओटीटी के कंटेंट को रेगुलेट करना बहुत जरूरी है।

### इंटरनेट से डाउनलोड होने वाला 40 फीसदी कंटेंट अश्लील

इंटरनेट से डाउनलोड होने वाला 40 फीसदी कंटेंट अश्लील है। लगभग 84 फीसदी लोगों का मानना है कि इसके कारण महिला सम्मान में भी कमी आई है। 89 फीसदी लोग ओटीटी कंटेट में अश्लीलता, घृणा, एडल्ट कंटेंट की वेब सीरीज, गाली गलौच और अपशब्दों की भरमार को अपराधों के बढने़ का एक कारक भी मानते हैं।

### टीनएजर्स और युवा वेब सीरीज की हिंसा-अश्लीलता को अपना रहे हैं, सेंसरशिप बहुत जरूरी: डॉ. पारूल प्रसाद



मनोचिकित्सक डॉक्टर पारुल प्रसाद के अनुसार यूथ और टीनएजर्स में टेंडेंसी रहती है सेलिब्रिटीज, हीरो-हीरोइन को कॉपी करने की। हीरो या हीरोइन अगर मूवी में गाली देते हैं या सिगरेट और शराब पीते हैं तो समाज के युवा और टीनएजर्स मान लेते हैं कि यह उनके समाज में स्वीकार्य है। वह भी ऐसा ही आचरण करने लगते हैं। इसी तरह अश्लील दृश्य, विवाहेत्तर संबंध, नग्नता को भी वह अपने समाज और अपने आचरण में स्वीकृति दे देते हैं। वेब सीरीज की कोई बाउंड्री तो होती नहीं है। अमेरिका या अन्य देशों का सामाजिक परिवेश अलग होता है। वहां की फिल्म, रहन-सहन, कपड़े वहां के हिसाब से होते हैं। जब वहां की वेब सीरीज देखकर हमारे समाज के युवा और किशोर उन्हें यहां अपनाना चाहते हैं या शुरू कर देते हैं तो सामाजिक विषमता आती है। इससे युवाओं की सोचने, समझने की शक्ति और उनके नजरिए पर असर पड़ता है। इन दिनों युवाओं में रात रात भर वेब सीरीज के तमाम एपिसोड एक साथ देखने की लत लग गई है। यह उनकी नींद को प्रभावित करता है। सुबह उठकर जब वह अपने ऑफिस या प्रोफेशन के लिए जाते हैं, तो इसका असर उनकी कार्य क्षमता पर पड़ता है। वेब सीरीज और इंटरनेट का एक दुष्प्रभाव यह भी है कि अपशब्द बोलना, गाली देना ट्रेंड हो गया है। महंगे नशे करते हुए अंग्रेजी में गाली देना स्टेटस सिंबल के तौर पर लिया जाने लगा है। इन वेब सीरीज के प्रभाव के चलते युवा और टीनएजर्स यौन अपराध वह अन्य हिंसा भी कर रहे हैं। इसलिए सरकार के स्तर पर सेंसरशिप की बहुत जरूरत है। घर पर माता-पिता या अन्य बड़ों को भी निगरानी रखनी होगी कि उनके बच्चे या छोटे भाई-बहन किस तरह का कंटेंट देख रहे हैं।

### कुछ प्रतिबंधित फिल्म जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं

**अनफीडम (2014)**

यह सबसे चर्चित प्रतिबंधित फिल्मों में से एक है। फिल्म में नायिका की समलैंगिकता का मुद्दा है। वह अपनी आजादी के लिए संघर्ष कर रही है। 2014 में बैन होने के बावजूद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर थी। मगर बाद में हटा ली गई। यूट्यूब पर यह अब भी मौजूद है।

**एंग्री इंडियन गॉडेसेस ( 2015)**

छह महिलाओं की इस कहानी को अपने दृश्यों और संवादों की वजह से सेंसर में कई कट्स का सामना करना पड़ा और फिर इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। लेकिन अब यह एपल टीवी पर देखने के लिए उपलब्ध है। फिल्म यूट्यूब पर भी उपलब्ध है।

**लिपस्टिक अंडर माई बुर्का ( 2016)**

लिपस्टिक अंडर माई बुर्का की भारी आलोचना हुई। यह फिल्म जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की चार महिलाओं के बारे में है और वे कैसे स्वतंत्रता और खुशी पाती हैं। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

# एक देश एक चुनाव: कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी

* पैनल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को 18,626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी
* एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। पैनल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को 18,626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट 2 सितंबर 2023 को पैनल के गठन के बाद से हितधारकों और एक्सपर्ट्स परामर्श और 191 दिन के रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। जिनमें से 32 ने पक्ष में और 15 विपक्ष में मत रखा है।



### कमेटी में 8 सदस्य, सितंबर 2023 में बनी थी

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुआई में 8 मेंबर की कमेटी पिछले साल 2 सितंबर को बनी थी। 23 सितंबर 2023 को पहली बैठक दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की पहली बैठक हुई थी। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं।

### अभी ऐसी है एक देश-एक चुनाव की संभावना

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

### पैनल के सुझाव...

- पहले एक साथ चुनावों के लिए, सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक खत्म होने वाले समय के लिए किया जा सकता है।
- हंग हाउस, नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### पहला चरण: 8 राज्य, वोटिंग जून 2024 में

- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम: इनका कार्यकाल जून 2024 में ही पूरा हो रहा है।
- हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली: इनके कार्यकाल में 5-8 महीने कटौती करनी होगी। फिर जून 2029 तक इन राज्यों में विधानसभाएं पूरे 5 साल चलेंगी।

### दूसरा चरण: 6 राज्य, वोटिंग: नवंबर 2025 में

- बिहार: मौजूदा कार्यकाल पूरा होगा। बाद का साढ़े तीन साल ही रहेगा।
- असम, केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल और पुद्दुचेरी: मौजूदा कार्यकाल 3 साल 7 महीने घटेगा। उसके बाद का कार्यकाल भी साढ़े 3 साल होगा।

### तीसरा चरण: 11 राज्य, वोटिंग: दिसंबर 2026 में

- उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर, पंजाब व उत्तराखंड: मौजूदा कार्यकाल 3 से 5 महीने घटेगा। उसके बाद सवा दो साल रहेगा।
- गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा: मौजूदा कार्यकाल 13 से 17 माह घटेगा। बाद का सवा दो साल रहेगा।

इन तीन चरणों के बाद देश की सभी विधानसभाओं का कार्यकाल जून 2029 में समाप्त होगा। सूत्रों के अनुसार, कोविंद कमेटी विधि आयोग से एक और प्रस्ताव मांगेगी, जिसमें स्थानीय निकायों के चुनावों को भी शामिल करने की बात कही जाएगी।



### भाजपा के सहयोगी दल समर्थन में, कांग्रेस-टीएमसी का विरोध

रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने एक साथ चुनाव के हक में राय जाहिर की है। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों- डीएमसी-एनसीपी और टीएमसी ने इसका विरोध किया है। बीजेडी और एआईएडीएमके इसके समर्थन में हैं। समिति पिछले साल सितंबर में बनी थी। रिपोर्ट में निर्वाचन आयोग, विधि आयोग और कानूनी विशेषज्ञों की राय भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक साथ चुनाव कराना जनहित में होगा। इससे आर्थिक विकास तेज होगा और महंगाई नियंत्रित होगी।

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन



भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

### रिपोर्ट पर आगे क्या होगा?

रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के बाद कैबिनेट के सामने रखी जाएगी। कैबिनेट के फैसले के अनुरूप कानून मंत्रालय संविधान में वह नए खंड जोड़ेगा, जिसकी सिफारिश विधि आयोग ने की है, ताकि चुनाव एक साथ हो सकें। इसे संसद के दोनों सदनों में पारित कराया जाएगा और राज्य विधानसभाओं से भी प्रस्ताव पारित करने की सिफारिश की जाएगी। इसके बाद तीन चरणों में 2029 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

# इंडिया गठबंधन सत्ता में नहीं आने वाला

## सीएए पर अमित शाह का विपक्ष को जवाब, बोले, इसे रद्द करना मुश्किल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



गृह मंत्री अमित शाह ने सिटिजन अमेंडमेंट एक्ट पर चल रही पॉलिटिक्स पर बात रखी। शाह ने सीएए का विरोध कर रही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर कहा कि उन्हें शरणार्थियों और घुसपैठियों के बीच अंतर नहीं पता। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में गृह मंत्री ने कहा, मैं ममता बनर्जी से अपील करता हूं कि राजनीति करने के लिए कई और मुद्दे भी हैं। कृपया बांग्लादेश से आने वाले बंगाली हिंदुओं का विरोध न करें। आप भी एक बंगाली हैं। ममता बनर्जी ने कहा था कि वो सीएए को लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने बंगाल के लोगों से भी अपील की कि सिटिजनशिप के लिए अप्लाय ना करें। ऐसा करने से वे अवैध प्रवासियों की लिस्ट में आ जाएंगे और उनके अधिकार छीन लिए जाएंगे।

### राजनीति कर रही ममता

शाह ने कहा, ममता बनर्जी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं और लोग उनका साथ नहीं देंगे। मैं ममता बनर्जी को चैलेंज करता हूं कि वे बताएं इस एक्ट का कौन सा नियम किसी की नागरिकता छीन रहा है। वो सिर्फ वोट बैंक के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच दूरी और डर बना रही हैं।

### सीएए पर कांग्रेस का पक्ष साफ करें राहुल

मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि वे पब्लिक प्लेटफॉर्म पर आएं और बताएं कि उन्हें और उनकी पार्टी को ष्ट से क्या परेशानी है। वे क्यों इसका विरोध कर रहे हैं। राजनीति में आपको अपने फैसलों के पीछे का कारण बताना पड़ता है। अगर ष्ट मेरी सरकार का फैसला है तो मुझे बताना होगा कि मेरी पार्टी का इस पर क्या स्टैंड है और ये देशहित में कैसे है। ऐसे ही आपको अपने विरोध का कारण बताना चाहिए।

### केजरीवाल रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते

आप लीडर और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि ये कानून शरणार्थियों को नागरिकता देगा। ये खतरनाक है। लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ेगा। लूट और चोरियां बढ़ेंगी। शाह ने इस पर कहा, केजरीवाल को यह नहीं पता कि ये लोग पहले ही हमारे देश में शरणार्थी हैं। ये भारत में रह रहे हैं। ये वो लोग हैं, जो 2014 से पहले से यहां रह रहे हैं और ऐसे ही लोगों को नागरिकता मिलेगी। और अगर केजरीवाल इतने ही परेशान हैं तो वो बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते हैं। रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते। क्या वो लोग हमारे रोजगार नहीं ले रहे हैं? केजरीवाल केवल जैन, बौद्ध और पारसी अल्पसंख्यकों की बात कर रहे हैं। विभाजन के बाद ये लोग लाखों की संपत्ति छोड़कर यहां आए हैं। हम उनकी समस्याएं क्यों नहीं सुनेंगे?

### नागरिकता का वादा कांग्रेस ने किया था

शाह ने कहा, जो लोग भारत आए हैं, उन्होंने देश के विभाजन का फैसला नहीं लिया था। ये कांग्रेस का फैसला था। कांग्रेस ने उन लोगों से नागरिकता का वादा किया था। अब वो अपने वादे से पीछे हट रही है।

### भारत में अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं

असदुद्दीन ओवैसी ने सीएए को एंटी मुस्लिम कहा है। इस पर गृह मंत्री ने कहा, यह भारतीय जनता पार्टी का कोई राजनीतिक खेल नहीं है। हमारे नेता मोदीजी और हमारी सरकार का दायित्व है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए लोगों को बराबर अधिकार दें। ऐसे लोग हमारे देश में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं। यह उन्हें उन अधिकारों को देने का मुद्दा है, जो उनकी तीन पीढ़ियों से छीन लिए गए। हाल में मैं 41 बार बोल चुका हूं कि भारत में अल्पसंख्यकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। ये कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनता है।

# 19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर सरकार ने लगाया बैन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीटी और कई वेबसाइट पर बड़ी कार्रवाई की है। सूचना एवं ब्रॉडकास्ट मंत्रालय ने 18 ओटीटी, 19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंड्ल को ब्लॉक किया है। इन सभी पर अश्लील कंटेंट परोसने का आरोप है। सरकार की ओर से इन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी लेकिन इनकी कानों में जूं तक नहीं रेंग रहे थे। जिन सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक किया गया है उनमें 12 फेसबुक के, 17 एक्स के, 16 इंस्टाग्राम और 12 यूट्यूब के अकाउंट शामिल हैं। इन अकाउंट पर आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और अशोभनीय प्रतिनिधित्व का उल्लंघन करने वाली सामग्री महिला अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिन एप्स पर कार्रवाई हुई है उनमें से 7 गूगल प्ले-स्टोर पर थे और 3 एपल के एप स्टोर पर थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)